


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, नियाज़िया तहज़ीबी संगम का यवनिका पात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 286, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 1 सितंबर 2024



कंगना रनौत ने लॉन्च किया इमरजेंसी का म्यूजिक एल्बम...13

आज का मौसम: 33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 51 | सूर्यास्त 06 :33







# महिलाओं पर अत्याचार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय : मोदी

## जिला न्यायपालिका के सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने कहा- त्वरित न्याय से बढ़ेगा सुरक्षा का भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि इससे महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी कोलकाता के एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या तथा महाराष्ट्र के ठाणे में दो किंडरगार्टन (केजी) की लड़कियों पर यौन हमले की पृष्ठभूमि में आई है। मोदी ने कहा कि न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और उच्चतम न्यायालय एवं न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की उपस्थिति में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा के ज्वलंत मुद्दे का जिक्र किया और कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों में कड़े प्रावधान किए जाने का जिक्र करते हुए 2019 में शुरू की गई त्वरित विशेष अदालत योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से फैसला सुनाया जाएगा, आधी आबादी को अपनी सुरक्षा के बारे में उतना ही अधिक भरोसा होगा। इसमें जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक वाली जिला निगरानी समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं के बीच समन्वय स्थापित करने में पैनल की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर इशारा करते हुए मोदी ने इन समितियों को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



प्रधानमंत्री मोदी को प्रतीक चिह्न देते सीजेआई चंद्रचूड़।

### न्याय के लिए सबसे पहले निचली अदालतों के दरवाजे पर दस्तक देता है आम आदमी

मोदी ने कहा देश का आम नागरिक न्याय के लिए सबसे पहले निचली अदालतों के दरवाजे पर दस्तक देता है। इसलिए, यह न्याय का पहला बिंदु है, यह पहला कदम है। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में न्याय को सुलभ बनाने के प्रयास किए गए हैं। भारत एक एकीकृत प्रौद्योगिकी मंच तैयार करने की ओर बढ़ रहा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन जैसी उभरती तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्के का भी अनावरण किया।

## केंद्रीय मंत्री से बदसलूकी आरोपी गिरफ्तार

**बेगूसराय (बिहार)।** बिहार के बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के साथ जनता दरबार में बदसलूकी करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सिंह के समर्थकों ने पीटा और फिर पुलिस को सौंप दिया।

## हरियाणा में चुनाव अब 5 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 5 अक्टूबर कर दी और कहा कि बिश्नोई समुदाय के सदियों पुराने त्योहार को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। आयोग ने कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 अक्टूबर के बजाय अब 8 अक्टूबर को होगी। एक साथ मतदान वाले विधानसभाओं के लिए मतगणना एक ही दिन कराने की निर्वाचन आयोग की परंपरा रही है, ताकि एक राज्य के चुनाव परिणाम दूसरे राज्य के रुझानों को प्रभावित नहीं कर सके। तारीख में बदलाव से पहले, जम्मू कश्मीर में तीसरे और अंतिम चरण के विधानसभा चुनावों के साथ ही हरियाणा में चुनाव कराये जाने थे। आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख पुनर्निर्धारित करने के लिए ऑल इंडिया बिश्नोई महासभा, बीकानेर (राजस्थान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष से एक अभिवेदन प्राप्त हुआ था।

- चुनाव आयोग ने बिश्नोई समुदाय के त्योहार को ध्यान में रखते हुए लिया निर्णय

## सिपाही भर्ती परीक्षा: 80 सॉल्वर गिरफ्तार 73 पर दर्ज हुई रिपोर्ट

- प्रदेश के सबसे बड़ी परीक्षा संपन्न 72% अभ्यर्थी हुए परीक्षा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा शनिवार को संपन्न हो गई। अब तक 80 सॉल्वर गिरफ्तार किए गए और 73 लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निष्पक्ष, धांधलीमुक्त परीक्षा कराने के लिए भर्ती बोर्ड और अधिकारियों को बधाई दी, अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार 60,244 पदों के लिए इस परीक्षा में 48,17,441 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिसके सापेक्ष 72 फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि दो-दो पालियों में पांच दिनों तक चली परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस तैनाती की गई थी। प्रदेश के इतिहास में यह पहली परीक्षा थी, जिसमें भर्ती बोर्ड ने आधुनिकतम तकनीकी का उपयोग किया था। मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी को व्यक्तिगत रूप से जुटना पड़ा। परीक्षा के संपन्न होने के बाद अभ्यर्थियों में उत्साह है वहीं प्रदेश में परीक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है।

### योगी ने सफल आयोजन के लिए दी बधाई

भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक करने पर मुख्यमंत्री योगी ने उम्मीदवारों और अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीदवारों के उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना की।

### फर्जी नाम से परीक्षा देते पकड़ा, रिपोर्ट

**पीलीभीत :** परीक्षा के आखिरी दिन राजकीय बालिका इंटर कालेज में फर्जी नाम से परीक्षा देने आया बिहार का एक युवक चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन पांडेय ने बताया कि आरोपी के आधार कार्ड में संदेह होने पर चेक किया गया तो पकड़ हो गई। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## लखनऊ-मेरठ रूट पर वंदे भारत को मोदी की हरी झंडी

### बरेली और मुरादाबाद में भी स्टॉपेज, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें से एक मेरठ से लखनऊ के बीच चलेगी। ट्रेन का बरेली और मुरादाबाद में भी स्टापेज होगा।

इसके अलावा दो ट्रेनें मदुरै-बेंगलुरु, चेन्नई-नागरकोइल के बीच चलेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आभार जताते हुए कहा कि इससे बेहतर कनेक्टिविटी के साथ ही पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होने के बाद योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के स्वप्नद्रष्टा मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में देश की आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक विकास-यात्रा सतत जारी है।



## धर्मेंद्र दिल्ली के नए मुख्य सचिव नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी धर्मेंद्र को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को जारी आदेश में कहा है कि अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को एक सितंबर से दिल्ली का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। धर्मेंद्र को 1987 बैच के आईएएस अधिकारी नरेश कुमार के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला यात्री से दुर्व्यवहार

- दुबई से लखनऊ आ रहे विमान में शराब पीकर यात्री का हंगामा

**लखनऊ।** दुबई से लखनऊ आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में शनिवार को महिला यात्री के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है। दुबई से फ्लाइट के उड़ान भरते ही सफर कर रहे एक यात्री ने शराब के नशे में हंगामा शुरू कर दिया।

उड़ान में ड्यूटी पर तैनात महिला यात्री के साथ दुर्व्यवहार कर गाली-गलौज करने लगा। हंगामा बढ़ने पर पायलट ने कराची में विमान को लैंड कराने की बात कही। जहां एटीसी एयरपोर्ट ट्रैफिक कंट्रोलर ने विमान को कराची में लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। पायलट विमान को लखनऊ में लैंडिंग करने को कहा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस की आई एक्स -194 शनिवार को दुबई से लखनऊ आ रही थी। विमान जैसे ही दुबई से लखनऊ के लिए उड़ान भरी पीछे बैठे एक यात्री ने हंगामा करना शुरू कर दिया। लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि अभी तक इस मामले में कहीं कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

## इंजन में गड़बड़ी मिलने पर विमान की आपात लैंडिंग

**कोलकाता।** यहां के हवाई अड्डे से शुक्रवार रात बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आ जाने के चलते इंडिगो की एक उड़ान को आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इंडिगो की उड़ान 6ई0573 कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रात 10 बजकर 36 मिनट पर बेंगलुरु के लिए रवाना हुई थी।






# सामुदायिक शौचालय बर्बाद... फिर खुला मैदान जिंदाबाद

## अमृत विचार की टीम ने की पड़ताल तो कहीं गंदगी की भरमार, कहीं लटका मिला ताला, ग्रामीणों की दिक्कत पर अफसरों को परवाह नहीं

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** ग्रामीण अंचलों में एक छत के नीचे सारी सुविधाएं देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर बनवाए गए पंचायत सचिवालयों का हाल तो पूर्व में ही अमृत विचार की टीम ने उजागर कर ही दिया था। इसकी जो हकीकत सामने आई, उसने जिम्मेदारों के दावे ही झूठे साबित कर दिए थे।

इसके इतर अब स्वच्छा मिशन के तहत करोड़ों खर्च कर बनाए गए सामुदायिक शौचालयों को भी अफसरों ने उनके हाल पर छोड़ दिया। हालत यह है कि कुछ साल पहले बने ज्यादातर शौचालय उपयोग करने लायक नहीं रह गए हैं। कहीं दिनभर ताला लटका रहता है तो कहीं शौचालय तक जाने का रास्ता नहीं छोड़ा है। कुछ में नियमित रुप से केयरटेकर शौचालय खोलती भी है तो पानी समेत अन्य दिक्कतों के चलते उनका उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। कई जगह गंदगी इतनी कि शौचालय देखकर ही हिम्मतत नहीं होती। जबकि जिम्मेदारों के अभिलेखों में शौचालय चमचमा रहे हैं। अमृत विचार की पड़ताल में शहर से सटी कुछ पंचायतों में हकीकत कुछ और ही सामने आई। इधर, सीडीओ केके सिंह का कहना है कि सामुदायिक शौचालयों में अगर कहीं कोई कमी है। उसको दिखवाया जाएगा। क्षतिग्रस्त हालत में जो सामुदायिक शौचालय हैं, उन्हें कार्ययोजना में शामिल कराकर सुधार कराया जाएगा।

### नावकूड़: शौचायल जाने वाले रास्ता ही कर दिया बंद



शहर से सटे ग्राम नावकूड़ को जाने वाले मुख्य मार्ग पर ही सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों की मानें तो अधिकतर यह बंद ही रहता है। वर्तमान स्थिति की बात करें तो सड़क से शौचालय को जाने वाला रास्ता क्षतिग्रसत पड़ा है। कुछ ईट पत्थर जरुर रख दिए गए हैं। अगर कोई जाए तो उसे पहले नाले पर छलांग लगानी होगी। ये स्थिति काफी लंबे समय से बताई जा रही है। इसे लेकर जब ग्राम प्रधान से जानकारी करनी चाही तो उनका कहना था कि एक नाला बन रहा है। उसकी वजह से सड़क काटी गई है, जिससे रास्ता बंद हो गया है। ये भी कह गए कि दरअसल प्रमुख जी का नाला बन रहा है ना।

### कुर्री: साख बचाते नजर आए जिम्मेदार



अमरिया ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुर्री के सामुदायिक शौचालय का हाल भी बेहाल मिला। लाखों की लगात से तैयार यहां पर भी ताला लगा हुआ था। आसपास की साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं कही जा सकती। बंद भवन को देखकर ही प्रतीत हो रहा था कि शायद ही इसका इस्तेमाल होता होगा या फिर पुरसाहाल है। जिम्मेदार इसे लेकर साख बचाते हुए नजर आए। फिलहाल व्यवस्था धरातल पर दावों से इतर ही प्रतीत हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि जब शौचालय बना था इसके कुछ समय तक ही इसका लाभ मिल सका। अब तो अक्सर बंद ही रहता है।

### कमियां उजागर होने पर जब दो अफसरों में ठनी

जिले की करीब 720 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाए थे। इसका उद्घाटन भी आनन-फानन में बड़े-बड़े दावों के साथ किया गया था। शासन स्तर पर भी उस वक्त खूब वाहवाही लूटी गई थी। करीब तीन साल पहले तत्कालीन डीपीआरओ सुबोध जोशी ने जनपद का कार्यभार ग्रहण किया और पहले से ओके बताए जा रहे सामुदायिक शौचालयों के निरीक्षण किए तो एक-एक कर परतें खुलना शुरू हो गई थी। जिससे एक वरिष्ठ प्रशासनिक अफसर से उनकी ठन भी गई थी। इसे लेकर दोनों अफसरों में खींचतान लंबी चली, जो चर्चा का विषय बनी गई थी।

### सैदपुर- बंद ही रहता है यह शौचालय



टनकपुर हाईवे पर शहर से कुछ ही दूरी पर स्थित सैदपुर ग्राम पंचायत में भी सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। ये पंचायत सचिवालय के ठीक सामने की तरफ बना हुआ है। इसका भवन तो चमचमा रहा है। मगर हकीकत बेहद बदहाल सी है। टीम के पहुंचने पर शौचालय बंद मिला। मौजूद कुछ ग्रामीणों से बात की गई तो उनका कहना था कि ये तो लंबे समय से बंद ही रहता है। कभी कभार खुलता भी है तो इसका प्रयोग नहीं हो पाता। इसे लेकर कारण पूछा गया तो ग्रामीणों ने बताया कि इस सामुदायिक शौचालय में पानी की दिक्कत रहती है। ऐसे में अगर जाया भी जाए तो बिना पानी कैसे इसतेमाल हो सकेगा। ये दिक्कत भी लंबे समय से बनी हुई है लेकिन जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया।

### बिलगवां: चारों तरफ गंदगी, गेट पर ताला



ग्राम पंचायत बिलगवां में गांव के दूसरे छोर पर तालाब की तरफ सामुदायकि शौचालय का निर्माण वर्ष 2020-21 में कराया गया है। कई जगह से प्लास्टर उखड़ता सा है। चारों तरफ झाड़ झंकाड़ उगी हुई है। जब टीम पहुंची तो शौचालय के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। दीवारों और छत पर रखा पानी का टैंक पर भी गंदगी जमा दिख रही थी। सामने से दीवार और गेट चमचमा रहा था। हकीकत को लेकर ग्रामीणों से बात की गई तो बताया गया कि केयर टेकर इसे खोलती तो हैं। मगर इसका प्रयोग ना के बराबर ही हो रहा है। फिलहाल लाखों की लागत लगाकर कराया गए निर्माण का लाभ मिलता प्रतीत नहीं हुआ। अधिकतर ग्रामीण भी इसे लेकर हामी भरते दिखे।

# पिटाई से महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत



ग्राम फिरसाह पस्तोर में गमगीन हालत में परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

- पीड़िता के पिता ने की शिकायत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार:** गर्भवती की उसके पति ने बेरहमी से पिटाई की। आरोप है कि मारपीट से गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पहुंचकर जानकारी की। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के फिरसाह पस्तोर गांव के सियाराम की पुत्री स्वाति देवी ने बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम कुदिन्ना के रहने वाले अमित कश्यप से हुई थी। आरोप है कि पांच दिन पहले उसका पति मारपीट करते हुए उसे मायके छोड़ गया था। शुक्रवार को उसका पति दोबारा से पीड़िता के मायके आया। उस वक्त माता-पिता घर पर नहीं थे। आरोपी पति विदा कराकर घर ले जाने की जिद करने लगा। गर्भवती पीड़िता ने प्रसव का समय पूरा होने की वजह से पति और सास के संग बाइक पर ससुराल जाने से मना कर दिया। आरोप है कि उसके इन्कार करने पर पति ने स्वाति की पिटाई कर दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पीड़िता के परिजन आनन फानन में ईटगांव स्थित पीएचसी ले गए, जहां पर बच्चे का जन्म मृत अवस्था में हुआ। पीड़िता के पिता सियाराम ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसमें पति की पिटाई से बच्चे की मौत होने का आरोप लगाया।

## एक नजर

### दबा के धोखे खाया जहरीला पदार्थ

**बीसलपुर :** ग्राम रामशाला की रहने वाली राम बेटी को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजनों के मुताबिक उसकी दवा कमरे में अलमारी में रखी हुई थी। रामबेटी ने दवा के धोखे में वहां रखी कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद अचानक से उसकी तबीयत खराब होने लगी। पता चलने पर परिवार वाले आनन-फानन में उसके बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। महिला का इलाज किया जा रहा है।

### पुरानी रंजिश में ग्रामीण को लाठी-डंडों से पीटा

**बीसलपुर :** पुरानी रंजिश में एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। ग्राम किसनी परेवा के विशाल पुत्र रामकिशोर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह घर पर अकेले थे। पुरानी रंजिश को लेकर गांव के शेखर व शांति स्वरूप लाठी डंडे व बांका लेकर उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। सिर पर बांके से वार कर लहूलुहान कर दिया। आसपास के लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### महिला पर किया धारदार हथियार से हमला

**घुंघचिहाई :** पुरानी रंजिश को लेकर महिला से गाली गलौज के बाद मारपीट की गई। धारदार हथियार से वार करके घायल कर दिया। ग्राम सिकराहना की गुड़िया देवी पत्नी सुभाष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 अगस्त की दोपहर वह घर के बाहर खड़ी थी। इस बीच पड़ोस के मुकेश और अर्जुन वीरता ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला करके पीटा। धारदार हथियार से प्रहार कर जख्मी कर दिया। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि महिला का मेडिकल कराकर जांच की जा रही है।

# बैकफुट पर ठेकेदार, सबके सामने बीडीओ से माफी मांगी

संवाददाता, पूरनपुर

- मनरेगा का भुगतान को लेकर शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय परिसर में की थी अभद्रता

**अमृत विचार:** शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)शिरीष कुमार कार्यालय में मौजूद थे। इस दौरान एक ठेकेदार ने मनरेगा भुगतान पहले कराने को लेकर बीडीओ से अभद्रता की और धमकाया। इस दौरान कई सचिव और कर्मचारी पहुंच गए थे। बीडीओ के साथ की गई अभद्रता से कर्मचारियों में रोष पनप गया था।

बीडीओ ने मामले की शिकायत डीएम और सीडीओ से करते हुए कार्रवाई की मांग की। उसके बाद समझौते के प्रयास शुरू हुए। इधर, शनिवार को सिरसा चौराहे पर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट में विधायक की मौजूदगी में ठेकेदार और बीडीओ के बीच हुए विवाद को लेकर बैठक हुई। इसमें ठेकेदार ने बीडीओ के सामने अपने कृत्य पर गलती स्वीकार की। इस दौरान ब्लाक के कर्मचारियों के अलावा कई ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। विधायक के सामने ठेकेदार ने भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने की बात कही। इसके बाद दोनों पक्षों समझौता हो गया। बीडीओ शिरीष वर्मा ने बताया कि विधायक मौजूदगी में ठेकेदार ने माफी मांगी हैं। अब विवाद निपट गया है।

# डीएम ने गोशाला और जिला जेल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गोशाला के निरीक्षण के दौरान अभिलेख देखते डीएम। ● अमृत विचार

- गोशालाओं में सफाई व्यवस्था और टिनशेड निर्माण के निर्देश
- जिला जेल में निरीक्षण कर बंदियों से सुविधाओं की ली जानकारी

**अमृत विचार:** डीएम संजय कुमार सिंह ने शनिवार को बरखेड़ा ब्लाक क्षेत्र की केशौपुर एवं रामनगर जगतपुर गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा समेत सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

केशौपुर गोशाला में 75 एवं रामनगर जगतपुर गोशाला में 67 निराश्रित गोवंश होने की जानकारी पर गोंवंशों की नियमित देखरेख के साथ पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कैशोपुर गोशाला के निरीक्षण के दौरान टिन शेड का निर्माण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सहभागिता योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को गाय दान की जाए। गंदगी मिलने पर उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सक, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान समेत गोशालाओं के कर्मचारी मौजूद रहे।

### बंदियों की समस्याओं के जल्द निस्तारण के निर्देश



डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरकों का निरीक्षण करने के साथ भोजनालय एवं अस्पताल का भी निरीक्षण किया। पुरूष बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने अस्पताल में डाक्टरों से भर्ती बंदियों के बारे जानकारी ली गई। निदेश दिए कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जेल अधीक्षक को मानक के अनुरूप बंदियों को सभी सुविधायें उपलब्ध कराने एवं सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, जेलर समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता



बैठक करते जिलाधिकारी व अन्य अफसर। ● अमृत विचार

- गांधी सभागार में संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव की संख्या कम पाए जाने पर नाराजगी प्रकट की।

जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एफआरयू , मातृ मृत्यु आदि योजना सहित सभी योजनाओं का समय से पात्रों को लाभ दिए जाने और ब्लाक बिलसंडा एवं पूरनपुर को योजनाओं की प्रगति बढाने, एमओआईसी पूरनपुर, बीसलपुर एवं मरौरी को संस्थागत प्रसवों को बढ़ाने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत एमओआईसी ब्लाक बीसलपुर एवं जिला महिला चिकित्सालय को भुगतान बढ़ाने को निर्देशित किया गया। कम प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। समीक्षा बैठक में डीएम ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि कुछ स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं की प्रगति निराशाजनक है। सीएमओ और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलनी चाहिए। स्वास्थ्य केंद्रों में साफ सफाई, दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी का प्रतिशत, आशाओं के लंबित भुगतान समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। कहा कि काम में गुणात्मक सुधार लाएं अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीडीओ केके सिंह, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्गों के लिए राज्यमंत्री ने लिखा पत्र

संवाददाता, मझोला

- जनता से मिली शिकायतों का संजय गंगवार ने लिया संज्ञान

**अमृत विचार:** बीते दिनों आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के प्रकरण को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गंभीरता से लिया है। उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने इस संबंध में राज्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग राजेश चौधरी को पत्र लिखा है।

जिसमें कहा गया है कि मझोला-सितारगंज मार्ग पर परवीन नदी पर बने सेतु पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। चूंकि ये मुख्य मार्ग है और इसी पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्थापित औद्योगिक संस्थान भरा पचपेड़ा है। जिसमें स्थापित हो रही खमीर फैक्ट्री के निर्माण के लिए बड़े बड़े ट्रालों का आवागमन भी इसी मार्ग से हो रहा है। इस कारण मार्ग पर बड़े भारी और अन्य हर प्रकार के वाहनों का आवागमन है। क्षतिग्रस्त सेतु और उसके आस पास के मार्ग के समीप किसी भी बड़ी दुर्घटना कारित होने की संभावना है। दूरभाष पर भी इसे लेकर वार्ता की गई। अधिशासी अभियंता ने यह कार्य तत्काल शुरू कराने की बात कही। इसके अलावा अमरिया सितारगंज मार्ग पर बढेपुरा के पास क्षतिग्रस्त लोहिया पुल ठीक कराने को निर्देशित किया अधिशासी अभियंता ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के कार्यक्षेत्र से ये बाहर का मामला है। इसके अलावा भी बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए अन्य मार्गों के सुधार को लिखा गया है। पत्र की प्रतिलिपि जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।







# पांचवें दिन धरना स्थगित, फिर बनेगी आंदोलन की रणनीति

संवाददाता, पूरनपुर



गांव खिरकिया बरगदिया में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

- भाकियू और दो गावों के ग्रामीणों ने धरने में दिया समर्थन

**अमृत विचार:** खिरकिया बरगदिया में चल रहा धरना स्थगित कर दिया गया। दूसरे गांव के लोगों के साथ ही भाकियू ने भी अपना समर्थन दिया है। मांगे पूरी न होने पर ग्रामीण बैठक कर फिर आंदोलन करने की रणनीति तैयार करेंगे। तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया बरगदिया में ग्रामीण तटबंध बनाने, ग्रामीणों को दूसरे गांव में बसाने और जमीन का सर्वे कराने की मांग कर रहे हैं। मांगे पूरी न होने पर किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण धरने पर बैठ गए। यह धरना 27 अगस्त से शुरु हुआ था।

शनिवार को पांचवे दिन धरने में छह नंबर कालोनी और राहुल नगर के ग्रामीण भी शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला प्रभारी दिनेश कुमार और कपिल यादव कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। उन्होंने धरने में की जा रही मांगे जायज बताते हुए समर्थन दिया। धरने को स्थगित करने की घोषणा की गई। निर्णय लिया गया कि मांगे पूरी न होने पर दो सितबंर को समिति बैठक कर आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। इस दौरान तंबू नहीं हटाया जाएगा। विवेक सिंह, लल्लन प्रसाद, राम बहादुर, भूपराम,, माखन लाल, ख्यालीराम, अलाउद्धीन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



मंडी समिति में धरना प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना जारी

**बीसलपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंडी समिति परिसर में नौ सूत्रीय मांगों को लेकर दूसरे दिन शनिवार को भी धरना जारी रखा। किसान नेता सियाराम गंगवार ने कहा कि बजाज शुगर मिल बरखेड़ा, मकसूदापुर ने किसानों का गन्ना लेने के बाद पूरे वर्ष का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया है। जिस कारण किसान की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। लोगों से उधार धनराशि लेने की स्थिति में किसान का मन गन्ने की फसल से हटता जा रहा है। चेतावनी दी कि भुगतान न करने पर परिणाम आगे चलकर अच्छे नहीं होंगे। सड़कों पर घूम रहे गोवंश की समस्या भी उठाईं। कहा कि गोवंश जिस किसान के भी खेत में रात्रि में घुस जाते हैं सुबह तक उसका खेत चौपट कर देते हैं। सरकार को इन गोवंश को शीघ्र गोशालाएं बनवाकर उनमें भिजवाना चाहिए। तहसील में आपरेटर व लेखपाल की लापरवाही के चलते खतौनियों में किसानों के नाम व हिस्से गलत चढ़ गए हैं। इनको तहसील स्तर पर काउंटर बनाकर संशोधन किया जाए। धरने देने वालों में किसान नेता प्रेम सागर पटेल, रामपाल, सियाराम, अंग्रेज सिंह ,हरि ओम, सुखदेव सिंह ,सुनील कुमार, शेखर वर्मा, गंगा प्रकाश ,धर्मेंद्र कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# मीडियाकर्मी को धमकाने के मामले में सीओ करेंगे जांच

**बिलसंडा, अमृत विचार:** मीडियाकर्मी को धमकाने के मामले में आरोपी सभासद और उसके भाई का पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था। इस मामले में एसपी ने सीओ बीसलपुर को जांच दी है।

बता दें कि कस्बे के मीडियाकर्मी सरताज सिद्दीकी ने एसपी से शिकायत की थी। जिसमें सभासद मो. सलीम पर अवैध खनन करने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि आरोपी उनकी हत्या करा सकता है। बीते दिनों मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़े जाने के बाद से ही वह उनसे रंजिश मान रहा है। पुलिस ने मामले में सभासद और उसके भाई को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया था। इधर, एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीओ बीसलपुर को जांच दी है।



# पत्नी की हत्या कर शव छिपाने वाले पति को उम्रकैद

## अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डुंगराकोटी ने 25 हजार का जुर्माना भी डाला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पत्नी की हत्यारोपी पति को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डुंगराकोटी ने उम्रकैद और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रकरण में पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता नंदन बाबू गंगवार ने की।

मामला बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा तुर्राह का है। धर्मेंद्र कुमार (प्रधान पति) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह ग्राम परेवा तुर्राह के निवासी है। उसकी पत्नी ग्राम प्रधान है। गांव का विमल कुमार (अभियुक्त) सालभर पहले एक महिला को लेकर आया था। उक्त महिला नैना उसकी पत्नी के रूप में रहती थी। नौ जनवरी 2022 को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु हुई थी। विमल कुमार ने गांव में किसी को जानकारी दिए बिना शाम को अंधेरे में किसी अज्ञात स्थान पर उसको दफना दिया है। अनहोनी का अंदेशा जताया था। ऐसे में विमल कुमार की पत्नी (मृतका) के शव को तलाश कर गड्ढे से निकालकर मृत्यु का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराना आवश्यक है।

पुलिस ने 10 जनवरी 2022 को एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की। मृतका का शव बरामद किया गया और पोस्टमार्टम कराया। विवेचना के बाद आरोपी विमल कुमार के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध 26 अप्रैल 2022 को आरोप विरचित किए। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डुंगराकोटी की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी पति विमल कुमार को उसकी पत्नी नैना की हत्या कर साक्ष्य मिटाने का दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

### आठ गवाहों ने दिए बयान

मृतका नैना का शव आरोपी विमल कुमार के खेत में झाड़ियों से बरामद हुआ था। आरोपी विमल कुमार की मां ने भी घटना के एक दिन बाद आरोपी को नैना को कंधे पर लाद कर ले जाते देखा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नैना की गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आठ गवाह न्यायालय में पेश किए गए। इसके अलावा पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत कई साक्ष्य हत्या से जुडे.मिले।

## युवती से छेड़खानी करने और अपहरण के आरोपी को सजा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम गौनेरीदान के अभिषेक गंगवार को युवती का अपहरण करने की कोशिश और छेड़छाड़ के आरोप में पांच वर्ष कैद और 12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पीलीभीत शहर की एक युवती ने बताया था वह अपनी छोटी बहन के साथ सुनगढ़ी क्षेत्र में रोजाना तीन बजे स्कूटी से जाती थी। 13 जून 2017 को जिम के बाहर पहुंचते ही आरोपी ने अपहरण की कोशिश की। जिम के बाहर लगे सीसीटीवी में घटना कैद हो गई। घटना से करीब एक वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से आरोपी से युवती की जान पहचान हुई थी। थोड़े दिन बाद अभिषेक का चरित्र सामने आने पर मित्रता समाप्त कर ली। इससे क्षुब्ध आरोपी ने घटना को अंजाम दे डाला था।

# जितिन बोले- पीलीभीत को बनाएंगे मॉडल जिला



जितिन प्रसाद को फूलमाला देकर स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- बरखेड़ा के दस ग्राम पंचायतों में केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया दौरा

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचारः** बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दस गांवों का दौरा किया। इस दौरान पीलीभीत को मॉडल जिला बनाने की बात कही। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने चुनाव में अपना वायदा पूरा किया है। अब उन्हें अपना वायदा पूरा करना है। जनता के हर सुख दुख में सदैव उनके साथ खड़े हैं। कहा कि वह पीलीभीत को एक माडल जिले की पहचान दिलाएंगे। पिपरैया, दियोहना, उदरहा, बढ़ेपुरा ताल्लुके कुसुमा, नौआ नगला, रामनगर जगतपुर, मूढ़ा सेमनगर उर्फ पड़री, बड़ी अज्ञारी, मूसेपुरकलां, मूसेपुर खुर्द आदि गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया। दियोहना में जनसभा के दौरान किसान नेता देवस्वरूप पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला मंत्री आयुष मिश्रा, कुंवर महीप सिंह चंदेल, कमलेश गंगवार, छत्रपाल, प्यारे लाल गंगवार, रामकृष्ण, ताराचंद, रामबल्लभ मिश्रा, लालाराम, गुरुदेव, सुखलाल पासवान आदि मौजूद रहे।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पूरनपुर, अमृत विचारः** खाली मकान में एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला। कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द का रहने वाला सौरभ उर्फ कल्लू मजदूरी करता था। शुक्रवार रात वह गांव में मेला देखने गया था। दूसरे दिन शनिवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए। उन्होंने तलाश शुरू कर दी। शनिवार सुबह सौरभ के पिता रामलखन पशुओं को चारा डाल रहे थे। अचानक उनकी नजर पड़ोस में खाली पड़े मकान में रस्सी से बने फंदे से लटक रहे सौरभ के शव पर पड़ी। कुछ ही देर में सूचना पाकर कोतवाली पुलिस पहुंच ने गांव पहुंचकर जानकारी की। पिता रामलखन ने बेटे की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। इंस्पेक्टर क्राइम गजेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने में स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकोष्ठ की नई कार्यसमिति का गठन

**पूरनपुर, अमृत विचार :** ब्लाक संसाधन केंद्र में शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक कार्यकारिणी और संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक प्रकोष्ठ की 11 सदस्यीय कार्यसमिति का गठन हुआ। इसमें कार्यसमिति के ब्लाक अध्यक्ष ओमशर्मा, ब्लाक उपाध्यक्ष प्रेमशंकर भारती, राममूर्ति लाल मौर्य, मेवाराम, नईम आरा एवं ब्लाक मंत्री बादशाह वर्मा और रामदीन संयुक्त मंत्री मनोनीत किए गए। इस मौके पर नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष ओम शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का संगठन प्राथमिकता से हल कराएगा। सूर्यप्रकाश गंगवार, देवेश कुमार, संतोष कुमार पासवान, रावेन्द्र प्रसाद, मो. हसन खां, एआरपी ताहिर खां, इसहाक अहमद, अर्जुनसिंह गंगवार, पूरनलाल, जयप्रकाश गंगवार, दुजाराम भारती आदि मौजूद रहे।

## श्मशान घाट के पास मिला युवक का शव

**पूरनपुर :** गांव घुंघचाई के रहने वाले रामकुमार पुत्र कल्लू खेती करते थे। शुक्रवार दोपहर रामकुमार का शव गांव के बाहर श्मशान घाट के पास पड़ा मिला। शव के पास में ही बाइक थी। जानकारी लगते ही काफी संख्या में लोग पहुंच गए। परिजन भी आ गए और शव ले गए।

## खंजनपुर के युवक को ले गई दिल्ली पुलिस

**पूरनपुर, अमृत विचार :** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव खंजनपुर का रहने वाला युवक दिल्ली के एक अस्पताल में संचालित मैस में काम करता था। इस दौरान युवक का अस्पताल की नर्स से प्रेम प्रसंग शुरु हो गया। नर्स पहले से ही दो बच्चों की मां है। युवक ने शादी का झांसा देकर महिला से अवैध सबंध बना लिए। उसके गर्भवती होने पर युवक कुछ दिन पहले घर लौट आया। उसकी शादी एक युवती से तय हो गई। जानकारी पर नर्स ने युवक को बुलाने का प्रयास किया लेकिन वह अपने वादे से मुकर गया। इस पर महिला ने दिल्ली पुलिस से मामले की शिकायत की। शुक्रवार को दिल्ली पुलिस सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव खंजनपुर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। स्थानीय पुलिस अनभिज्ञता जताती रही।

## सार-संक्षेप

### एक्सईएन के खिलाफ डिप्लोमा इंजीनियर्स ने खोला मोर्चा



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के समस्त जेई शनिवार सुबह 10 बजे अपने धरने पर बैठ गए। उन्होंने अधिशासी अभियंता पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि वह डिप्लोमा इंजीनियर्स की एक भी बात सुनने को तैयार नहीं है। उनकी अपनी मनमानी के चलते मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार को बीसलपुर से प्रखंड में संबद्ध कर दिया है। जबकि प्रखंड में पहले से ही डिप्लोमा इंजीनियर्स की कमी है। इस बात को कई बार मीटिंग में कहा गया लेकिन अधिशासी अभियंता सुनने को तैयार नहीं है। जनपद अध्यक्ष इं. अमर सिंह, मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार, डीपी सिंह, विशाल सक्सेना, दुर्गेश कुमार, जगदीश, सुशील कुमार, मूलचंद्र, आलोक आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा में सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाया



**संवाददता, पीलीभीत :** अशोक कॉलोनी स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही रामकथा के तीसरे दिन भी भक्त उमड़े। वृंदावन से आए कथाव्यास गौरव कृष्ण ने कथा सुनाई। तीसरे दिन प्रभु श्रीराम के नामकरण, महर्षि विशवामित्र के आगमन, श्रीराम चंद्र जी को यज्ञ की रक्षा के लिए अपने साथ ले जाने, तड़का वध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंवर की सूचना प्राप्त होने व जनकपुरी आगमन की कथा सुनाई गई। भक्तों ने भजन भी गाए। मुख्य यजमान श्रीराधा कृष्ण भगवान रहे। इस मौके पर तोताराम गंगवार, ओमप्रकाश वर्मा, शशिकांत कटियार, शिखा, विष्णु कांत तिवारी, सुनीता, विकास देव, सुलोचना, , अभिमन्यु गंगवार, ट्विंकल, रचना, सुनीता, कमलेश शर्मा, प्रमोद भोजवाल, द्वारिका प्रसाद, प्रेम प्रकाश, विनय बाला, श्रवण जैसवार, तोताराम, लोकशंकर, रमेश लोधी, विनय वाला, दिलीप विश्वास, जीवन ज्योति भसीन, ममता देवी, शिवानी गंगवार, विमला देवी, पुष्पा गंगवार, अभिषेक सिंह गोल्डी, रमेश लोधी, दुर्गा प्रसाद गंगवार, अभिषेक गंगवार, श्रीराम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### बेहतरीन कुश्ती के लिए पहलवान पुरस्कृत



**गजरौला :** जन्माष्टमी के अवसर पर सिरसा सरदाह में आयोजित तीन दिवसीय दंगल मेला शनिवार को संपन्न हुआ। अंतिम दिन हरियाणा दिल्ली उत्तराखंड समेत कई राज्यों के पहलवानों ने दमखम दिखाया। विजेता और उपविजेता पहलवानों को मेला कमेटी ने पुरस्कृत किया। बुधवार को मेले की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष के पति भाजपा नेता गुरुभाग सिंह ने कराई थी। दंगल में दूर –दराज से आए पहलवानो ने अपने दांव पेच दिखाए। आधे घंटे की कुश्ती प्रतियोगिता में दिल्ली के भूरा पहलवान ने हरियाणा के मनसा पहलवान को हराया। मैलानी के रोहित पहलवान हरिद्वार के राजा से हार गए। वहीं दिल्ली और पीलीभीत का मुकाबला बराबर रहा। निजामडांडी के बजरंगी ने उधमपुर के बाबू को हराया। विजेता पहलवानों को मेला कमेटी की ओर से सम्मान धनराशि दी गई। उपविजेता पहलवानों को भी सम्मानित किया गया। वहीं, मेला में रासलीला श्रीकृष्ण के जन्म का जीवंत मंचन किया गया। मनमोहक झांकी देख दर्शक भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर ग्राम प्रधान बेलामती, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार, इंछाराम मौर्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुमार, विद्याराम, राकेश सक्सेना, अर्जुन कुमार मोदी, मनोज सक्सेना, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
छाती एवं श्वांस रोग विभाग
डॉ. पारस वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (NTRD, New Delhi)
छाती, श्वांस, एलर्जी, निद्रा रोग एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
ओ.पी.डी. समय
प्रातः 10 से 4 बजे तक
सायं 6 से 8 बजे तक
- लंबे समय से खांसी एवं सांस फूलना
- सीने में दर्द, छाती में जकड़न
- एलर्जी, दमा एवं सी.ओ.पी.डी.
- टी.बी., बलगम के साथ खून आना
- पुराने टी.बी. से खराब फेफड़ों के रोग
- फेफड़ों में पानी भरना
- फेफड़ों का कैंसर, फेफड़ों में गांठ होना
- आई.एल.डी. फेफड़ों का फाइब्रोसिस
- खर्राटे आना, स्लीप एपनिया, सोते समय सांस फूलना
- ब्रोंकोस्कोपी, थौरेकोस्कोपी
- क्रिटिकल केयर
क्रिटिकल केयर सिरियस मरीजों का ईलाज
24 घण्टे इमरजेंसी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी. मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रुप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाद बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हेल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधाएं
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
वी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
ओ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 1 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

### छह परीक्षा केंद्रों पर 4992 के सापेक्ष 2056 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, डीएम-एसपी ने लिया केंद्रों का जायजा

# आखिरी दिन 2936 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस-भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा संपन्न कराई गई। छह परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में 2056 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दो पालियों में 2936 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

इस दौरान डीएम-एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। शनिवार को शहर के छह परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा के तहत प्रत्येक पाली में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 480, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में 480, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 384, एसएन इंटर कॉलेज में 384, रामा इंटर कॉलेज में 384, उपाधि महाविद्यालय में 384 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसके सापेक्ष सुबह 10 बजे से 12 बजे तक पहली पाली में 2496 के सापेक्ष 1030 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

जबकि 1466 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में तीन बजे से शाम पांच बजे परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें 2496 के सापेक्ष 1026 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। वहीं 1470 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में 4992 के सापेक्ष 2936 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों के गेट पर सघन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।



परीक्षा केंद्र के बाहर इंतजार करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### उपाधि कॉलेज रोड पर अभ्यर्थियों की रही चहल पहल

शहर के उपाधि कॉलेज रोड पर तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए है। शनिवार को परीक्षा के चलते उपाधि महाविद्यालय रोड पर अभ्यर्थियों की खासी चहलपहल रही। सुरक्षा के लिहाज से इस मार्ग पर खासी तादाद में पुलिस फोर्स मोजूद रही। परीक्षा छूटने के बाद मार्ग पर जाम की भी स्थिति बनी, लेकिन ट्रेफिक पुलिस की मौजूदगी के चलते जाम नहीं लग सका।



परीक्षा केंद्र पर महिला अभ्यर्थियों की लगी लंबी कतार। ● अमृत विचार



परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## पुलिस ने पकड़ा तो नाम और जन्मतिथि में भी निकला अंतर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- परीक्षा के अंतिम दिन गोलमाल का पता चलने पर मचा हड़कंप
- केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर युवक के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के सख्त इंतजाम किए गए। कई दिन तक चली परीक्षा ठीक ठाक रही। मगर अंतिम दिन बिहार से परीक्षा देने आए एक युवक के फर्जी नाम और आधार कार्ड में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद भले कार्रवाई हो गई हो, लेकिन मामला सवाल उठा गया।

पुलिस भर्ती परीक्षा में सख्त इंतजाम अंतिम दिन किए गए थे। शहर के राजकीय बालिका इंटर कालेज में दूसरी पाली की परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी केंद्र में प्रवेश कर रहे थे। नियमानुसार केवाईसी चेकिंग करने की चेकिंग की जा रही गई। जिसमे पता लगा कि बिहार के जनपद रोहतास के थाना चिनारी के ग्राम उगहनी के आर्मी मैन पुत्र अमेरिका प्रसाद नाम का अभ्यर्थी पकड़ा गया। प्रवेश पत्र में जन्मतिथि 20 मई 2003 थी। जबकि केवाईसी जांच में इसका नाम विष्णु कुमार राय पुत्र अमेरिका प्रसाद निकला। जन्मतिथि भी 27 मार्च 1997 निकली। हालांकि पता एक ही था। जा। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। धोखाधड़ी समेत अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज कर के र्रवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी ने आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा किया था।


रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
BAREILLY
Excellence towards profession
पताः सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG
कायचिकित्सा विभाग
शल्यतंत्र विभाग
पंचकर्म विभाग
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग
शालाक्य तंत्र विभाग
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग


# दुस्साहसः शिकारियों ने जंगल में घुसकर की फायरिंग, वनरक्षक की बंदूक छीनकर भागे

### दो चीतलों के शव बरामद, रात भर चली संयुक्त कॉबिंग के बाद भी नहीं लगा शिकारियों का सुराग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डिप्टी डायरेक्टर और एसपी ने मौके पर पहुंचकर ली वन कर्मियों से ली घटना की जानकारी
- दो बाइकों पर सवार होकर पहुंचे थे शिकारी, शुक्रवार रात पीटीआर की माला रेंज में हुई घटना

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में रात के वक्त घुसे बाइक सवार शिकारियों की फायरिंग से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही रेंज कार्यालय की टीम मौके पर पहुंच गई। रात भर चली कॉबिंग के बाद शिकारियों का सुराग नहीं लग सका। शनिवार सुबह कॉबिंग के दौरान ही एक शिकारी ने वन रक्षक की बंदूक छीन ली। वहीं दो चीतलों के शव भी बरामद हुए। सूचना मिलने पर पुलिस एवं एसओजी टीम की मदद से वन कर्मियों ने शिकारियों की तलाश की। मगर, तीन घंटे की खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं लग सका। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर और एसपी ने भी मौके मुआयना किया।

घटना पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में शुक्रवार रात हुई। रात करीब साढ़े दस बजे दो बाइकों पर सवार होकर पांच शिकारी पहुंचे। बताते हैं कि तीन शिकारी जंगल के अंदर चले गए जबकि दो शिकारी बाइकों के आसपास खड़े रहे। कुछ ही देर बाद जंगल के अंदर फायरिंग की आवाज सुनाई दी। कुछ ही दूरी बने बने एक वॉच टावर पर तैनात वनकर्मी ने जब फायरिंग की आवाज सुनी तो तत्काल इसकी सूचना रेंज कार्यालय को दी। कुछ ही देर बाद रेंज की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम को आता देख पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग के किनारे खड़े शिकारी दोनों बाइकों को लेकर भाग निकले।

बताते हैं कि दो शिकारी जंगल में ही छिप गए। सूचना मिलते ही अन्य वन अफसर भी मौके पर पहुंच गए। उच्चाधिकारियों को भी घटना की जानकारी देने के साथ वन कर्मियों की टीम ने घटनास्थल समेत आसपास जंगल क्षेत्र में कॉबिंग शुरू की। देर रात तक चली कॉबिंग के दौरान शिकारियों को कोई सुराग नहीं लग सका।

इधर, शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एक बार फिर वन कर्मियों की टीम ने जंगल में शिकारियों की खोजबीन को अभियान चलाया। इसमें शामिल करीब 15 वन कर्मियों ने अलग-अलग कॉबिंग शुरू की। बताते हैं कि कॉबिंग के दौरान ही पेड़ पर छिपे बैठे एक शिकारी ने वॉचर राजाराम के हाथों से बंदूक छीन ली और जंगल के भीतर भाग निकला। बंदूक वन रक्षक जितेंद्र की बताई जा रही है, तो कॉबिंग के दौरान वॉचर के हाथ में थी। बंदूक छिनते ही वॉचर ने शोर कर कॉबिंग में जुटे अन्य वन कर्मियों को बुला लिया। इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई। बताते हैं कि कॉबिंग के दौरान ही जंगल में शिकारियों के असलहे की बट भी पड़ी मिली। जिसे कब्जे में लिया गया है।

**दो चीतलों के क्षत विक्षत शव मिले :** कॉबिंग के दौरान ही माला रेंज की कंपार्टमेंट 120 में दो चीतलों के क्षत विक्षत शव बरामद हुए। बताते हैं कि दोनों चीतलों का शिकार जंगल में घुसे शिकारियों द्वारा किया गया था। वन अफसरों के मुताबिक बरामद शवों में एक नर और एक मादा चीतल का शव है। दोनों चीतलों के शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है।



माला रेंज में घटनास्थल के आसपास का जायजा लेते डिप्टी डायरेक्टर।

### तीन घंटे चला संयुक्त अभियान, हत्थे नहीं चढ़े शिकारी

कॉबिंग में जुटे वनकर्मियों द्वारा दी गई सूचना के कुछ देर बाद ही पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह एवं एसपी अविनाश पांडेय भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना स्थल और उसके आसपास क्षेत्र की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने वन अफसरों और वनकर्मियो से भी जानकारी ली। कुछ देर बाद सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। गजरौला पुलिस के साथ एसओजी टीम को मौके पर बुलाया गया। संयुक्त रूप से शिकारियों की धरपकड़ को जंगल में अभियान चलाया गया। करीब तीन घंटे चले अभियान के बाद भी शिकारियों को कोई सुराग नहीं लग सका।

### तेंदुए को देख दौड़े और गिरकर हो गए घायल

**बरखेड़ा अमृत विचार :** खेत पर जा रहे ग्रामीण ने तेंदुए को रास्ते में बैठा देख दौड़ लगा दी। इस दौरान वह गिरकर घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें घर ले गए। थाना क्षेत्र के गांव जारकलिया के परमेश्वरी दयाल (44) शनिवार सुबह करीब पांच बजे घर से शौच करने के लिए आधा किमी की दूरी पर स्थित खेत की तरफ पैदल जा रहे थे। घर से 200 मीटर दूर पहुंचे थे कि उनकी नजर रास्ते पर बैठे तेंदुए पर पड़ी। तेंदुए को देखते ही वह घबरा गए और पीछे मुड़कर भागने लगे। भागते वक्त पक्के मार्ग पर गिरकर वह घायल हो गए। उधर से गुजर रहे गांव के कुछ अन्य लोगों ने उन्हें उठाया। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। तेंदुए का पता चलते ही गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में घुस गया। घायल को यूवी 112 पुलिस अपनी गाड़ी से सीएचसी लेकर आई। प्राथमिक इलाज के बाद परिजन उन्हें घर ले गए।

> इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस की फोरेंसिक टीम समेत अन्य टीमें जांच कर रही हैं। चीतलों के शव को परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। इस मामले में गजरौला थाने में अज्ञात शिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकारियों की धरपकड़ को तीन टीमें लगाई गई है।
>
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व


Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION
https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404


## बास्केटबॉल में आंकड़ों का महत्व बताया

**पीलीभीत, अमृत विचारः** अन्य खेलों की तरह बास्केटबॉल में भी आंकड़ों का बड़ा महत्व है। खेल के आंकड़े गुणवत्ता के साथ ही खिलाड़ियों की क्षमताओं की एक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। जिनको बॉक्स स्कोर के नाम से जाना जाता है। जिसमें अनेक प्रकार के आंकड़ों को दर्ज किया जाता है। जोकि न टीम की सफलता और रणनीति को भी बेहतर समझने में मदद करते हैं। ये कहना है बास्केटबॉल एसोसिएशन पीलीभीत के सांख्यिकीविद आशीष सिंह का।

उन्होंने अपने एक लेख में इसे लेकर विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फील्ड गोल ये दर्शाता है कि एक खिलाड़ी ने मैच में कुल कितने बास्केट अटेम्प्ट लिए और कितने उसमें से मेड किए। खिलाड़ी का फील्ड गोल परसेंटेज क्या रहा। अंक सबसे सामान्य आंकड़ा है। फ्री थ्रो प्रतिशत बताता है कि एक खिलाड़ी ने फ्री थ्रो के प्रयास में से कितने सफलतापूर्वक बास्केट डाले। रिबाउंसड्स आक्रामक और रक्षात्मक प्रकार के होते हैं। एसिस्ट्स ये आंकड़ा बताता है कि एक खिलाड़ी ने कितनी बार अपने साथियों को स्कार करने में मदद की। इसके अलावा टर्नओवर, स्टील्स, ब्लॉक, फाउल्स के बारे में भी जानकारी दी गई। उनका कहना है कि निष्कर्ष ये है कि बास्केटबॉल के आंकड़े केवल खेल के स्कोर को नहीं बल्कि खिलाड़ी और टीम की सामूहिक क्षमताओं को भी उजागर करते हैं।

## सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बने अभिषेक



अभिषेक पांडेय का स्वागत करते अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित स्काउट भवन शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडेय को सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट बनाए जाने पर स्वागत किया गया। उनको फूलमाला पहनाई गई।

बता दें कि अभिषेक पांडे ने ड्रमड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत के स्काउट में प्रवेश कक्षा छह में रहते किया था। उन्होने राज्य पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिविरों में प्रतिभागिता, राष्ट्रपति जांच शिविर में मुख्य परीक्षक के रूप में दायित्व निभाया। जनपद के प्रथम रोवरिंग से हिमालय उड बैज, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर रोवर बने। इन्होंने 2011 से ट्रेनिंग काउंसलर के रुप में सात वर्ष और 2017 से जिला संगठन आयुक्त स्काउट पद का दायित्व निभा रहे थे। जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, सुखविंदर कौर, हितेश शुक्ला, अंशुमन तिवारी, शालिनी पांडे, अभिषेक प्रजापति, प्रशिक्षक योगेश कुमार, धर्मादित्य, तनुष्का, श्रद्धा, सृष्टि पाठक आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**पीलीभीत :** छतरी चौराहा पर बाइक ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीर रुक गए। इस दौरान बाइक सवार युवक भी कुछ मिनट तक रुका रहा। इस बीच मौका पाकर वह बाइक लेकर भाग गया।


AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr. M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# तीसरी आंख की निगरानी में संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

## अंतिम दिन 9792 की जगह 6814 लोगों ने दिया पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** पांच दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा शासन की मंशा अनुरूप सकुशल संपन्न हो गई। दोनों पालियों में पंजीकृत 9792 अभ्यर्थियों के सापेक्ष परीक्षा में 6814 युवक युवतियां ही शामिल हुए और 2978 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम, एएसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वहीं स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे।

शनिवार को परीक्षा के अंतिम दिन शहर व आस पास बने 15 केंद्रों में परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। परीक्षा के अंतिम दिन पहली पाली में पंजीकृत 4896 के सापेक्ष 3330 परीक्षार्थी उपस्थित और 1566 युवक युवतियां अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में पंजीकृत 4896 के सापेक्ष 3484 परीक्षार्थी उपस्थित और 1412 युवक युवतियां अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान डीएम से लेकर अन्य अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर कंट्रोल रूम से परीक्षा कक्षों की निगरानी करते रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित कई अन्य केंद्रों पर जाकर सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक जांच आदि का जायजा लिया। उधर, एडीएम संजय कुमार सिंह ने गुरु नानक इंटर कॉलेज, वाईडी कॉलेज आदि का निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट का अलर्ट रहने के निर्देश दिए।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा।

### अभ्यर्थी बोले- कठिन थे गणित के प्रश्न, हल करने में लगा समय



गोंडा निवासी श्याम प्रकाश ने बताया कि गणित के अलावा जीएस भी आसान नहीं था। पिछली बार से पेपर कठिन रहा।



श्रावस्ती निवासी अतित्या यादव ने बताया कि पेपर ठीक रहा। पर, गणित के सवाल उलझाऊ थे, जिन्हें हल करने के लिए के साल्व पेपर कम पड़ गया।



शाहजहांपुर निवासी प्रमोद गुज्जर ने बताया कि पेपर ठीक रहा है। गणित के सवाल कठिन थे, जिन्हें हल करने में समय लग गया। नंबर अच्छे आने की पूरी उम्मीद है।



पूरनपुर के संचित मौर्या ने कहा कि मेरे हिसाब से पेपर अच्छा आया, लेकिन गणित के सवाल आसान नहीं थे। वहीं रीजनिंग एवं जीएस ने काफी उलझाए रखा। कुल मिलाकर पेपर ठीक हुआ है।

### रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डे पर गुजारी अभ्यर्थियों ने रात

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को परीक्षा में शामिल होने के लिए युवक युवतियों का शुक्रवार रात तक लखीमपुर आने का सिलसिला जारी रही। होटल व धर्मशाला आदि में कमरे न मिलने पर युवक युवतियां रोडवेज बस अड्डा परिसर से लेकर रेलवे स्टेशन पर रात गुजारने के लिए मजबूर हो गए। इससे युवाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



# बसों व ट्रेनों में सीट को लेकर जद्दोजहद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़ को ट्रेन में बैठाने के लिए जीआरपी के जवानों का छूटा पसीना, भीड़ छंटने के बाद मिली राहत

**अमृत विचारः** पेपर छूटने के बाद बस अड्डे पर परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। बसों में चढ़ने के लिए मारा-मारी की स्थिति बनी रही। लखनऊ, बरेली, बहराइच की ओर जाने वाले अभ्यर्थियों की खूब भीड़ रही।

सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए बिहार, दिल्ली, गोंडा से लेकर श्रावस्ती आदि जिलों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी लखीमुपर आए। पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद रोडवेज बस अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ रही। बसों से लेकर ट्रेन में चढ़ने के लिए युवक युवतियों से लेकर आम यात्रियों में सीट पाने के लिए मारा-मारी की स्थिति बनी रही। अभ्यर्थियों की उमड़ी भीड़ को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए लखीमपुर डिपो प्रशासन को कई बसों के फेरे भी बढ़ाने पड़ गए। वहीं अभ्यर्थियों को बसों के बारे में बताने और उसमें बैठाने के लिए लखीमपुर डिपो प्रशासन से लेकर बसों को रूट पर निकलवाने के लिए रोडवेज चौकी स्टाफ एवं यातायात पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



ट्रेन में बैठने के लिए जद्दोजहद करते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# अवैध रूप से चल रहे मधु अस्पताल को किया सील



अस्पताल का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** लखीमपुर रोड पर बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई नायब तहसीलदार की मौजूदगी में सीएचसी प्रशासन ने की है।

नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह के साथ शनिवार को सीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ. एसडी गोस्वामी, फार्मासिस्ट मुन्ना लाल चौधरी, संजीव शुक्ला आदि की टीम मधु अस्पताल पहुंची। वहां पर तीन भर्ती सहित चार मरीजों का इलाज होता मिला। अस्पताल संचालक संजीव शर्मा टीम को पंजीकरण संबंधी प्रपत्र नहीं दिखा सके। इस पर नायाब तहसीलदार ने अस्पताल को सील करवा दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि जांच करने पर अस्पताल का पंजीकरण तक नहीं मिला। इस पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को सीएचसी में शिफ्ट करा दिया गया है। अस्पताल संचालक पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

## खातों में पीएफ जमा न होने पर भड़के पालिका के सफाई कर्मी हड़ताल पर गए

**पलिया कलां, अमृत विचार :** लंबे समय से पीएफ की धनराशि खातों में ट्रांसफर न किए जाने से नाराज नगर पालिका पलिया के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार को काम नहीं किया। इससे नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। ठेका सफाई कर्मियों का आरोप है कि उनके वेतन से हर माह पीएफ का रुपया काट लिया जाता है, लेकिन उसे उनके खातों में जमा नहीं किया जाता। उनके पैसे को दूसरे कार्यों में लगा दिया जाता है। झाड़ू-पंजा भी अपने पास से ही खरीदना पड़ता है। पिछले कई वर्षों में आश्वासन तो दिए गए, पर रुपये जमा नहीं किए गए। अब जब तक उनकी समस्या का हल नहीं हो जाता है वे काम पर नहीं लौटेंगे। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने की जानकारी मिलते ही तहसीलदार आरती यादव नगर पालिका पहुंचीं। उन्होंने सफाई कर्मियों को काफी समझाने की कोशिश की और चार-पांच दिन में उनकी समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन भी दिया, लेकिन सफाई कर्मी नहीं माने और हड़ताल जारी रखी।

## एक नजर

### चोरी के बिजली मोटर बरामद, तीन गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने गांव पिपरा खुर्द के पास खड़ंजा मार्ग पर बाइक से आ रहे गांव पिपरा खुर्द निवासी प्रतीक सिंह, इंसान उर्फ अहसान और भीरा टाउन निवासी मोहम्मद समीर बुखारी को संदिग्ध लगने पर रोककर तलाशी ली। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर छुपाकर रखी गई बिजली से चलित पानी की मोटर बरामद की है। बरामद मोटर पिपरा खुर्द गांव के पास एक खेत से चोरी की गई थी। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों का चालान किया है।

### दुष्कर्मी को आजीवन कारावास व जुर्माना

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में करीब छह साल पहले छह साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर दुष्कर्मी को आजीवन कारावास और 25000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वर्ष 2017 में कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की एक छह साल की बच्ची के साथ लोनियन पुरवा निवासी सुदेश ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म करने और पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले की सुनवाई एफटीसी कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने दुष्कर्मी को आजीवन कारावास व 25000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# बाघ को फंसाने की कवायद में पिंजड़े में कैद हुआ वनकर्मी

## कड़ी मशक्कत के बाद पिंजड़ा तोड़कर निकाला, अब बाघ को पकड़ने की बजाय पिंजड़े में फंसाने की हो रही कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मोहम्मदी क्षेत्र की महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के गांव इमलिया में बाघ को पकड़ने के लिए लगाए जा रहे पिंजड़े में बाघ तो नहीं फंसा, लेकिन शुक्रवार को एक वनकर्मी असावधानी के चलते उसमें कैद हो गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया।


महेशपुर वन रेंज की बिलहरी बीट में बाघ का आतंक है। बाघ ने गांव इमलियापुर में घास काटने गए अमरीश (45) पर हमला कर दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। जिले में लगातार वन्य जीव और मानव संघर्ष की हो रही घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री भी बेहद गंभीर हैं। बुधवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन डॉ. अरूण कुमार सक्सेना गोला पहुंचे।

उन्होंने दक्षिण खीरी में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर अधिकारियों और माननीयों से बात की। वन राज्यमंत्री के आने के बाद वन महकमा बाघ को पकड़ने की कवायद में जुट गया। ट्रेंकुलाइज के बिना बाघ को पकड़ना सम्भव नहीं होता है। ट्रेंकुलाइज करने के लिए परमीशन की जरूरत होती है। इस अभियान में हाथियों के शामिल होने से गन्ना टूटने की समस्या होती है। ऐसे में अधिकारी चाहते हैं कि बाघ शिकार के लालच में किसी प्रकार पिंजरे में फंस जाए।

इसके लिए वन विभाग ने 04 पिंजड़े और 20 से अधिक ट्रैप कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगाए हैं। किंतु पिंजड़ों और कैमरों के पास बाघ नहीं आ रहा है। बताते हैं कि शुक्रवार को वन विभाग के कर्मचारी पिंजड़ा लगाकर उसे चेक किया जा रहा था। इसी बीच पिंजड़े में उतरा एक वनकर्मी उसमें कैद हो गया। पिंजड़ा न खुलने से वन कर्मियों में हड़कंप मच गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पिंजड़े को खोलकर उसे बाहर निकाला गया। शनिवार को रेस्क्यू विशेषज्ञ आईएफएस प्रखर गुप्ता, डीएफओ संजय कुमार विस्वाल ने बाघ पकड़ने की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया है। पिंजड़ों व कैमरों को भी उन्होंने देखा।


इमलिया के निकट गश्त करते वन कर्मचारी व अन्य। ● अमृत विचार

> गोला व मोहम्मदी में वन्य जीवों के अनुकूल वातावरण होने से बाघों की संख्या में इजाफा हुआ है, जो गन्ने की फसल को वनावरण समझकर आकर्षित होकर प्रवास करने लगते हैं। बाघ को जल्द ही पकड़ा जाएगा। वनकर्मी के पिंजड़े में कैद होने की जानकारी मुझे नहीं है। **-संजय कुमार बिश्वाल**, डीएफओ दक्षिण खीरी वन प्रभाग


पिंजड़े में कैद हुआ वनकर्मी।

### बाघ ने बकरी को बनाया निवाला

**बिलहरी।** महेशपुर रेंज की बिलहरी बीट के गांव देवकली के पास बाघ ने बकरी को निवाला बना डाला। इससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है। गांव कोटवारा निवासी दिलशाद नाले के पास बकरी चरा रहा था। इसी बीच छुपे बैठे बाघ ने बकरी को दबोच लिया और उसे गन्ने के खेत में लेजाकर निवाला बना डाला। मौके पर पहुंचे जडौरा पशु चिकित्सक डाक्टर प्रमोद वर्मा व वन दरोगा माया प्रकाश वर्मा ने बाघ होने की पुष्टि की है।

### खेत में चर रहे भैंसा का बाघ ने किया शिकार, दहशत

**पलिया कलां, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में बाघ की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। गांव लोहरा वीरान में खेत में चर रहे एक भैंसा पर बाघ ने हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बना डाला। घटना के बाद से क्षेत्रवासी एक बार फिर बाघ की दहशत में हैं। उन्होंने खेतों की तरफ जाना बंद कर दिया है। दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल में इन दिनों बाढ़ का पानी भरा है। इससे वन्य जीव शिकार की तलाश में जंगल से बाहर निकल खेतों को आशियाना बनाए हुए हैं। वह खेतों में काम कर रहे किसानों, मजदूरों और पालतू पशुओं पर हमलाकर अपना निवाला बना रहे हैं। शनिवार को गांव लोहरा वीरान निवासी विमला देवी अपने एक जोड़ी भैंसों को चराने के लिए गांव के बाहर खेतों की तरफ ले गई थीं। विमला देवी ने बताया कि पड़ोस के गन्ने के खेत में छिपे बैठे बाघ ने उनके एक भैंसा पर हमला बोल दिया और उसे अपना निवाला बना डाला। बाघ देख महिला काफी घबरा गई। उसने शोर मचाया। शोर शराबा होने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

# खेत में लगी बाड़ के करंट से मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली के गांव देउवापुर में पशुओं की रखवाली के लिए लगाई गई बाड़ में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव रसौरा निवासी सुजीत कुमार (30) शनिवार को मजदूरी करने गांव देउवापुर गया था, जहां से राजगीर मिस्त्री की बाइक पर बैठकर घर खाना खाने आ रहा था। रास्ते में देउवापुर गांव के निकट खेत में मवेशियों के लिए फसल को बचाने के लिए लगाई गई तार की बाड़ में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस गया। सूचना पाकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उसे आनन-फानन में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां सुजीत कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। राते-बिलखते परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर राजगीर मिस्त्री की जान गई

**लखीमपुर खीरी।** हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर राजगीर मिस्त्री की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद शहर के मोहल्ला हिदायत नगर निवासी इदरीश अली ने बताया कि उनका भतीजा इशरत अली (40) राजगीर मिस्त्री था। शुक्रवार को इशरत अली गांव धनिया में भवन निर्माण का कार्य कर रहा था। अचानक वह कार्यस्थल पर ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। माम लोगों की भीड़ जुट गई। भवन स्वामी राजगीर मिस्त्री को गंभीर हालत में लेकर जिला अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उनके भतीजे को मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के चाचा इदरीश अली ने भवन स्वामी पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है।

# स्थानांतरण के विरोध में चीनी मिल कर्मी हड़ताल पर

- कर्मचारियों ने काम बंद कर चीनी मिल गेट पर दिया धरना
- आंदोलित कर्मचारियों को चारों यूनियनों का मिला समर्थन

संवाददाता, पलिया कलां


चीनी मिल पलिया के बाहर प्रदर्शन करते मिल कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्थानीय बजाज चीनी मिल के कर्मचारियों ने अपने 116 साथियों का अचानक अन्य यूनिटों में बिना सूचना स्थानांतरण किए जाने के विरोध में एकजुटता दिखाई है। कर्मचारियों ने काम बंद कर मिल गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। यूनिट हेड सहित प्रबंधतंत्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि स्थानांतरण ही करना था तो पहले सूचित करते।

अब जब उन्होंने अपने बच्चों का यहां के विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर कॉपी- किताबें खरीद ली हैं। तब स्थानांतरण का कोई औचित्य नहीं बनता है। ट्रांसफर नीति के विरोध में चीनी मिल के सभी कर्मचारियों को मिल की चारों यूनियनों का एकजुट समर्थन प्राप्त है। कर्मचारियों ने चीनी मिल के यूनिट हेड, एचआर और प्रबंधतंत्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने पर कर्मचारी यूनियन के नेता दिनेश कुमार यादव, निर्भय नारायण सिंह, अफरोज अंसारी तथा राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने संदिग्ध पाउडर भरा ट्रक पकड़ा तीन हिरासत में

**पलिया कलां, अमृत विचार:** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध पाउडर भरा एक ट्रक पकड़ कर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ट्रक को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने चंदन चौकी स्थित एक गोदाम पर भी छापा मारा है। पकड़े गए ट्रक के बारे में अभी कुछ बताने से बच रही है। ट्रक में भरी बोरियां पर चीन का टैग लगा है। ट्रक पकड़े जाने के बाद सीओ ने कई थानों की पुलिस के साथ चंदन चौकी के बाहर बने एक बड़े गोदाम में छापा मारा। संदिग्ध सामान बरामद कर कई लोगों को हिरासत में लिया है।

# हत्या के आरोपी बंदी की उपचार के दौरान मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** मितौली तहसील के पीछे दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध हत्यारोपी की बीमारी के चलते हालत अधिक बिगड़ गई। उसका पांच दिनों से जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां उसकी शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

थाना मितौली के गांव अंबेडकरनगर चबेनहा निवासी ऊदन (30) की मितौली तहसील भवन के पास छह नवंबर 23 की सुबह उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वह कचियानी पुरवा चौराहे स्थित नाई की दुकान से दाढ़ी बनवाकर अपने घर जा रहा था। पुलिस ने मृतक ऊदन के पिता तौलेराम की तहरीर पर कमलेश, प्रधान निवासी अंबेडकरनगर, सेठ व राजीव बनिया निवासी डहर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। 16 जून को आरोपी सेठ को पुलिस ने कचियानी मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह करीब पांच दिनों से बीमार था। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार को बंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

### नई बस्ती पावर हाउस की सीटी जलने से बिजली गुल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शनिवार को नई बस्ती पावर हाउस की सीटी जल गई। इससे कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। ऐसे में लोग भीषण उमस भरी गर्मी में परेशान रहे। विभागीय लोगों ने बताया कि काम कराया जा रहा है। इसके ठीक होते ही बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

### जेसीबी के सौदा में साढ़े 15 लाख हड़पने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ।** नगर निवासी दो व्यक्तियों से कुछ लोगों ने जेसीबी की सौदेबाजी कर साढ़े 15 लाख हड़प लिए। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

नगर की वीरेंद्र नगर कॉलोनी निवासी शादाब उल्ला खां, भारत भूषण कॉलोनी निवासी मयंक कश्यप ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी मुस्तफा से चार जुलाई को जेसीबी खरीदने का सौदा हुआ था। मुस्तफा ने अपने साथी भूपेंद्र, नरेंद्र कसाना, अनुज निवासी रेवाड़ी मुरादनगर गाजियाबाद से फोन पर बात कराई। सौदा 25 लाख 50 हजार पर तय हुआ। आरोपियों ने कई बार में 15 लाख 50 हजार रुपये ले लिए और बाद में जेसीबी बेचने से मना कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। शादाब उल्ला खां और मयंक कश्यप ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम-एसपी ने पाकशाला में चखकर परखी खाने की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** डीएम और एसपी शनिवार को अचानक जिला कारागार पहुंचे। इससे जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। दोनों अफसरों ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की फीडबैक जानी। पाकशाला में भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता देखी। भोजन ठीक मिलने पर जेल प्रशासन की सराहना की।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल दोपहर में एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ अचानक जिला जेल पहुंचीं। उन्होंने कारागार प्रशासन द्वारा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की पड़ताल की। बंदीजनों से बातचीत भी की।

बंदीगृह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना। खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक पीडी सलौनिया, जेलर हरबंश कुमार पांडेय समेत सभी डिप्टी जेलर भी मौजूद रहे।


जिला जेल का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। ● अमृत विचार

- कारागार में बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक
- खाने की गुणवत्ता ठीक मिलने पर की जेल प्रशासन की सराहना



सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनके परिजन। ● अमृत विचार

### सेवानिवृत्त होने पर दो दरोगा सहित तीन पुलिस कर्मचारियों को एसपी ने दी विदाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अधिवर्षता आयु पूरी करने वाले खीरी पुलिस के दो दरोगा और एक फालोवर शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को माला व अंगवस्त्र ओढ़ाया। प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर विदा किया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि उपनिरीक्षक राम कुमार गौतम, सुनील कुमार और फालोवर सिद्दीक अली शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन सभागार में एक विदाई समारोह में एसपी ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को माला व अंगवस्त्र ओढ़ाया। प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उन्हें विदा किया। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे।

### मंदिर की मोटर चोरी गुरुद्वारे में चोरी का किया प्रयास

**सिंगाही, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात कस्बे में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में लगी एक मोटर चोर खोलकर ले गए। वहीं गांव माझा स्थित गुरुद्वारा के दानपात्र का ताला काटने की असफल कोशिश की। दोनों वारदातों की सूचना पुलिस को दी गई है। प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष उत्तम कुमार सोनी ने बताया कि मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मंदिर परिसर में एक मोटर लगाई गई थी, जिसे चोर खोलकर ले गए। उधर मांझा गुरुद्वारा में भी चोर घुस गए और दान पत्र का ताला तोड़ने का प्रयास किया। खटपट की आवाज पर मौजूद सेवादार बाबा की आंख खुल गई। उनके टोकने पर चोर मौके से भाग निकले। दोनों वारदातों की तहरीर पुलिस को दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने हाईस्कूल की परीक्षा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इण्टर कॉलेज करनपुर रजागज खीरी से वर्ष 2018 में उत्तीर्ण की थी। मेरा हाईस्कूल अंकपत्र रोल नं. 1093701 है। जो कि मेरे घर में आग लगने के कारण यह अंकपत्र भी जल गया है। जिसकी सूचना थाना कोतवाली गोला खीरी में दे दी गई है। **चांदनी देवी पुत्री जिलेदार सिंह नि. ग्राम बैकुन्ठा थाना गोला खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नितिन प्रजापति को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **लालता प्रसाद पुत्र नरायन दास निवासी ग्राम पीपलसाना चौधरी, थाना भोजीपुरा, जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमन शुक्ला व पुत्रवधु आस्था कुमारी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सुमन लता पत्नी उमाकान्त निवासी 106, पंजाबपुरा, बरेली।**

**आवश्यकता**
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

**आवश्यकता है:-**
प्राचार्य/प्रवक्ता हेतु
डॉ. डी.पी. सिंह महाविद्यालय
हथौड़ा बुजुर्ग, शाहजहांपुर
(एम.जे.पी.रू.वि.वि. बरेली से सम्बद्ध)
प्राचार्य:- 01 पद
M.Sc. (Ag.)- (कृषि) एग्रोनॉमी 01 पद, जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग 01 पद, M.Sc. (Home Science) फूड एण्ड न्यूट्रिशन 01 पद
योग्यता:- UGC द्वारा निर्धारित अर्हता, आवेदन-पत्र दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।
mjp555@mjpru.ac.in, 9198686472
डॉ. के.डी. सिंह (प्रबन्धक) 9415060459

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

संगत की सेवा

सुहेली नदी में पिछले दिनों आई बाढ़ से कटा था बांध व मार्ग, संत बाबा गुरनाम सिंह की पहल पर शुरू हुआ काम

# बाढ़ से कटे बांध व मार्ग निर्माण के लिए कारसेवा शुरू

संवाददाता महंगापुर

**अमृत विचारः** पलिया तहसील में सुहेली नदी में आई बाढ़ से कई जगह पर बांध व मार्ग कट गया। इससे सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद होने के साथ लोगों का आवागमन बंद हो गया। इससे स्कूली बच्चों से लेकर ग्रामीणों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों को हो रही समस्याओं को देखते हुए संत बाबा गुरनाम सिंह ने बांध व मार्ग का निर्माण करने के लिए कारसेवा शुरू दी है।

दुधवा टाईगर रिजर्व की सोठियाना रेंज के गांव घोला बॉर्डर से निकली सुहेली नदी निकली है। यह नदी नेपाल की दोंदा नदी में आई बाढ़ से उफना गई थी। इससे गांव घोला के आजादनगर निवासी किसान जसवीर सिंह निक्का व पूर्व प्रधान बलवीर सिंह हैप्पी के निषादनगर खेत के निकट पानी के तेज बहाव से बांध व मार्ग कटने के साथ खेत व उसमें खड़ी फसल नष्ट हो गई थी। इनके अलावा क्षेत्र के तमाम किसानों की सैकड़ों एकड़ फ़सल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई थी। कटे बांध व मार्ग से पास के खेतों ने नदी का रूप ले लिया। इससे अन्य किसानों की बची फसलें बर्बाद होने के साथ स्कूली बच्चों का आना जाना मुश्किल हो रहा था। इससे सभी को काफी दिक्क़तें हो रही थीं। बांध व मार्ग का निमार्ण कराने के लिए ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से गुहार लगाई, लेकिन सभी ने अनसुना कर दिया। इस पर पूर्व प्रधान बलवीर सिंह हैप्पी के नेतृत्व में दर्जनों किसानों और ग्रामीणों ने महंगापुर के संत बाबा गुरनाम सिंह से बांध व मार्ग का निर्माण कराने की गुहार लगाई। इस पर संत बाबा गुरनाम सिंह ने गुरुद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, बाबा लख्खा सिंह, बाबा शहीद सिंह, बाबा गुरमेज सिंह के अलावा क्षेत्र के कारसेवकों के साथ कटान स्थल पर पाठ किया और उसके बाद मिट्टी से भरी बोरियां डलवाकर कार्य शुरू कराकर पानी का बहाव रूकवाया। इसके अगले दिन समूह संगत के सहयोग से जेसीबी व टैक्टर ट्रालियां भेजकर मिट्टी आदि डलवाकर बांध व मार्ग का निर्माण कराना शुरू कर दिया है।

**इससे पहले भी रेलमार्ग को बचा चुके हैं बाबा :** इससे पहले भी संत बाबा गुरनाम सिंह ने कारसेवकों के सहयोग से शारदा नदी द्वारा पलिया मैलानी रेल मार्ग को बचाने के लिए कारसेवा कर चुके हैं। क्षेत्र के दर्जनों बाढ़ पीड़ितों के गांवों में लंगर लगा कारसेवा की है। रविवार तक निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आवागमन शुरू हो जाएगा। कारसेवक काला सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जोगराज सिंह जोगा, बब्बू सिंह, लाटू सिंह, गुरप्रीत सिंह बीरु, बिलाका सिंह, भूपेंद्र सिंह, सहित दर्जनों कारसेवक लोग मौजूद रहे।


बाढ़ से कटे बांध व मार्ग का निर्माण करते कारसेवक। ● अमृत विचार


सेवादारों के साथ मौके पर मौजूद संत बाबा गुरनाम सिंह। ● अमृत विचार

# मूसेपुर की सड़कों पर लगे गंदगी के अंबार, परेशानी

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचारः** विकास खण्ड धौरहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूसेपुर में विकास विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामवासी गंदगी व जलभराव का दंश झेल रहे हैं। सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। गंदे पानी का जलभराव होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, व सहायक खंड विकास अधिकारी सहित विकास विभाग के जिम्मेदार अफसरों के कानों तले जू नहीं रेंग रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जर्जर सड़कों सहित गंदगी को लेकर कई बार खण्ड विकास अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्य योजना में न होने का हवाला देते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि गांव में गंदगी के चलते संक्रामक बीमारियां पांव पसार रही है।


मूसेपुर मार्ग पर फैली गंदगी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### नवाचार मेला व बेस्ट प्रैक्टिस में पंकज बने प्रथम विजेता



**चपरतला, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में 30 व 31 अगस्त को जनपद स्तरीय नवाचार मेला व बेस्ट प्रैक्टिसेज को लेकर कार्यशाला हुई। इसमें पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय खूंटी खुर्द के शिक्षक पंकज वर्मा ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यशाला में आईसीटी विषय का स्कूल में अभिनव प्रयोग से संबंधित नवाचार था। इसमें जिले से करीब 150 नवाचारी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। समन्वयक अनिल कुमार साथ साथ डायट प्रवक्ता सुमित शुक्ला, महेंद्र वर्मा, अतुल कुमार मिश्रा, धर्मराज कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### पत्रकार को भ्रातृ शोक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** अमृत विचार के गोला तहसील प्रभारी कामता सिंह कुशवाहा के बड़े भाई राजा सिंह कुशवाहा का निधन हो गया है। वह 72 वर्ष के थे। वह सहकारी समिति से एमडी पद पर सेवानिवृत्त हुए थे। भारत भूषण कॉलोनी निवासी राजा सिंह कुशवाहा कुछ दिनों से बीमार थे, जिनका इलाज बरेली के अस्पताल में चल रहा था, जहां शनिवार सुबह उनका निधन हो गया। अंत्येष्टि नगर के मुक्तिधाम में की गई। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र जगवीर सिंह ने की। वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र जगवीर सिंह और सुखपाल सिंह, दो बहुएं सहित तीन पौत्र, एक पौत्री, एक पौत्रवधू सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम यात्रा में विधायक अमन गिरि, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, कुशवाहा मौर्य संस्थान के रामकुमार मौर्य सहित तमाम पत्रकार, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और रिश्तेदार शामिल हुए।



### खनन वालों ने की मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी राधेश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि कुछ लोग मिट्टी खनन का काम करते हैं। उन लोगों ने उसके प्लाट से जेसीबी और डंपर निकालने लगे, जिसका विरोध करने पर उन्होंने उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### परिजन मारना चाहते हैं इसलिए तमंचा रखती हूं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया शनिवार को एक युवती के पास कचहरी रोड से तमंचा व कारतूस बरामद किया। उसका नाम शिवानी यादव निवासी शक्तिनगर थाना कलान है। पूछताछ के दौरान महिला अभियुक्त ने बताया उसके परिवार वाले उसे मारना चाहते है इसलिए वह बैग में तमंचा रखकर घूमती है। उसने बताया वह पढ़ी लिखी है। वह मोहल्ले में एक युवक से प्रेम करती है। परिवार वाले विरोध करते है। उसे घर से निकलने नहीं देते है। परिवार वालों ने फोन भी अपने पास रख लिया है। परिवार वाले उसे बराबर जान से मारने की धमकी देते है। वह अपनी जान बचाने के लिए तमंचा व कारतूस रखती है।

# धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव

## स्कूलों में बच्चों ने माखन की मटकी फोड़ी, भीरा के कल्याणी मंदिर पर हुए भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** आरएम ज्ञानदायिनी इंटर कॉलेज में शनिवार को भगवान श्री कृष्ण का छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्रों के बीच मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। इसमें श्याम टीम विजेता रही।

विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा ने बताया कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता में श्याम और घनश्याम टीम के बीच प्रतियोगिता हुई। इसमें श्याम टीम के छात्रों ने घनश्याम टीम के छात्रों से कम समय में मटकी फोड़ दी। इस पर श्याम टीम विजेता रही। इस दौरान जय कन्हैया लाल की नारों से विद्यालय परिसर गुंजायमान हो उठा। छात्र छात्राओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**भीरा।** नगर के प्राचीन मां कल्याणी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने पूजा कर आरती उतारने के साथ प्रभु श्री कृष्ण को कढ़ी चावल का भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। भक्तों को प्रसाद के रूप में कढ़ी चावल वितरण किया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान प्रमुख रूप से राजेंद्र अग्रवाल सुनील सक्सेना, रामकुमार प्रजापति, विजेंद्र जैन आदि रहे।



छठी पर्व पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### कहीं मंदिर में बंटा कढ़ी चावल, तो कहीं बरा, करायल-भात

**पलिया कलां।** नगर के प्रमुख राधा-कृष्ण मंदिर, ठाकुरद्वारा राम मंदिर, पांडे बाबा मंदिर, श्रीकुल आश्रम के देवी मंदिर, झुकी पीपल डाल वाले मंदिर, निघासन रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, मोहल्ला सिंगहिया के देवी मंदिर तथा साईं धाम मंदिर आदि में भगवान श्री कृष्ण की छठी श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंदिरों में कहीं कढ़ी-चावल, तो कहीं बरा-करायल भात और कहीं पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया।



आरएम ज्ञानदायिनी इंटर कॉलेज में मटकी फोड़ते छात्र। ● अमृत विचार

# स्कूलों में खोजे जाएंगे अब वैज्ञानिक सोच वाले विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 से, 23 व 27 अक्तूबर को होगी परीक्षा

**अमृत विचारः** विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन होंगे, जिसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इसमें कक्षा छह से लेकर ग्यारहवीं में पढ़ने वाले छात्र शामिल हो सकेगें। इसके लिए 200 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विज्ञान के प्रति रुचि रखने और वैज्ञानिक सोच वाले प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान कर आगे बढ़ाना है।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इसका आयोजन एनसीईआरटी और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) के सहयोग से होता है। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं स्वयं या फिर स्कूल के सहयोग से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के आयोजन को मुख्य मुख्य उद्देश्य उनमें विज्ञान के प्रति लगाव पैदा करना है, जिससे वह आगे चलकर इसमें अपना कैरियर बना सकें। प्रतियोगिता के विजेताओं को राष्ट्रीय प्रयोगशाला या डीआरडीओ, इसरो आदि में जाने का अवसर मिलेगा।

**वीवीएम का उद्देश्य**

- छात्रों में शुद्ध विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया में भारत के योगदान की शिक्षित देना।
- कार्यशालाओं एवं अन्य कार्यक्रमों से छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देना।
- विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए प्रेरित करना।
- विजेताओं को देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों का भ्रमण कराना।

पंजीकरण वेबसाइट- vvm.org.in
अंतिम तिथि- 15 सितंबर
परीक्षा तिथि- 23 व 27 अक्तूबर

# कुकरा में शिविर लगाकर की गई मरीजों की जांच

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** गैर संचारी रोगों के प्रकोप को देखते हुए सीएचसी बांकेगंज की मेडिकल टीम ने कुकरा गांव में मेडिकल कैंप लगाया और मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की। साथ ही तंबाकू नियंत्रण गोष्ठी व गैर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

आयुष चिकित्सा यूनिट व एनसीडी की संयुक्त टीम ने मेडिकल कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत सचिवालय में किया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित सिंह के नेतृत्व में चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अब्दुल हफीज खानजादा, योग प्रशिक्षक शादाब आलम, एसएन भावना शुक्ला, एनसीडी काउंसलर पूनम वर्मा एवं एनसीडी लैब टेक्नीशियन आशीष कुमार इत्यादि मौजूद रहे। मेडिकल टीम ने गैर संचारी रोगों बीपी, शुगर आदि रोगों की रोकथाम, जांच एवं यूनानी पद्धति तथा योग द्वारा उपचार एवं रोकथाम के बारे में बताया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित सिंह ने मरीजों से बुखार की रोकथाम के लिए घरों में साफ सफाई तथा कूलर गमलों, टायरों आदि में पानी न जमा होने की अपील की। बुखार आने पर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाने को कहा।

# अवैध खनन में लगीं तीन ट्रैक्टर ट्रालियां, रेपर सीज

**चपरतला, अमृत विचार :** मैगलगंज क्षेत्र में अवैध तरीके से मिट्टी खनन में लगी तीन ट्रैक्टर-ट्रालियों व एक रेपर मशीन को पुलिस ने सीज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात सूचना मिली कि कुछ लोग सीतापुर जनपद के पिसावां थाना क्षेत्र की सीमा पर रेपर मशीन चलाकर मिट्टी खनन का कार्य कर रहे हैं।

सूचना पर खनन अधिकारी के साथ पहुंची पुलिस टीम ने छापामार कर तीन ट्रैक्टर ट्राली व एक रेपर मशीन पकड़ ली, जबकि खनन में लगे लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने पकड़े गए वाहनों व मशीन को सीज कर दिया है।

# नगर पंचायत सिंगाही को छुट्टा पशुओं से मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल पर शुरू हुआ अभियान

**अमृत विचारः** नगर पंचायत सिंगाही वासियों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें सड़कों और मोहल्लों में छुट्टा विचरण करते गोवंशीय पशु नहीं मिलेंगे। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कयूम की पहल पर नगर पंचायत ने अभियान चलाकर गोवंशीय पशुओं को पकड़ना शुरू कर दिया है। इन पशुओं को ग्राम पंचायत भेड़ौरी में बनी पशुशाला में अब आश्रय दिया जाएगा। नगर में छुट्टा घूम रहे गोवंशीय पशु लोगों के लिए काफी मुसीबत बने हुए थे। साथ ही इनके सड़कों पर बैठने और अचानक सामने आने से सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हो रहा था। नगर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम ने कस्बे को छुट्टा गोवंशीय पशुओं से छुटकारा दिलाने के लिए नगर पंचायत की तरफ से एक अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत शनिवार को करीब 50 पशुओं को पकड़कर ग्राम पंचायत भेड़ौरी की गौशाला में भेजा गया है। चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने बताया कि नगर पंचायत की गौशाला में मवेशियों को रखने की जगह नहीं है। इसलिए इन पर लगाम संभव नहीं हो पा रहा था, लेकिन इस बार पड़ोसी गोशालाओं में आपसी तालमेल बनाकर अभियान के दौरान मवेशियों को पकड़ने के बाद गोशाला में रखने की योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि कस्बे में आवारा पशुओं से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायत प्रतिनिधि धुर्व वर्मा के सहयोग से नगर पंचायत ने भेड़ौरी गोशाला में मवेशियों को आश्रय दिया जा रहा है। इससे इन पशुओं से कस्बा मुक्त होगा और लोगों को राहत मिलेगी।



ग्राम पंचायत भेड़ौरी स्थित गोशाला में छोड़े जा रहे गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

# अमरनाथ एक्सप्रेस से कटकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोजा क्षेत्र में घटी घटना, कॉशन देकर निकाली गई ट्रेन

**अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात साढ़े 11 बजे अटसलिया रेलवे पुल के नीचे अप लाइन की अमरनाथ एक्सप्रेस से एक व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। लोको पायलट ने रेलवे कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस दौरान रोजा जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची और रेलवे लाइन पर पड़े शव को रेलवे लाइन के किनारे किया।

लखनऊ-दिल्ली मेल को कॉशन देकर निकाला गया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो कुछ नहीं मिला। जीआरपी ने 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पंचनामा भरकर भेज दिया।

इधर रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहमदपुर रेती निवासी खुशीराम(45) की बहन सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव चंपापुर में रहती है। उसकी बहन की सास की मौत हो गई थी। शुक्रवार को वह अंतिम संस्कार में फर्रुखाबाद गया था। वह रात में वापस घर नहीं लौटा तो परिवार वालों ने सुबह सेहरामऊ दक्षिणी में परिवार वालों को फोन लगाया। उसके जीजा छुन्नू लाल परिवार वालों के साथ तलाश करते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उसके बाद पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। अज्ञात शव की शिनाख्त खुशीराम के रूप में की।



रोते-बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से छात्रा घायल, रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** स्कूल जाते समय बाइक सवार ने छात्रा को टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पिता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के बरगदिया गांव निवासी भगवान शरण ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि उनकी बेटी अंजना नगर के जीजीआईसी में आठवीं की छात्रा है। शुक्रवार सुबह आठ बजे विद्यालय जा रही थी। राजीव चौक के पास कस्बे के एसडीएम मोड़ के पास रहने वाले राजकुमार मल्होत्रा ने तेजी और लापरवाही से बाइक चलाते हुए बेटी के टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

# बालक की तालाब में डूबकर मौत, दो घंटे बाद मिला शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बच्चों के साथ खेल रहा था, पैर फिसल जाने से डूबा राहुल

**अमृत विचार :** कुटरा गांव में दस साल का बालक खेलते-खेलते तालाब के पास पहुंच गया। अचानक पैर फिसल जाने से तालाब में डूब गया। एक घंटे बाद गोताखोरों ने बालक का शव तालाब से बाहर निकाला।



मृतक राहुल।

कांट थाना क्षेत्र के गांव कुटरा निवासी राम रहीस का पुत्र राहुल उर्फ राजकमल(10) गुरुवार की दोपहर एक बजे बच्चों के साथ गांव में खेल रहा था। खेलते-खेलते बच्चों के साथ वह गांव के बाहर तालाब पर पहुंच गया। अचानक उसका पैर फिसल जाने तालाब में डूब गया। बच्चों ने गांव में आकर बताया कि राहुल तालाब में डूब गया। राम रहीस खबर सुनकर घबरा गया और गांव वालों के साथ तालाब पर गया। इस दौरान गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों ने उसका शव एक घंटे बाद तालाब से निकाल लिया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है और बालक की डूबने से मौत हुई है। मृतक राहुल गांव के स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता था। उसकी मां का नाम क्रांति देवी और दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता खेती करते है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।



पोस्टमार्टम हाउस पर गमगीन बैठे परिजन। ● अमृत विचार

R❤hilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना
IVF सेन्टर
अब बरेली शहर में



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

परामर्श शुल्क
₹2~~0~~0/- ₹100/-

प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं०
6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली

# श्रीमद्भागवत कथा सुनकर धुंधकारी का हुआ था उद्धार

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास हरिशरण ने कलयुग में भागवत भगवान की महिमा व संकीर्तन का महत्व बताया। इसके बाद भागवत भक्त गोकर्ण व उसके भाई अधर्मी धुंधकारी का प्रसंग सुनाया।

धुंधकारी के गलत कार्यों में संलिप्त होने के कारण उसकी हत्या हो गई और अकाल मृत्यु होने के कारण वह प्रेत योनि में चला गया। भाई गोकर्ण ने प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए सूर्य भगवान के बताने पर श्रीमद भागवत कथा सुनी और भाई धुंधकारी को भी सुनाई। कथा सुनने धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली।

उन्होंने बताया कि कर्म, धर्म मनुष्य को संयमित और वेद रीति नीति से करना चाहिए। भाई से रंजिश नहीं रखनी चाहिए। पुजारी चेतराम कश्यप, आदित्य सिंह, जसवीर सिंह, निमिष सिंह, अवधेश सिंह गोविंद सिंह, उमाशंकर कश्यप, जगन्नाथ कश्यप, राजकिशोर, अजय कश्यप, ब्रजेश कुमार,रिंकू सिंह आदि भक्त मौजूद रहे।

**सख्ती** | मृतक की पत्नी की शिकायत पर सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश

# निजी अस्पताल से शव रेफर करने की जांच को टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** ऐरा रोड स्थित चंदरानी हॉस्पिटल से शव को जिला अस्पताल रेफर करने के मामले की जांच होगी। इसके लिए सीएमओ ने दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है। इसमें एक आर्थोपेडिक सर्जन व डिप्टी सीएमओ शामिल हैं। सीएमओ का कहना है जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई होगी।

सीतापुर के थाना तंबौर के गांव बेलता निवासी खुशबू मिश्रा शिकायती पत्र में कहा है कि पति नृपेंद्र कुमार के पैर में पड़ी रॉड निकलवाने के लिए लखीमपुर के गुप्ता हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां पर डॉ. राधेश गुप्ता ने जांच रिपोर्ट में शुगर 200 होने के बाद भी पैसों के लालच में ऑपरेशन कर रॉड निकाल दी। इसके बाद पति की हालत बिगड़ गई, जिस पर डॉ. राधेश गुप्ता ने रात में ही निजी एम्बुलेंस कर पति को जिला अस्पताल भेज दिया।

वहां पर डॉ. आशुतोष वर्मा ने एक अगस्त तक इलाज किया और बेहतर इलाज के लिए चंदरानी अस्पताल में भर्ती कराने को कहा। पीड़िता ने बताया कि डॉ. आशुतोष वर्मा के बहकावे में आकर पति को चंदरानी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

जहां पर आठ अगस्त को उनकी मौत हो गई। इसकी जानकारी हमें न देकर एम्बुलेंस बुलवायी और नृपेंद्र का शव उसमें रखवाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इमरजेंसी में मौजूद काफी देर पहले नृपेंद्र की मौत होना बताया। खुशबू ने इस ठगी के मामले की शिकायत डीएम और सीएमओ से की है। इस पर सीएमओ ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है।



निजी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया शव

अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित खबर।

> महिला ने एक निजी अस्पताल पर पति का शव इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर करने का आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र दिया है। इस पर दो सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी पर कार्रवाई होगी।
>
> -डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ

# सितारगंज हाईवे: भूमि अध्याप्ति अधिकारी को दिया नोटिस

## जांच कमेटी ने बरेली की सीमा में भूमि अधिग्रहण से जुड़ा रिकॉर्ड मांगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले की प्रशासनिक स्तर पर जांच शुरू कर दी गई है। सीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने शनिवार को बरेली की सीमा में हुए भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को नोटिस जारी कर दिया। शुक्रवार को डीएम ने जांच कमेटी की गठन किया था।

बरेली से सितारगंज तक 29 सौ करोड़ के 71 किमी लंबे फोरलेन हाईवे प्रोजेक्ट की शुरुआत 2019 में हुई थी। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही जमीनों के मूल्यांकन में हेराफेरी कर करोड़ों का मुआवजा घोटाला करने का मामला सामने आ गया है। इस मामले में बरेली के तत्कालीन पीडी बीपी पाठक और लखनऊ के आरओ के निलंबन के बाद जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को घोटाले की जांच के लिए सीडीओ जगप्रवेश की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की थी जिसने काम शुरू कर दिया है।

सीडीओ जगप्रवेश की ओर से शनिवार को विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी आशीष कुमार को नोटिस जारी कर अधिग्रहण से संबंधित सभी दस्तावेज मांगे गए हैं। कमेटी ने घोटाले से संबंधित कई और पहलुओं पर भी छानबीन की। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल रहे एक अधिकारी के मुताबिक बरेली से नवाबगंज तक करीब 19 किमी क्षेत्र बरेली की सीमा में आता है। इनमें बरेली के पांच और नवाबगंज के 15 गांवों में भूमि अधिग्रहण हुआ है। जांच कमेटी ने इसी दायरे में हुए अधिग्रहण से संबंधित जानकारी मांगी है।

### जांच कमेटी के सदस्यों ने बैठक कर बनाई रणनीति

शासन ने घोटाले की विस्तृत जांच के लिए किसी बाहरी एजेंसी के चयन के बाद फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर जांच शुरू कराई है। रिपोर्ट भी जल्द से जल्द मांगी गई है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद ही इस बारे में कोई निर्णय लिया जाएगा। शनिवार को जांच कमेटी के अध्यक्ष सीडीओ ने एडीएम फाइनेंस संतोष बहादुर सिंह और बीडीए के सक्षम प्राधिकारी गौतम सिंह के साथ बैठक कर पूरे मामले पर विचार-विमर्श किया। कमेटी के सदस्यों ने तय किया कि जांच में किन बिंदुओं पर ज्यादा फोकस करना है। जिन खातों में ज्यादा पैसा गया है, उनकी गहराई से छानबीन किए जाने की बात कही जा रही है।

### जांच कमेटी ने इन बिंदुओं पर मांगी जानकारी

- सदर तहसील और नवाबगंज में कितने गांवों में भूमि अधिग्रहण हुआ है।
- अधिग्रहीत भूमि कितने और किस-किस गाटा नंबर पर है।
- कुल कितने लोगों को कितना मुआवजा बांटा गया है
- किन-किन तारीखों में मुआवजा दिया गया है।
- अधिग्रहण की कार्रवाई किस तरह की गई।




बरेली में तीन रोजा उर्स-ए-रजवी के दौरान शनिवार को कुल शरीफ में लाखों की भीड़ उमड़ी। उलमा ने इस मौके पर देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की। उर्स में शिरकत के लिए कई दूसरे देशों के साथ देश के कोने-कोने से पहुंचे जायरीन ने कुल के बाद लौटना शुरू किया तो शहर की सड़कों पर जाम लग गया। ● अमृत विचार

## जंक्शन से वंदे भारत से 150 लोगों ने किया मुफ्त सफर

**बरेली, अमृत विचार :** मेरठ लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हरी झंडी दिखाई। शाम को यह ट्रेन बरेली जंक्शन पर पहुंची। यहां ट्रेन स्टाफ का जोरदार स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया। जंक्शन से ट्रेन के जरिये 150 यात्रियों ने लखनऊ तक मुफ्त सफर किया। 02490 वंदे भारत एक्सप्रेस शनिवार शाम 4 : 05 बजे बरेली जंक्शन पर पहुंची। यहां 7 मिनट ट्रेन रुकी। वन मंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, राघवेंद्र शर्मा और मेयर डॉ. उमेश गौतम ने हरी झंडी दिखाकर 4 : 07 बजे ट्रेन को रवाना किया। सीनियर डीसीएम मुरादाबाद रेल मंडल आदित्य गुप्ता ने बताया कि 22490 मेरठ सिटी- लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन रविवार से होगा।

## परिजन मारना चाहते हैं इसलिए बैग में तमंचा रखकर घूमती हूं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया शनिवार को एक युवती के पास कचहरी रोड से तमंचा व कारतूस बरामद किया। उसका नाम शिवानी यादव निवासी शक्तिनगर थाना कलान है। पूछताछ के दौरान महिला अभियुक्त ने बताया उसके परिवार वाले उसे मारना चाहते है इसलिए वह बैग में तमंचा रखकर घूमती है। उसने बताया वह पढ़ी लिखी है। वह मोहल्ले में एक युवक से प्रेम करती है। परिवार वाले विरोध करते है। उसे घर से निकलने नहीं देते है। परिवार वालों ने फोन भी अपने पास रख लिया है। परिवार वाले उसे बराबर जान से मारने की धमकी देते है।

## सादा ड्रेस में पुलिस तैनात करने की मांग

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिंदू महासभा की महिला इकाई ने छात्राओं की सुरक्षा के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालयों के बाहर सादा ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए ताकि छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि शहर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं की ओर से उनको सूचना दी गई है कि छुट्टी के समय विद्यालयों के आसपास शोहदे छात्राओं पर फब्बतियां कसते हैं।

## राज्यरानी एक्सप्रेस से गिरकर युवक के पैर कटे

**तिलहर : अमृत विचार :** तिलहर रेलवे स्टेशन आउटर के पास शनिवार शाम राज्यरानी एक्सप्रेस से गिरकर अमरोहा का युवक घायल हो गया। हादसे में उसके दोनों पैर कट गए। अमरोहा के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी राशिद (35) पुत्र मोहम्मद आबिद शनिवार शाम राज्यरानी एक्सप्रेस से लखनऊ से अपने घर अमरोहा लौट रहा था। लगभग छह बजे ट्रेन तिलहर रेलवे स्टेशन आउटर के पास पहुंची, तभी अचानक राशिद ट्रेन से गिर गया। जिससे उसके दोनों पैर कट गए।

**pnb पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank** Oriental United

### आवश्यक सूचना

सभी निम्नलिखित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित लॉकरों में विगत कई वर्षो से कोई ऑपरेशन लॉकर धारकों द्वारा नहीं किया गया है, अत: निम्नलिखित लॉकर धारकों से अनुरोध है कि 15 दिनों के भीतर शाखा बिल्सी पंजाब नेशनल बैंक को सूचित करें, अन्यथा बैंक द्वारा लॉकर्स की ब्रेक ओपन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

| Sr. No. | LOCKER NUMBER'S |
|---|---|
| 01 | AA00067 |
| 02 | AA00088 |
| 03 | AA00096 |
| 04 | AA00102 |
| 05 | AA00128 |

आज्ञा से:- शाखा प्रबंधक
पी.एन.बी., बिल्सी (बदायूं)

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई – निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :– **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:** EL-MWS-GKP-2024-25-07प्रोविजन आफ आई.ओ.टी. डिवासेज / इन्टेलीजेन्ट फील्ड डिवासेज (आई.एफ.डी.) फार मानिटरिंग एण्ड कन्ट्रोल (इंडियन रेलवेज नेटिव आई.ओ.टी. बेस्ड ईल्ड एनालिसिस टेलीमेट्री, रिकार्डिंग एण्ड कन्ट्रोल –(आई.आर.–नियंत्रक) आफ इलेक्ट्रिकल जनरल एसेट्स लाईक पम्प्स, सब–स्टेशन ई.टी.सी. इन मैकेनिकल वर्कशाप गोरखपुर। **अनुमानित लागत :** 8347610.51 / **बयाने की राशि:** 167000 /– कार्य पूर्ण करने की समय / अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से– 06 महीना । **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 0.00 • आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 23.09.2024 समय 11.00 बजे तक • पूर्ण विवरण एवँ निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा ।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर(कार.) / गोरखपुर
मुजाधि / विद्युत–122

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

## एकजुट हों सभी सुन्नी खानकाहें और उलमा

**बरेली, अमृत विचार:** आला हजरत के कुल की रस्म से पहले इस्लामिया ग्राउंड पर उलमा ने तकरीर करते हुए सभी सुन्नी खानकाहों और उलमा से एकजुट होने की अपील की। उलमा ने कहा कि मुसलमानों को अपने देश प्रेमी होने का किसी को प्रमाण देने की जरूरत नहीं है। इसके साथ मुसलमानों से लड़कियों के लिए अलग स्कूल खोलने की भी अपील की गई।

मुफ्ती अर्सलान रजा कादरी ने कहा कि आला हजरत के विसाल के बाद सुन्नियत पर हर तरफ से हमले हो रहे थे। ऐसे में आला हजरत के दोनों बेटों ने 1925 में एक मुहिम शुरू की थी जिसमें आपसी मतभेद भुलाकर मुसलमानों के लिए काम किया गया था। अब फिर उसी मुहिम की जरूरत है। मुफ्ती सलीम नूरी ने कहा कि मुसलमानों को अपने देशप्रेमी होने का किसी से प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नही है। वे अपने मजहब और मुल्क के सच्चे वफादार बनें और खुद को किसी से कम न समझें। उन्होंने हिदायद दी कि सोशल मीडिया पर गैर मसलक के लोगों की तकरीर सुनने से परहेज करने के साथ नशे और जुए जैसी बुराइयों से भी दूर रहें।

# मुफ्ती सलमान अजहरी की रिहाई के लिए लहराए पोस्टर-बैनर

● उलमा ने बंद कराई नारेबाजी, कहा- वक्त आने पर उठानी है आवाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तमाम जायरीन सात महीने से गुजरात की जेल में बंद सुन्नी बरेलवी मसलक के उलमा मुफ्ती सलमान अजहरी की रिहाई के पोस्टर-बैनर लेकर उर्स-ए-रजवी में शिरकत के लिए पहुंचे थे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए इस्लामिया ग्राउंड पर पोस्टर लहराए। उलमा ने नारेबाजी करने से मना करते उनका प्रदर्शन बंद कराया।

मुफ्ती सलमान अजहरी की रिहाई की मांग ताजुश्शरिया के उर्स में भी जोरशोर से उठी थी, अब उर्स-ए-रजवी में भी मंच से आवाज उठी। उनके तमाम चाहने वाले बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे थे। उन्होंने रिहाई की मांग करते हुए इन्हें लहराया तो सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने यह प्रदर्शन बंद कराने को कहा। मदरसा मंजर-ए-इस्लाम के मुफ्ती आकिल रजवी ने एलान किया कि बरेली मरकज हमेशा मुफ्ती सलमान अजहरी के साथ है और आगे भी रहेगा। उनकी रिहाई के लिए सारी कोशिशें की जा रही हैं। मरकज को जब जरूरत होगी, तभी आवाज उठानी है। अभी सब्र से काम लें। मुफ्ती आकिल रजवी ने कहा कि दीन के खातिर बड़े-बड़े उलमा जेल गए हैं। वक्त आने पर उन्हें अल्लाह की तरफ से ही राहत मिली।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी

पत्रांक:- 316/जननिर्माण/एम.बी.एल./2024-25 दिनांक: 30.08.2024

### अति अल्पकालिक मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना

स्वच्छ भारत मिशन/ राज्य वित्त आयोग / पालिका निधि / कायाकल्प योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लखीमपुर खीरी | प्राथमिक विद्यालय सी.एल. साहनी में आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप 2 सीटर शौचालय एवं 2 सीटर यूरिनल का निर्माण कार्य। | 3,70,600.00 | 3,70,60.00 | 500 | 01 माह |

1. निविदा प्रपत्र बिक्री करने की तिथि- 30.08.2024 से 06.08.2024 तक स्थान- कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर एवं स्थानीय निकाय कक्ष कलेक्ट्रेट खीरी में प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक।
2. निविदा आमंत्रित करने की अन्तिम तिथि- 06.08.2024 समय अपरान्ह 04:00 तक स्थान- कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर एवं स्थानीय निकाय कक्ष कलेक्ट्रेट खीरी।
3. टेक्निकल निविदा खोलने की तिथि- 06.08.2024 सायं 05:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल निविदा टेक्निकल बिड स्वीकृत उपरान्त खोली जायेगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. समस्त निविदादाता शासन के पत्र संख्या: तक. सेल / 07 / निदे. / 2019 दिनांक 28 जून, 2019 के अनुसार हैसियत एवं कैटेगरी (क्लास-ए, बी, सी, डी, ई) की व्यवस्था अन्तर्गत ही निविदाओं में प्रतिभाग करेंगे। उक्त शासनादेश का पालन न करने पर निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. सम्मिलित ठेकेदार को स्वीकृत राशि की नियमानुसार निविदा प्रपत्र शुल्क जी.एस.टी. सहित इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ही केनरा बैंक मुख्य शाखा लखीमपुर में नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के खाता संख्या 2910101004088 IFSC Code:- CNRB0002910 में जमा करना होगा एवं जमानत धनराशि इन्टरनेट बैंकिंग अथवा EPVG, FDR, NSC / Tregary Challan जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- टी-6 (नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर) जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- टी-6 (नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर) जमा करना अनिवार्य होगा।
5. आयकर, रायल्टी, लेबर सेस आदि की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी।
6. कार्यादेश निर्गत किए जाने के पश्चात् कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्य किए जाते समय एवं कार्य समाप्ति से सम्बन्धित साइट का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. समस्त निर्माण कार्य एवं आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप होगी।
8. हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर, श्रमकर आदि समस्त प्रपत्र निविदा के साथ स्वप्रमाणित कर जमा करना अनिवार्य होगा।
9. फाइनेन्शियल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त क्वालीफाई निविदादाता को तीन दिवस के अन्दर पालिका के निर्माण अनुभाग में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराकर नियमानुसार अपने व्यय पर 100/- का स्टाम्प अनुबन्ध हेतु जमा करना अनिवार्य होगा।
10. निविदादाता को समस्त कार्यो हेतु शासन / नगर विकास अनुभाग द्वारा जारी समय - समय पर आदेशों / निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
11. यदि निविदा खोले जाने वाले दिवस में अवकाश रहता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
12. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न किए जाने पर उपरोक्त कार्य निरस्त करते हुए सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
14. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य होगी।
15. ठेकेदार / फर्म जो कार्य मानक के अनुरूप नहीं करेगा वह भारतीय दण्ड संहिता अन्तर्गत अपराध होगा तदनुसार उसके विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।
16. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

संजय कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

डॉ. इरा श्रीवास्तव
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

## एसडीएम के स्टेनो को 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**मुरादाबाद :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के किसान सुखवीर सिंह का बेटा गैर कृषि भूमि में दर्ज कराना चाहता था। इसी काम से किसान का बेटा एसडीएम कार्यालय पहुंचा। जहां एसडीएम के स्टेनो सचिन कुमार एक लाख रुपये अधिक मांगे। किसान ने इसकी शिकायत विजिलेंस जोन बरेली टीम से की। टीम ने स्टेनो को देने के लिए पीड़ित को 50 हजार के रंगे नोटों की गड्डी दी। इसके बाद टीम ने ट्रैप करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने स्टेनो को 50 हजार रुपये दिए। वह टेबल के नीचे रुपये गिनने लगा। तभी विजिलेंस टीम ने उसे धर दबोचा। बाबू की गिरफ्तारी के बाद कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मैकपुर कला विकास खंड भुता, जिला बरेली

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 10.09.2024 अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी।

प्रधान-श्री संतोष कुमार
सचिव-मुकेश कुमार

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बदायूं

पत्रांक:- मु.चि.अ./ई-निविदा/सूचना/24-25/1615 दिनांक: 31 अगस्त 2024

### ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की निम्नलिखित ई-निविदा एन.आई.सी. की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.08.2024 को अपलोड की जा चुकी है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| क्र. सं. | ई-निविदा का नाम | ई-निविदा आई.डी. | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | ई-निविदा ऑनलाइन खोलने तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 01. | राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम हेतु औषधि द्वारा कन्ज्यूमेबिल्स लेने हेतु। | 2024_DGMH_950705_1 | 20.09.2024 सायं 05 बजे तक | 21.09.2024 अपरान्ह 01 बजे |

उक्त ई-निविदा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में निर्धारित तिथि व समय पर खोली जायेगी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सी.एम.एस.डी. स्टोर, बदायूं

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बदायूं

## पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं. 172 / 2024

### रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आमान परिवर्तन के उपरान्त मैलानी-पीलीभीत खण्ड में यात्री गाड़ी के संचलन का शुभारम्भ दिनांक 01.09.2024 को उद्घाटन विशेष सवारी गाड़ी चलाकर निम्नवत् किया जायेगा।

| स्टेशन | गाड़ी सं. 15020 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| पीलीभीत | --- | 16.15 |
| दियूरी (हाल्ट) | 16.24 | 16.25 |
| माला | 16.36 | 16.38 |
| सन्देई (हाल्ट) | 17.07 | 17.08 |
| शाहगढ़ | 17.45 | 17.50 |
| परसादपुर (हाल्ट) | 17.56 | 17.57 |
| पूरनपुर | 18.05 | 18.10 |
| उदैयापुर (हाल्ट) | 18.16 | 18.17 |
| दुधिया खुर्द | 18.30 | 18.32 |
| कुरैंया (हाल्ट) | 18.45 | 18.47 |
| सेहरा मऊ | 19.00 | 19.02 |
| अकेला हंसपुर (हाल्ट) | 19.06 | 19.08 |
| मैलानी | 19.30 | --- |

संरचना - मेमू रेक,
नियमित गाड़ियों का संचलन दिनांक 02.09.2024 से किया जायेगा।
नियमित गाड़ियों का ठहराव एवं समय निम्नवत् होगा -

| 55362 मैलानी-पीलीभीत सवारी गाड़ी | 55360 मैलानी-पीलीभीत सवारी गाड़ी | 55358 मैलानी-पीलीभीत सवारी गाड़ी | | स्टेशन | | 55357 पीलीभीत-मैलानी सवारी गाड़ी | 55359 पीलीभीत-मैलानी सवारी गाड़ी | 55361 पीलीभीत-मैलानी सवारी गाड़ी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| -- | -- | -- | आ. | मैलानी | प्र. | -- | 11.45 | -- |
| 17.50 | 10.35 | 04.55 | प्र. | मैलानी | आ. | 09.20 | 11.35 | 16.45 |
| 17.57 | 10.42 | 05.02 | आ. | अकेला हंसपुर (हाल्ट) | प्र. | 08.52 | 11.06 | 16.19 |
| 17.58 | 10.43 | 05.03 | प्र. | | आ. | 08.51 | 11.05 | 16.18 |
| 18.08 | 10.54 | 05.13 | आ. | सेहरा मऊ | प्र. | 08.45 | 11.00 | 16.13 |
| 18.10 | 10.56 | 05.15 | प्र. | | आ. | 08.43 | 10.58 | 16.11 |
| 18.18 | 11.02 | 05.23 | आ. | कुरैंया (हाल्ट) | प्र. | 08.27 | 10.43 | 15.56 |
| 18.19 | 11.03 | 05.24 | प्र. | | आ. | 08.26 | 10.42 | 15.55 |
| 18.32 | 11.18 | 05.37 | आ. | दूधिया खुर्द | प्र. | 08.17 | 10.34 | 15.48 |
| 18.34 | 11.20 | 05.39 | प्र. | | आ. | 08.15 | 10.32 | 15.46 |
| 18.41 | 11.25 | 05.45 | आ. | उदैयापुर (हाल्ट) | प्र. | 08.10 | 10.28 | 15.41 |
| 18.42 | 11.26 | 05.46 | प्र. | | आ. | 08.09 | 10.27 | 15.40 |
| 18.58 | 11.42 | 06.00 | आ. | पूरनपुर | प्र. | 08.04 | 10.22 | 15.35 |
| 19.02 | 11.46 | 06.04 | प्र. | | आ. | 08.00 | 10.18 | 15.31 |
| 19.09 | 11.52 | 06.10 | आ. | परसादपुर (हाल्ट) | प्र. | 07.50 | 10.09 | 15.22 |
| 19.10 | 11.53 | 06.11 | प्र. | | आ. | 07.49 | 10.08 | 15.21 |
| 19.18 | 11.57 | 06.18 | आ. | शाहगढ़ | प्र. | 07.43 | 10.02 | 15.15 |
| 19.20 | 11.59 | 06.20 | प्र. | | आ. | 07.41 | 10.00 | 15.13 |
| 19.27 | 12.06 | 06.27 | आ. | सन्देई (हाल्ट) | प्र. | 07.34 | 09.52 | 15.06 |
| 19.28 | 12.07 | 06.28 | प्र. | | आ. | 07.33 | 09.51 | 15.05 |
| 19.56 | 12.36 | 07.08 | आ. | माला | प्र. | 07.05 | 09.23 | 14.37 |
| 19.58 | 12.38 | 07.10 | प्र. | | आ. | 07.03 | 09.21 | 14.35 |
| 20.10 | 12.50 | 07.20 | आ. | दियूरी (हाल्ट) | प्र. | 06.50 | 09.10 | 14.25 |
| 20.11 | 12.51 | 07.21 | प्र. | | आ. | 06.49 | 09.09 | 14.24 |
| 20.40 | 13.15 | 07.45 | आ. | पीलीभीत | प्र. | 06.40 | 09.00 | 14.15 |

गाड़ी संख्या 05086 / 05086 मैलानी-शाहगढ़-मैलानी का मार्ग विस्तार पीलीभीत तक दिनांक 02.09.02024 से निम्नानुसार किया जायेगा:-

| 05086 (लखनऊ-शाहगढ़) Arr. | Dep | स्टेशन | 05085 (शाहगढ़-लखनऊ) Arr. | Dep |
|---|---|---|---|---|
| 12.25 | 12.40 | मैलानी | 19.40 | 19.50 |
| 12.47 | 12.48 | अकेला हंसपुर (हाल्ट) | 19.10 | 19.11 |
| 12.58 | 13.00 | सेहरा मऊ | 19.03 | 19.05 |
| 13.08 | 13.09 | कुरैंया (हाल्ट) | 18.45 | 18.46 |
| 13.22 | 13.24 | दूधिया खुर्द | 18.36 | 18.38 |
| 13.30 | 13.31 | उदैयापुर (हाल्ट) | 18.31 | 18.32 |
| 13.39 | 13.43 | पूरनपुर | 18.20 | 18.24 |
| 13.49 | 13.50 | परसादपुर (हाल्ट) | 18.12 | 18.13 |
| 13.55 | 13.57 | शाहगढ़ | 18.04 | 18.06 |
| 14.04 | 14.05 | सन्देई (हाल्ट) | 17.54 | 17.55 |
| 14.33 | 14.35 | माला | 17.25 | 17.27 |
| 14.46 | 14.47 | दियूरी (हाल्ट) | 17.14 | 17.15 |
| 15.25 | --- | पीलीभीत | --- | 17.05 |

रेक संरचना:- द्वितीय श्रेणी - 10, एसएलआरडी - 02 = 12 कोच।
मुजाधि/टी- 46 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**pnb पंजाब नैशनल बैंक ... भरोसे का प्रतीक !** Oriental United

सस्त्र सेन्टर, क्षेत्रीय कार्यालय : बरेली
सी-18/बी, प्रथम तल, डी.डी. पुरम, बरेली
Ph: 0581-2520446 (Fax)
E-mail : cs8194@pnb.co.in

### कब्जा धारण की सूचना

[ सुरक्षा कर (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(1) के तहत ]

अधोहस्ताक्षरी जो कि पंजाब नैशनल बैंक ने सरफेसी एक्ट 2002 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी है ने धारा 13(12) जिसे सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाये, में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए माँग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को माँग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान नोटिस की दिनांक सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था भुगतान करने में असमर्थ रहने के कारण ऋणी/मोर्टगेजर तथा सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उपरोक्त एक्ट की धारा 13 (4) जिसे इंफोर्समैंट नियम 8 के साथ पढ़ा जाये में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा प्राप्त कर लिया है ऋणी व मोर्टगेजर को विशिष्ट रूप से तथा जनता को सामान्य रूप से सतर्क किया जाता है कि निम्न सम्पत्तियों का सौदा न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार/लेन-देन पंजाब नैशनल बैंक की सम्बन्धित शाखा की ऋण राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के आधीन होगा। **जिन सम्पत्तियों पर कब्जा किया गया उनका विवरण इस प्रकार है**

| क्र. सं. | ऋणी खाते का नाम व पता गारन्टर का नाम व पता शाखा का नाम | धारा 13 (2) के अंतर्गत बकाया राशि एवं मांग सूचना दिनांक एवं सांकेतिक कब्जे की दिनांक | गिरवी रखी अचल सम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी/बन्धककर्ता : मैसर्स सिंह फिलिंग स्टेशन** पता : ग्राम व पोस्ट आनन्दपुर, मीरगंज, बरेली 243504 यू.पी. **प्रोपराइटर/बन्धककर्ता : श्री राजेश कुमार गुप्ता पुत्र इन्द्रपाल गुप्ता** पता : फ्लैट नं. 85-ए, द्वितीय तल, मिशन कम्पाउण्ड, सिविल लाइन्स, बरेली 243001 यू.पी. **जमानती/बन्धककर्ता : श्री राम पाल पुत्र श्री मेकू लाल** पता : नवाव जोगियान, सम्राट अशोक नगर, बरेली 243001 यू.पी. **शाखा - पीएनबी, सिविल लाइन्स (008310)** | दि. 30.04.2024 को **रू. 22,14,765.87/-** +प्रभावी दिनांक 01.05.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चसहित **मांग सूचना दिनांक 29.05.2024 एवं प्रतिकात्मक कब्जा दिनांक 29.08.2024** | व्यवसायिक सम्पत्ति के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 1675 वर्गमी. खेत सं. 946 के भाग राजेश कुमार गुप्ता पुत्र इन्द्रपाल गुप्ता के नाम ग्राम आनन्दपुर परगना शाही तहसील मीरगंज जिला बरेली में स्थित है बिक्रीविलेखानुसार क्र.सं. 3593, दिनांक 05.07.2013 को एसआरओ मीरगंज जिला बरेली में पंजीकृत। **चौहददी - पूरब**- धाकत लाल का खेत, **पश्चिम**- शीशगढ़ धनेटा मार्ग, **उत्तर**- झम्मन लाल का खेत, **दक्षिण**- धाकत लाल का खेत |

दिनांक : 01.09.2024 स्थान : बरेली प्राधिकृत अधिकारी

# अंधविश्वास राष्ट्र जीवन के लिए घातक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विज्ञान भौतिक जगत के अणु परमाणुओं व गोचर प्रपंचों का अध्ययन है। चरक संहिता प्राचीन ज्ञान का महान ग्रंथ है। चरक संहिता में आत्मा को द्रव्य बताया गया है। यही बात इसके पहले वैशेषिक दर्शन में है। वैशेषिक दर्शन में आत्मा को द्रव्य बताने की घोषणा क्रांतिकारी है।

अंधविश्वास बढ़ रहा है। अंधविश्वास राष्ट्र जीवन के लिए घातक है। परीक्षा में सफलता के लिए लोग ठगने वाले बाबाओं की शरण में जा रहे हैं। देश को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। आखिरकार वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मतलब क्या है? संसार प्रत्यक्ष है। विज्ञान कार्य कारण की व्याख्या है। भारतीय दर्शन में तर्क और प्रतितर्क का विशेष महत्व है। आधुनिक विज्ञान सब कुछ जानने की जिज्ञासा है। प्राचीन काल में ऋषि सृष्टि रहस्यों पर विचार करते थे। सृष्टि रहस्यपूर्ण है भी। ऋग्वेद में जिज्ञासा है कि मरुत (वायु) किस शक्ति से वर्षा करते हैं? और किस देश से आते हैं? सूर्य प्रत्यक्ष हैं। संपूर्ण जगत के लिए उपास्य हैं। भौतिक सत्य हैं। ऋषि की जिज्ञासा है कि, "वह रात्रि में किस क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं।" वैदिक समाज को सूर्य के दर्शन में आनंद मिलता था। सूर्य पर अनेक सूक्त हैं। आधुनिक विज्ञान ने अनेक सौरमण्डल जान लिए हैं। ऋग्वेद में इसी से मिलती-जुलती जिज्ञासा है कि सूर्य हैं कितने? यहां सूर्य पर एक मजेदार प्रश्न है कि सूर्य आकाश से क्यों नहीं गिरता? उसका आधार क्या है? ऋग्वेद में ऐसे सैकड़ों प्रश्न हैं। क्या इन प्रश्नों को वैज्ञानिक नहीं माना जा सकता? विज्ञान का जन्म और विकास ऐसी ही प्रश्न बेचैन जिज्ञासा से हुआ है। संसार के सर्जक एक देवता का नाम विश्वकर्मा था। ऋषि का प्रश्न है कि जब संसार नहीं था तब विश्वकर्मा ने कहां बैठकर संसार बनाया। वे सृष्टि निर्माण की सामग्री कहां से लाएं?

विज्ञान भौतिक जगत के अणु परमाणुओं व गोचर प्रपंचों का अध्ययन है। चरक संहिता प्राचीन ज्ञान का महान ग्रंथ है। चरक संहिता में आत्मा को द्रव्य बताया गया है। यही बात इसके पहले वैशेषिक दर्शन में है। वैशेषिक दर्शन में आत्मा को द्रव्य बताने की घोषणा क्रांतिकारी है। प्राचीन विज्ञान की जड़ें प्राचीन संस्कृति में हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने बड़ी उन्नति की है। परंपरा की जड़ों को देखना जांचना अवैज्ञानिक नहीं हो सकता। अथर्ववेद के एक ऋषि ने सफेद बालों को काला करने की दवा खोजी थी। इसे विज्ञान कहेंगे या अध्यात्म। कभी-कभी प्राचीनता के समर्थक भी अतिउत्साह में आधुनिक काल में हुई खोजों को प्राचीन बताते हैं। यह विषय विशेष शोध के लायक है। भारतीय काव्य परंपरा में आकाश मार्ग और विमान के उल्लेख हैं। विमान की बात कल्पना हो सकती है। विमान की कल्पना के लिए भी वैज्ञानिक चित्त चाहिए। प्राचीन काल में विमान थे या नहीं थे यह शोध का विषय है। इतिहास और पुरातत्व का है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए साक्ष्य चाहिए। प्राचीन आख्यान के एक मजेदार पात्र हैं नारद। वह बिना किसी वाहन के दुनिया के किसी भी कोने की यात्रा कर लेते हैं। धरती और आकाश की भी। उनके हाथ में सुंदर वाद्ययंत्र है। नारद का उल्लेख ऋग्वेद में है। महाभारत में है। रामायण में है। नारद यत्र तत्र सर्वत्र भ्रमण करते हैं। वे इतिहास के पात्र हो सकते हैं और नहीं भी। दुनिया के किसी भी ग्रंथ में नारद जैसा पात्र नहीं है। वैदिक भारत में तर्कशास्त्र और दर्शन का विकास हो रहा था। आधुनिक काल में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने का काम यहां के विद्वानों ने किया। प्राचीन भारत अंधविश्वासी नहीं था। ऋग्वेद में प्रकृति के भीतर एक सारभूत नियम व्यवस्था का उल्लेख है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार "ईश्वर भी प्राकृतिक संविधान में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।" प्राचीन विज्ञान में सृष्टि के गोचर प्रपंचों की गहन जिज्ञासा थी। तैत्तिरीय उपनिषद् (उत्तर वैदिक काल) में भृगु को पिता ने बताया "अन्न ही संपूर्णता है। अन्न से प्राण हैं।" यहां प्रत्यक्ष वैज्ञानिक भौतिकवाद है। फिर कहा "प्राण ही सर्वस्व हैं। प्राण के कारण प्राणी हैं।" यहां भी कोई अंधविश्वास नहीं। आगे बताया कि "मन ही सब कुछ है और फिर बताया "विज्ञान ही सब कुछ है। विज्ञान से ही प्राणी जन्म लेते हैं। जीवित रहते हैं और विज्ञान में ही समा जाते हैं।" यहां विज्ञान शिखर है। विज्ञान अर्थात प्रकृति के अकाट्य नियम। अंत में कहा कि लेकिन "आनंद ही सर्वस्व है। अन्न, मन, प्राण या विज्ञान सबका उद्देश्य आनंद ही है।"

प्रयोग सिद्धि विज्ञान की प्रमुख कसौटी है। व्यक्तिगत अनुभूति वैज्ञानिक नहीं होती। सार्वजनिक सिद्धि जरूरी है। भारी भरकम उपकरण या प्रयोगशालाएं ही किसी ज्ञान को विज्ञान नहीं बनाते। आईंस्टीन ने लिखा है "जिसने भी उन औजारों और विधियों का व्यवहार सीख लिया है, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में वैज्ञानिक प्रतीत होते हैं, मैं उसे वैज्ञानिक नहीं मानूंगा। मैं उन व्यक्तियों की बात कर रहा हूं जिनमें वैज्ञानिक मानसिकता-साइंटिफिक मेन्टालिटी जीवंत है।" यहां वैज्ञानिक मानसिकता पर ही जोर है। वैज्ञानिक मानसिकता क्या है? भारत अंधविश्वास मुक्त और जिज्ञासु था। धरती, आकाश और सौरमण्डल को जानने जांचने को बेचैन था। इसलिए प्राचीन ज्ञान विज्ञान को कोरा मिथक कहना राष्ट्रजीवन का सीधा अपमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण में ज्ञान की कोई अवस्था अंतिम नहीं होती। ज्ञान निरंतर विकासमान प्रक्रिया है। न प्राचीन विज्ञान पूर्ण था और न ही आधुनिक विज्ञान ही पूर्ण है।गणित विज्ञान की आत्मा है।

एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार "शून्य के अंक का आविष्कार संभवतः हिन्दुओं ने किया।" लिखा है कि 1 से 10 अंकों के प्रतीक अधिकतर भारत में उत्पन्न हुए। अरबों ने उनका प्रयोग किया। उन्हें हिन्दू अरेबिक अंक कहा जाता है।" संस्कृत में शति 10 सूचक और 100 के लिए शतम् है। इसका लैटिन रूप केंतुम और जर्मन में हुंड या हुडा है, अंग्रेजी का हंड्रेड इसी का विस्तार हो सकता है। वैदिक मंत्रों में 10 उंगलियों का अनेक बार उल्लेख है। एस.एन. सेन ने 'हिस्ट्री आफ साइंसेज इन इण्डिया' में लिखा है "शब्दांक और दाशमिक स्थानगत मूल व्यवस्था में व्यवहार एक अन्य अपूर्व भारतीय विकास है। गणित का विकास विश्लेषक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रमाण है। दशमलव पद्धति विश्व को भारत की देन है।" नीढेम ने 'साइंस एण्ड सिविलाइजेशन इन चाइना' में लिखा, "शून्य का प्रयोग 1247 ई. में चीन में मिलता है। धारणा है कि वह सीधे भारत से प्राप्त किया गया है।"

गणित और विज्ञान का जन्म भारत में हुआ। 1 के साथ शून्य लगाकर बना 10 महत्वपूर्ण अंक है। ऋग्वेद के अनुसार "10 दिशाएं हैं। इन्द्रियां भी 10 हैं। विराट पुरूष 10 अंगुल में विश्व घेरता है।" 100 अंक का भी उल्लेख है-100 शरद् का जीवन चाहिए।" शून्य वाली संख्या मजेदार ढंग से बढ़ती है "वरूण 100 औषधियां रखते हैं और हजार भी।" पुरूष सहस्त्र शिरो वाला, सहस्त्र पैरों वाला है।" मैक्डनल और कीथ ने वैदिक साहित्य से अनेक संख्याओं का उल्लेख किया है। उन्होंने समय माप के दाशमिक विभाजन का भी ब्योरा दिया है। बीज गणित का विकास यहां हुआ। हड़प्पा स्थापत्य प्राचीन रेखागणित का साक्ष्य है। जर्मन विद्वान डॉ. थामस के अनुसार हड़प्पा सभ्यता के मापक यंत्र गणित ज्ञान की गवाही है। पृथ्वी की गतिशीलता और गुरूत्व अथर्ववेद में है। वेदों में हजारों वनस्पतियों का उल्लेख है। यहां धातु उद्योग भी है। वस्त्र उद्योग भी है। भारत को प्राचीन ज्ञान, विज्ञान पर गर्व है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारा उत्तराधिकार है। भारत के वैज्ञानिकों ने उत्कृष्ट कार्य किए हैं। प्राचीन ज्ञान का स्वाभिमान और आधुनिक विज्ञान की ग्राह्यता में भारत का भविष्य उज्जवल है।

# संदेश प्रेम के

> दरअसल प्रेम तत्व है ही शाश्वत और सदा सर्वदा लोग अपने प्रेमियों को प्रेम के संदेश भेजते रहे हैं। हमारे श्रीकृष्ण की पट्ट महिषी रुक्मिणी ने प्रेम पत्र भेजकर ही कृष्ण से विवाह करने में सफलता पाई थी।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हाल ही में ब्रिटेन में अपने घर की सफाई कराते हुए डान कार्न्स नामक महिला का टीवी फर्श पर गिर पड़ा,जिससे कुछ टाइल्स टूट गईं। नुकसान तो हुआ पर एक रोमांचक दस्तावेज हाथ लग गया। डान ने नीचे एक कागज़ देखा,जो खोलने पर एक प्रेम पत्र निकला। यह पत्र सौ साल पुराना था, जिसे रोनाल्ड हैबगूड नामक व्यक्ति ने अपनी किसी महिला प्रेमिका को लिखा था,जो शादीशुदा थी। "मेरी प्यारी डार्लिंग" लिखकर संबोधित इस पत्र में रोनाल्ड ने प्रेमिका से आधीरात को 'ट्राम फुलवुड कार्नर'? पर मिलने का आग्रह किया था और उसमें दोनों के बीच गुप्त संबंधों का भी उल्लेख था। चूंकि ब्रिटेन में ट्राम को बंद हुए 80 वर्ष हो चुके हैं, अतः इस पत्र की प्राचीनता वहां लगभग सौ वर्ष पूर्व की आंकी गई। डान ने इसे फेसबुक पर साझा किया और लोगों ने विविध उपायों से रोनाल्ड के बारे में जानने की कोशिश की, किंतु सफलता नहीं मिली।

दरअसल प्रेम तत्व है ही शाश्वत और सदा सर्वदा लोग अपने प्रेमियों को प्रेम के संदेश भेजते रहे हैं। हमारे श्रीकृष्ण की पट्ट महिषी रुक्मिणी ने प्रेम पत्र भेजकर ही कृष्ण से विवाह करने में सफलता पाई थी। रुक्मिणी जी के भाई उनका विवाह उनकी मर्जी के विरुद्ध शिशुपाल से किए दे रहे थे,तब उन्होंने एक ब्राह्मण द्वारा अपना प्रेम पत्र कृष्ण के पास भिजवाया और वे उन्हें हरण कर ले गए। ब्रज से मथुरा चले जाने पर वियोगिनी गोपिकाओं ने उन्हें तमाम प्रेम संदेश भेजे,"संदेसनि मधुवन कूप भरे"। आखिरकार एक पत्र श्रीकृष्ण ने भी उद्धव के हाथ भिजवाया। उसे पढ़ने में गोपिकाओं के इतने आंसू बहे कि पत्र लिप गया,"निरखत अंक स्याम सुंदर के बार बार लावति छाती। लोचन जल कागद मसि मिलि कै होइ गइ स्याम स्याम कै पाती"। कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर कागज़ कलम तो नहीं मिला पर उसने मेघों के माध्यम से अलकापुरी में रह रही अपनी प्रियतमा को संदेश भिजवाया। यक्ष ने संदेश वाहक मेघ को यह आशीर्वाद भी दिया कि 'यदि वह मेरा संदेश मेरी प्रियतमा तक पहुंचा देगा,तो उसे बिजली का वियोग कभी नहीं होगा। पं. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के "प्रिय प्रवास" में राधा कोई लिखित पत्र तो कृष्ण को नहीं भेजती हैं, पर वे वायु को दूत बनाकर उनके पास अपना प्यार भरा संदेश भिजवाती हैं। वे पवन को सिखाती हैं कि 'जिस कक्ष में कृष्ण बैठे हों, वहां यदि किसी वियोगिनी का चित्र हो तो तुम उसे हिला देना,जिससे उन्हें मेरी याद आ जाएगी'। राज दरबारी कवि आलम ने अपना साफा रंगने के लिए शेख नामक रंगरेजिन को भेजा था। कभी उन्होंने दोहे की एक पंक्ति लिखी थी,"कनक छरी सी कामिनी काहे कूं कटि छीन"।

इतना लिखकर साफा के खूंट में इसे बांध दिया था और भूल गए थे। शेख ने जब साफा के खूंट में कुछ बंधा देखा तो उसे खोलकर पढ़ा। वह भी कवयित्री थी। उसने दूसरी लाइन पूरी कर दी। "कटि को कंचन काटि विधि कुचन मध्य धरि दीन"। साफा रंगकर वापस आने पर आलम ने देखा तो उन्हें आश्चर्य हुआ और शेख के प्रेमपाश में बंध गए, जिसकी परिणति दोनों के विवाह में हुई। उनसे जहान नामक एक पुत्र की भी उत्पत्ति हुई। उस एक पंक्ति ने गहरे प्रेम पत्र का काम किया। प्रेम संदेशों की श्रृंखला अनंत है।

# ब्रह्मांड की विशालता, हमारी लघुता और अहंकार



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

> हमारी गैलेक्सी इस प्रकार घूम रही है,जैसे उसकी भुजाओं को कसा जा रहा हो। इसके केंद्र में एक ब्लैक होल है और केंद्र के आसपास तारे बहुत अधिक संख्या में हैं।

इस समय मिडिल ईस्ट सुलग रहा है, रूस और यूक्रेन में युद्ध चल रहा है, विश्व के अनेक देशों में अशांति है, विभिन्न आतंकवादी संगठन बंदूक के बल पर अपने मजहब की सत्ता स्थापित करने के प्रयास में हैं, अनेक निजी सेनाएं गठित हैं, जो परमाणु हथियारों पर अधिकार करने के प्रयास में हैं और हमारी दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी है। मजहब, संप्रदाय, त्वचा के रंग, तथाकथित जाति और सत्ता के नाम पर मनुष्य ही मनुष्य को नष्ट करना चाह रहा है और इसे नष्ट कर सकने की क्षमता को ही हम ताकतवर होना कहते हैं। हां, अपने बचाव की क्षमता भी ताकतवर होना कहलाती है। दूसरे को नष्ट कर सकने को हम अपनी महान उपलब्धि मानते हैं।

हम लोगों ने सिकंदर को 'महान' कहा। क्यों महान कहा? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकल कर तलवार के बल पर इस छोटे से ग्रह के एक बहुत छोटे से भू-भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महानता की यह निशानी होनी चाहिए अथवा यह कि कोई प्रेम और आदर्शों के बल पर लोगों के मन पर अधिकार कर सके, उन्हें दिशा दे सके और अपनी सोच और बुद्धि के बल पर मानव-जाति को नई ऊंचाइयों तक ले जा सके? क्या हम लोगों को अपने बच्चों को महानता की नई परिभाषा पढ़ाने की आवश्यकता नहीं है? यदि मानव इस विशाल ब्रह्मांड में अपनी स्थिति को देखे तो वह पाएगा कि उसकी स्थिति पृथ्वी के वायुमंडल में तैरते हुए धूल के एक कण से भी कम है। इस ब्रह्मांड में हमारी पृथ्वी की स्थिति पृथ्वी के तमाम समुद्र-तटों पर बिखरी हुई रेत में से उसके एक कण के बराबर भी नहीं है। हमें हमारी लघुता का आभास तब होगा जब हम इस ब्रह्मांड को देखने और समझने का प्रयास करेंगे। तब हमें हमारे क्षुद्र स्वार्थ बहुत छोटे लगेंगे। हमारे दृश्यमान ब्रह्मांड यानी ब्रह्मांड का वह हिस्सा जिसे हम देख सकते हैं में लगभग 300 अरब निहारिकाएं हैं और हर गैलेक्सी में औसतन लगभग 300 अरब तारे हैं। इनमें से अनेक तारों के ग्रह मंडल हैं, जैसे-हमारे सूर्य के।

हम कल्पना करें कि इस दृश्यमान ब्रह्मांड में कितने ग्रह होंगे। एक अन्य अनुमान के अनुसार इस दृश्यमान ब्रह्मांड में 2000 अरब अर्थात 20 खरब गैलेक्सीज हैं। ब्रह्मांड का वह हिस्सा, जिसे हम देख नहीं सकते हैं। अवलोकनीय ब्रह्मांड की विशालता की तो हम कल्पना ही कर सकते हैं अथवा शायद वह विशालता अकल्पनीय ही हो। इस ब्रह्मांड की विशालता की कल्पना के बाद हम यह कल्पना करें कि कितने ग्रहों पर उन्नत जीवन और उन्नत सभ्यताएं होंगी और वह हमसे कितनी आगे हो सकती हैं। हम उनकी नजरों में एक कीड़े के समान महत्व रखते हुए हो सकते हैं। हमारे ब्रह्मांड के अनगिनत तारों में से अनेक तारे हमारे सूर्य से मात्रा, आकार, चमक और तापमान में बहुत अधिक हैं। हमारा सूरज तो केवल एक 'जी' प्रकार का मध्यम, पीला तारा है। यहां फटते हुए तारे (सुपरनोवा) हैं, जिनकी चमक पूरी गैलेक्सी से भी अधिक है। यहां न्यूट्रॉन स्टार्स हैं, जिनके एक चम्मच पदार्थ का वजन दसियों लाख टन है और यहां 'ब्लैक होल्स' हैं, जिनके गुरुत्वाकर्षण से प्रकाश भी नहीं छूट सकता है। यहां 'क्वासर्स' हैं, जिनको दृश्यमान ब्रह्मांड के छोर पर स्थित होने के बावजूद यहां से देखा जा सकता है। यहां कुछ बाइनरी स्टार्स हैं और कुछ टर्शियरी।

हमारी पृथ्वी का व्यास लगभग 13,000 किलोमीटर है, वृहस्पति जैसे गैसीय ग्रह व्यास में इसके 12 गुने तक हैं। हमारा सूर्य पृथ्वी से व्यास में 110 गुना बड़ा है,उसमें 13 लाख पृथ्वी समा सकती हैं और हमारे सौरमंडल के सारे ग्रह मिलकर भी सूर्य के परिमाण का केवल 1 प्रतिशत बनाते हैं। कुछ तारे सूर्य से बहुत बड़े हैं और बहुत ज्यादा गर्म हैं,जैसे बीटलग्यूस, एस.डोराडस, रिगेल, एंटारेस और यू.वाई.स्कूटी। यू वाई स्कूटी सूरज से व्यास में 1700 गुना बड़ा है। रिगेल सूरज से पचास हजार गुना ताकतवर है, कुछ तारे उससे एक लाख गुना तक ताकतवर हैं। अंतरिक्ष में दूरियों को हम प्रकाश की गति से नापते हैं। निर्वात में प्रकाश की गति लगभग 3 लाख (2,99,792.458) किलोमीटर प्रति सेकंड होती है। इस गति से चलकर प्रकाश एक वर्ष में जितनी दूरी तय करता है, उस दूरी को एक प्रकाश वर्ष कहते हैं। किलोमीटर में यह लगभग 9.50×10 यानी 9,500 अरब किलोमीटर आती है। हमारे सौरमंडल की आखिरी सीमा ऊर्ट क्लाउड है,जो धूमकेतुओं का स्थान है। यह पृथ्वी से लगभग 1 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। हमारे सूर्य के सबसे पास का तारा प्रॉक्सिमा सेंटॉरी हमसे लगभग 4.5 प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। हमारी निहारिका 'आकाशगंगा' व्यास में लगभग एक लाख प्रकाश वर्ष की है और इसका केन्द्र हमसे लगभग 26,000 प्रकाश वर्ष दूर है। हम इसकी एक स्पाइरल भुजा ओरिऑन में उसके अंदरूनी किनारे पर स्थित हैं।

हमारी गैलेक्सी इस प्रकार घूम रही है, जैसे उसकी भुजाओं को कसा जा रहा हो। इसके केंद्र में एक ब्लैक होल है और केंद्र के आसपास तारे बहुत अधिक संख्या में हैं। यह अपनी धुरी पर एक चक्कर लगभग 22.5 करोड़ से 25 करोड़ वर्ष में लगाती है। इस समय को एक गैलेक्टिक या कॉस्मिक वर्ष कहते हैं। हमारा सूर्य भी अपने सभी ग्रहों के साथ लगभग 220 से 250 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से इसके केंद्र का चक्कर लगभग इतने ही समय में लगा रहा है, क्योंकि हमारे सूर्य का अपनी गैलेक्सी का चक्कर लगाने का समय गैलेक्सी के घूमने की गति के ठीक बराबर नहीं है, इसलिए सूर्य अपनी गैलेक्सी की अपनी भुजा में अपने स्थान से कभी थोड़ा बाहर और कभी थोड़ा अंदर चला जाता है। हमारी गैलेक्सी लगभग 20 गैलेक्सीज के एक 'लोकल ग्रुप' का हिस्सा है। यह लोकल ग्रुप दसियों लाख प्रकाश वर्ष चौड़ा है। इस लोकल ग्रुप में एन्ड्रोमेडा और एम 31 बड़ी निहारिकाएं हैं। एम 31 के चारों ओर दो छोटी निहारिकाएं घूमती हैं। ये नियम सार्वभौमिक हैं, सर्वव्यापी हैं और यह सृष्टि के प्रारंभ से ही विद्यमान हैं और इसके अंत तक विद्यमान रहेंगे।

# हिंदी ग़ज़ल के महानायक





सुरेन्द्र बीनू सिन्हा
बरेली

हिंदी साहित्य में हिंदी गजल विधा को प्रतिष्ठित करने वाले प्रसिद्ध रचनाकार दुष्यंत कुमार का जन्म 1 सितंबर 1933 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के राजपुर नवादा गांव में हुआ था। उनका मूल नाम 'दुष्यंत कुमार त्यागी' था, लेकिन वह साहित्य जगत में 'दुष्यंत कुमार' के नाम से जाने गए। प्रयाग विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ ही साहित्यिक जीवन का आरंभ हुआ और उनके लेखन को एक नया आयाम मिला।

अपने अध्ययन के दौरान दुष्यंत कुमार साहित्यिक संस्था 'परिमल' की गोष्ठियों में सक्रिय रूप से भाग लेते रहे और 'नए पत्ते' जैसे महत्वपूर्ण पत्र से भी जुड़े रहे। इस समय उन्हें मार्गदर्शक के रूप में 'डॉ.रामकुमार वर्मा', 'डॉ. धीरेंद्र कुमार शास्त्री' व 'डॉ. रसाल' मिले तो सहपाठी के रूप में 'कमलेश्वर', 'मार्कंडय' और 'रवींद्रनाथ त्यागी' का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में एक सामान्य पद के कर्मचारी के रूप में नौकरी की शुरुआत की। यहां कुछ समय तक कार्य करने के बाद उन्होंने इस कार्य से इस्तीफा दे दिया और 'किरतपुर इंटर कॉलेज' में अध्यापन कार्य की शुरुआत की,किंतु इस कार्य को भी उन्होंने कुछ समय बाद छोड़ दिया और पुनःआकाशवाणी दिल्ली में नौकरी करने लगे। यहां कुछ समय तक कार्य करने के बाद उनका भोपाल केंद्र में ट्रांसफर हो गया,जहां उन्होंने रेडियो के लिए ध्वनि नाटक लिखे। इसके पश्चात दुष्यंत कुमार ने आकाशवाणी में सहायक निर्माता का पद छोड़ दिया और ट्रायबल वेलफेयर में डिप्टी डायरेक्टर का पद भार संभाला, किंतु अपने विद्रोही व्यवहार के कारण उन्होंने इस नौकरी को भी कुछ समय बाद छोड़ दिया। फिर उन्होंने कुछ वर्षों तक मध्य प्रदेश के राजभाषा विभाग में सहायक निर्माता के रूप में कार्य किया।

आधुनिक हिंदी साहित्य में दुष्यंत कुमार का पदार्पण होने के बाद उन्होंने अपनी आरंभिक रचनाएं 'परदेसी' के नाम से लिखी थीं। किंतु कुछ समय बाद उन्होंने अपने उपनाम 'दुष्यंत कुमार' से ही लिखना शुरू कर दिया। दुष्यंत कुमार ने हिंदी साहित्य जगत में कई विधाओं में रचनाएं की, जिनमें उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक, गीति नाट्य और गजल विधा शामिल हैं।

# सामाजिक यथार्थ को ग़ज़ल में उकेरते दुष्यंत कुमार



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

हिंदी गज़लकारों ने आम आदमी की आशा, निराशा, संघर्षशीलता, कुंठा, पीड़ा, घुटन, विक्षोभ, तनाव, आक्रोश आदि को आत्मसात करते हुए अपनी ग़ज़लों में पिरोने का कार्य किया है। साठोत्तरी ग़ज़ल के समर्थ हिंदी ग़ज़ल शिल्पियों में दुष्यंत कुमार का नाम सर्वप्रथम आता है।

दुष्यंत कुमार सामाजिक चेतना की भावना जगाने हेतु सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, नैतिक जीवन की विसंगतियों पर कड़ा प्रहार करते हैं। उनकी गजलों में देश प्रेम की भावना स्पष्ट मुखरित होती है। वे अपनी गजलों में काल्पनिकता की बजाय मनुष्य जीवन की यथार्थता को महत्व देते हैं। उनकी ग़ज़लों में आशावादी दृष्टिकोण व्यक्त हुआ है और यह स्थिति पूरे भारत की है। जहां असंख्य लोग जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं अन्न, वस्त्र एवं निवास से वंचित हैं। भारत की सही-सही तस्वीर इन पंक्तियों में व्यक्त हुई हैं-"कल नुमाईश में मिला वो चीथड़े पहने हुए, मैंने पूछा नाम तो बोला कि हिंदुस्तान है''। दुष्यंत की इस ग़ज़ल से यही स्पष्ट होता है कि 'समसामयिक युग में ग़ज़ल दरबारीपन से घरबारीपन की ओर जा रही है।' वह महफिलों से निकलकर जन चेतना से संपृक्त हो रही है। यह बदलाव सामाजिक जरूरतों के तहत है। "सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि यह सूरत वदलनी चाहिए''।

आज ग़ज़ल की व्यापक, सशक्त, ज्वलंत विशेषता है सामाजिकता। समाज के दर्द को उभारना, उसके कारणों की मिमांसा करना ग़ज़ल की सार्थकता है। संप्रति, समाज में नैतिक और सामाजिक मूल्यों का पतन सर्वत्र दृष्टिगत हो रहा है। मनुष्य संवेदनाहीन होने के कारण, समाज की उपेक्षा कर रहा है। समाज में स्थित सांस्कृतिक मूल्य, पारस्पारिक प्रेम भाव, सहानुभूति, संवेदना, त्याग, आदर्श न जाने कहां खो गए हैं? आज समाज में कतिपय लोग ईंट का जवाब पत्थर से देने में विश्वास रखते हैं। यह मानसिकता स्वस्थ समाज के लिए हितकारी नहीं है।

# प्लूटो के 'ग्रह प्रवेश की संभावनाएं'



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> सूर्य का प्रकाश प्लूटो तक पहुंचने में पांच घंटे से भी अधिक समय लेता है। आकार की बात करें तो प्लूटो सौरमंडल के वर्तमान आठ ग्रहों में से सबसे छोटे ग्रह बुध से भी छोटा है।

हाल ही में ग्रहों की नवीन परिभाषा को मान्यता दिलाने के प्रयासों की वजह से हमारे सौरमंडल का बौना ग्रह अर्थात प्लूटो एक बार पुनः चर्चा का विषय बना हुआ है। नई परिभाषा को संस्तुति मिल जाने के उपरांत हमारे सौरमंडल में ग्रहों की संख्या आठ से बढ़कर पुनः नौ हो जाएगी। ब्रह्मांड में कितने आकाशीय पिंड हैं, इसका अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल कार्य है। और तो और, स्वयं ब्रह्मांड कितना बड़ा है इस प्रश्न का उत्तर भी फिलहाल हमारे वैज्ञानिकों के पास नहीं है। कारण यह है कि उत्पत्ति के क्षण से ही ब्रह्मांड में लगातार प्रसार हो रहा है और ब्रह्मांड का यह फैलाव थमने का नाम नहीं ले रहा है।


ब्रह्मांड में असंख्य आकाशगंगाए हैं। एक आकाशगंगा में असंख्य तारे विद्यमान हैं। हमारी आकाशगंगा जिसे दुग्धमेखला के नाम से जाना जाता है, अगणित तारों को अपने में समाहित किए हुए हैं। सूर्य जो हमारे लिए ऊर्जा का सर्वप्रधान स्रोत हैं, इसी दुग्धमेखला का एक तारा है। वर्ष 2006 से पूर्व सूर्य के पास नौ ग्रह थे- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, यूरेनस, नेप्चून एवं प्लूटो। 18 फरवरी 1930 को खोज के उपरांत प्लूटो को नवें ग्रह के रूप में मान्यता मिली। दरअसल उस वक्त किसी आकाशीय पिंड के ग्रह के रूप में परिभाषित होने के लिए जो मानक थे, प्लूटो उन पर खरा उतरता था। इन मानकों में मुख्यतः दो शर्तें थीं। पहला तो यह कि पिंड सूर्य (अथवा कोई भी तारा) की परिक्रमा करता हो एवं दूसरा यह कि उसके पास पर्याप्त गुरुत्वाकर्षण बल हो। किंतु 13 सितंबर 2006 को अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की एक बैठक हुई, जिसमें ग्रह की नवीन परिभाषा गढ़ी गई। इस नई परिभाषा में एक मानक और शामिल किया गया, वो यह कि कोई भी आकाशीय पिंड ग्रह तभी कहा जाएगा जब उसकी सूर्य के परितः कक्षा किसी अन्य ग्रह की कक्षा के साथ प्रतिच्छेद न करती हो।

प्लूटो इस मानक पर खरा नहीं उतर सका, क्योंकि उसकी कक्षा नेप्च्यून (वरुण) की कक्षा को काटती है। इस बैठक में खगोलीय पिंडों की एक नई श्रेणी को भी परिभाषित किया गया, जिसे बौना ग्रह (ड्वॉर्फ प्लैनेट) कहा जाता है। प्लूटो, इरिस, सेरेस आदि को इसी श्रेणी के अंतर्गत रखा गया। 2006 के बाद से प्लूटो के बौना ग्रह की श्रेणी में आ जाने के कारण सूर्य के ग्रहों की संख्या आठ रह गई। प्लूटो के ग्रह परिवार से निष्कासन ने अनेक विवादों को जन्म दिया। प्लूटो सूर्य से अत्यधिक दूरी पर होने के कारण इसे सूर्य की एक परिक्रमा करने में 247.68 वर्ष लगते हैं। सूर्य के करीब होने पर इसकी सूर्य से दूरी 4.4 अरब किलोमीटर एवं सूर्य से दूर होने पर 7.4 अरब किलोमीटर होती है।

सूर्य का प्रकाश प्लूटो तक पहुंचने में पांच घंटे से भी अधिक समय लेता है। आकार की बात करें तो प्लूटो सौरमंडल के वर्तमान आठ ग्रहों में से सबसे छोटे ग्रह बुध से भी छोटा है। प्लूटो की कक्षा 120 अंश के कोण पर झुकी है, जिस कारण सूर्य के परितः परिक्रमण करते समय प्लूटो पर जलवायु परिवर्तन की एक बड़ी मात्रा देखने को मिलती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार प्लूटो का अर्थ है-यम और इसे मृत्यु का देवता माना जाता था, किंतु प्लूटो की ग्रह परिवार से सदस्यता भंग होने की प्रमुख वजह इसकी कक्षा का नेप्च्यून की कक्षा के साथ ओवरलैप करना ही था। प्लूटो को बौने ग्रह की संज्ञा दे दिया जाना एक विवाद का विषय बन गया, जो आज तक जारी है। दरअसल नेप्च्यून की कक्षा के आगे एक पट्टी पड़ती है, जिसमें ढेर सारे बर्फीले क्षुद्र ग्रह मौजूद हैं। इस पट्टी को कूपर बेल्ट के नाम से जाना जाता है। अपनी खोज के 76 वर्ष बाद तक प्लूटो को एक ग्रह ही माना जाता रहा। कारण यह था कि खोजे जाने के 62 वर्ष बाद तक प्लूटो कूपर पट्टी में ज्ञात एकमात्र पिंड था। इस वजह से प्लूटो को लेकर कोई विवाद एक लंबे समय तक खड़ा नहीं हुआ, किंतु तकनीकी की प्रगति ने वैज्ञानिकों को अपेक्षाकृत अधिक दूरी तक स्पष्ट देखा पाने में समर्थ बना दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि कूपर पट्टी में वर्ष 1992 में एक अन्य पिंड की खोज कर ली गई। धीरे-धीरे इन पिंडों की संख्या सैकड़ों तक पहुंच गई।

वर्ष 2005 में इसी बेल्ट में इरिस नामक एक पिंड खोजा गया, जो आकार में प्लूटो से बड़ा था। अब समस्या यह थी कि क्या इरिस को भी ग्रह की श्रेणी में रख लिया जाए। अनेक ऐसे प्रश्न उत्पन्न हुए, जिनके हल हेतु वर्ष 2006 में इंटरनेशनल एस्टॉनोमिकल यूनियन के खगोलविदों को मीटिंग करके प्लूटो को ग्रह की श्रेणी से निष्कासित करने का निर्णय लेना पड़ा। इस मीटिंग के साथ ही दो पृथक मतों ने भी जन्म ले लिया, एक प्लूटो को ग्रह मानने के पक्ष में और दूसरा विपक्ष में। हाल फिलहाल प्लूटो को पुनः ग्रह का दर्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। अगर ऐसा होता है तो खगोलिकी के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर परिवर्तन परिलक्षित होंगे।

# आंबेडकरवादी और बुद्धिवादी





सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आपमें कोई भी व्यक्ति आंबेडकराइट या बुद्धिस्ट नहीं है, जिस पर एक सज्जन उठ खड़े हुए और बोले मैं आंबेडकराइट हूं। इस पर पेरियार लालई सिंह बोले आपने अपने बेटे-बेटियों की शादी जाति से क्या बाहर की है? उन्होंने कहा नहीं पेरियार ने तुरंत कहा आगे से हटिए, आगे बढ़िए उसके बाद उन्होंने बुद्धिस्ट होने की आधारभूत शर्त बताई।

आप सबसे पहले जाति और वर्णव्यवस्था को तोड़िए। आप जाति के बाहर रोटी-बेटी के संबंध स्थापित कीजिए। यदि आप अपनी ही जाति को ढोते हैं तो आप वेदवादी हैं, हिंदुत्ववादी हैं, हिंदू हैं। उनका उद्देश्य यह था लोग मंचों पर ही आंबेडकरवादी और बुद्धिवादी होते हैं। वे कहते थे कि आप लोग वर्णव्यवस्था पर आधारित किसी भी बात को मत मानिए। गौतम बुद्ध ने वर्णव्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाई। वर्चस्ववादी मूल्यों को स्थापित शास्त्रों का विरोध करो। बुद्ध के मार्ग पर चलकर ज्ञानजन्य आधारित समाज का निर्माण करो।

आंबेडकर को कोड करते हुए कहते हैं, जिनसे उनकी मुलाकात ग्वालियर 1951 में मुलाकात कर चुके थे। उनके ज्ञान से बहुत प्रभावित थे। जातिव्यवस्था, वर्णव्यवस्था को नकार कर मानवतावादी बौद्ध के मार्ग को अपनाओ। वे कहते थे जब तक आप व्यवहार में बुद्ध, पेरियार और आंबेडकर को नहीं उतारेंगे, तब आंबेडकराइट नहीं। बुद्धिस्ट नहीं सुविधायिस्ट हैं।

# प्रारम्भिक शिक्षा के सम्बन्ध में कोर्ट ने पूछा सवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने आदेश के बावजूद शिक्षा के अधिकार कानून के तहत प्रारम्भिक शिक्षा को लेकर दिए गए सर्वेक्षण कराने के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा को वीडियो कॉंफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की प्रक्रिया में शामिल होकर, आदेश का अब तक अनुपालन न होने का कारण बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 4 सितम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने महेन्द्र नाथ राय की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिकार के तहत सभी बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा दिए जाने की अनिवार्यता सम्बन्धी प्रावधानों का पूर्णतया पालन नहीं हो रहा है। इस पर 30 अप्रैल को न्यायालय ने अपर मुख्य सचिव को पूरे प्रदेश में बच्चों की प्रारम्भिक शिक्षा को लेकर सर्वेक्षण का आदेश दिया था। आदेश के कई महीने बीत जाने के बावजूद आदेश का अनुपालन न होने पर न्यायालय ने कहा कि यह अच्छी स्थिति नहीं है।

# प्रॉपर्टी का ब्योरा स्पैरो से मानव संपदा पोर्टल पर जोड़ा जाएगा

## आईएएस, आईपीएस व पीसीएस को लेकर नया शासनादेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईएएस, आईएफएस पीसीएस के प्रॉपर्टी का ब्योरा स्पैरो (स्मार्ट परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट रिकॉर्डिंग ऑनलाइन विंडो) से ही अब मानव संपदा पोर्टल पर भी जुड़ेगा। अलग से इन अधिकारियों को ब्योरा दर्ज करने की जरूरत नहीं होगी।

यह शासनादेश कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज की ओर से सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों को जारी किया गया है। कहा गया है कि आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व पीसीएस को छोड़कर बाकी अधिकारी व कर्मचारी मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल व अचल संपत्ति का ब्योरा भरेंगे। पहले राज्य के सभी आईएएस, आईएफएस, आईपीएस व पीसीएस अधिकारियों को शनिवार को पोर्टल पर संपत्ति का ब्योरा देने का अंतिम दिन तय था। मुख्यमंत्री स्तर से सख्त निर्देश था कि रात 12 बजे तक जिन अधिकारी से लेकर कर्मचारी की संपत्ति का ब्योरा दर्ज नहीं होगा, उसे अगस्त का वेतन नहीं मिलेगा।




- कार्मिक विभाग ने एनआईसी को दिए स्पैरो से संपत्ति का ब्योरा इंटीग्रेट करने का निर्देश

लेकिन, अधिकारी इस बात की मांग कर रहे थे कि जब पहले से ही स्पैरो पर ब्योरा दर्ज है, तो दूसरे पोर्टल पर देने का क्या औचित्य होगा। लिहाजा शासन ने रास्ता निकाला कि स्पैरो से ही मानव संपदा पोर्टल पर सभी अधिकारियों का ब्योरा इंटीग्रेट करना उचित रहेगा।

प्रमुख सचिव ने आदेश में एनआईसी को निर्देश दिया है कि स्पैरो पर प्रस्तुत अधिकारियों के संपत्ति विवरण को मानव संपदा पोर्टल से इंटीग्रेट करने की जाए। यह कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शनिवार को रात 12 बजे के पहले सभी का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर दिखने लगे।

### पूरे दिन हांफते नजर आए 3.50 लाख राज्यकर्मी

शुक्रवार तक लगभग 1.45 लाख ने ब्योरा दर्ज करने के बाद भी कुल संख्या 4.93 लाख ही पहुंची। जबकि कुल 8.43 लाख राज्यकर्मियों में 3.50 लाख शनिवार को मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा दर्ज करने में पूरे दिन हांफते नजर आए।

# शादी का झांसा देकर छात्रा का शोषण करने पर सिपाही निलंबित

**महोबा, अमृत विचार :** 3 साल तक शादी का झांसा देकर एक छात्रा का यौन शोषण करने के आरोप में एक सिपाही को एसपी ने निलंबित कर दिया । साथ ही उस पर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

थाना पनवाड़ी के एक गांव निवासी पीड़ित छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि थाना पनवाड़ी में तैनात सिपाही ने तीन साल पहले शादी का झांसा देकर उनके साथ शारीरिक सम्बन्ध बना लिए। शादी की बात करने पर वह बहाने बनाता रहा, जिससे तीन साल टल गए। अब छात्रा ने सिपाही पर शादी का दबाव बनाया तो उसने बंदूक लगा दी और कहा कि ज्यादा शादी के चक्कर में पड़ोगी तो जान से मार दूंगा। सिपाही के धमकी देने के बाद छात्रा ने अपने साथ घटी घटना की जानकारी पिता को दी। छात्रा के साथ पिता ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता से मुलाकात कर सारी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने सिपाही प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

# नमामि गंगे से राज्य की पांच परियोजनाओं को मिली मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में गंगा नदी के संरक्षण और सफाई के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही सरकार के प्रयासों को एक और कामयाबी मिली है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 56वीं कार्यकारी समिति की बैठक में प्रदेश के लिए 73.39 करोड़ रुपए की लागत वाली 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण और सफाई के लिए कदम उठाना है।

ये परियोजनाएं गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने और उसके इको-सिस्टम को सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। नमामि गंगे और आईआईटी बीएचयू के बीच संस्थागत ढांचे के तहत वाराणसी में स्मार्ट लैबोरेटरी फॉर क्लीन रिवर परियोजना के सचिवालय की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना भारत में छोटी नदियों के कायाकल्प के लिए एक महत्वाकांक्षी और महत्त्वपूर्ण पहल है। वहीं, प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गुलावठी में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य गंगा की सहायक पूर्वी काली नदी के प्रदूषण को रोकना है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने की। बैठक में एनएमसीजी के उपमहानिदेशक नलिन श्रीवास्तव, ईडी (प्रोजेक्ट) ब्रिजेन्द्र स्वरुप, ईडी (तकनीकी) अनिल कुमार सक्सेना, ईडी (एडमिन) एसपी वशिष्ठ, ईडी (फाइनेंस) भास्कर दासगुप्ता और जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा संरक्षण, जल शक्ति मंत्रालय की संयुक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार ऋचा मिश्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सहायक नदियों के कायाकल्प को स्वीकृति

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से ऊपरी गोमती नदी बेसिन में निचले क्रम की धाराओं और सहायक नदियों के कायाकल्प की योजना को भी मंजूरी दी गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत 81.09 लाख रुपये है। यह परियोजना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटी नदियां और धाराएं बड़ी नदियों के जल प्रवाह और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण होती हैं।

# शराब ठेके का सेल्समैन बेच रहा था स्मैक, गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** शराब का सेल्समैन ही स्मैक बेच रहा था। एक बड़ी डील होने पर उसे लखनऊ से आई एंटी नॉरकोटिक्स की टीम ने गिरफ्तार किया। महमूदाबाद कस्बे में हुई धरपकड़ के बाद आरोपी के कब्जे से 458 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के पास डील करने के दौरान उपयोग में लाया गया मोबाइल बरामद हुआ है। लखनऊ से आई एंटी नॉरकोटिक्स टीम में निरीक्षक विवेक कुमार यादव हमराह फोर्स के साथ थे। निरीक्षक के मुताबिक, उन्हें सूचना मिली थी कि महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का मुबारकपुर निवासी शराब सेल्समैन प्रवीन कुमार स्मैक की एक बड़ी डील करने जा रहा है। उसके संपर्क और संबंध कई रसूखदारों से है। इसके सहारे पूर्व भी ऐसी ही कार्य करता रहा है। इसी के बाद मुखबिर की सूचना पर एंटी नारकोटिक्स टीम ने दबिश दी और आरोपी प्रवीन कुमार को गिरफ्तार किया। दावा है कि आरोपी के कब्जे से 458 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

# 200 की सूची में से 85 दागी कॉलेज हटाए गए

अयोध्या कार्यालय

- हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पहले चरण में हुए परीक्षण के बाद 200 कॉलेजों में से करीब 85 दागी कॉलेजों को सूची से बाहर कर दिया गया है। वहीं 15 ऐसे कॉलेज भी पाए गए हैं जिन्हें डिबार किया जाना है। यह वह कॉकालेज हैं जिन्होंने गत परीक्षा के दौरान लगातार अपने यहां के सीसीटीवी कैमरों से विभिन्न तरीक से छेड़छाड़ की है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद इस बार बोर्ड परीक्षा को लेकर पहले से सख्ती बरतने के मूड में है। इसीलिए परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया अभी से शुरू कर दी गई है। गत वर्ष जहां 126 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे वहीं इस बार केन्द्रों की संख्या 180 के करीब रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड की ओर निर्देश दिया गया है कि सभी संसाधनों से युक्त, सड़क के किनारे स्थित, अच्छे रिकॉर्ड वाले कॉलेजों को ही केंद्र बनाया जाए। इसे लेकर जुलाई में सभी 426 कॉलेजों को सूचीबद्ध करके 220 कॉलेजों की छंटनी की गई। जिसमें से पहले ही 20 ऐसे कॉलेजों को सूची से बाहर कर दिया गया जो कभी परीक्षा केंद्र बने ही नहीं थे और बोर्ड के मानकों को भी नहीं पूरा कर रहे थे। इसके बाद 200 कॉलेज सूचीबद्ध हुए। जिनकी जांच के लिए 40 अधिकारी नामित किए गए। इन अधिकारियों द्वारा गत सप्ताह दी गई रिपोर्ट पर मंथन के बाद 85 दागी कॉलेज सूची से बाहर किए गए और 15 को डिबार के रुप में चिह्नित किया गया। अब मात्र 100 ऐसे कॉलेज बच रहे हैं जिन्हें परीक्षा केन्द्रों के लिए संस्तुति की जा सकती है।

# भदोही में घर में घुसकर नवविवाहिता से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**भदोही, एजेंसी :** जिले के औराई थाना क्षेत्र में घर में अकेली पाकर एक 20 वर्षीया नवविवाहिता से एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सच्चिदानंद पांडेय ने मामले में दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में 26 अगस्त की देर शाम यह घटना तब हुई जब पीड़ित महिला का पति घर से कहीं बाहर गया था और वह घर पर अकेली थी। पांडेय ने बताया कि घमहापुर गांव निवासी राहुल (28) ने महिला को पैसे का प्रलोभन देकर पहले अवैध संबंध बनाने का प्रयास किया, लेकिन उसके विरोध करने पर उसका मुंह दबाकर उससे दुष्कर्म किया। महिला ने पति के आने पर घटना के बारे में बताया और इसके बाद दोनों ने शुक्रवार को थाने में मुकदमा दर्ज कराया। महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अनपरा समेत 4 इकाइयां ठप बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** अनपरा समेत चार इकाइयों के शनिवार को ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। उत्पादन बिजलीघरों में लगभग दो हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया है। हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई है। उधर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली संकट बना हुआ है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की 210 मेगावाट, जवाहरपुर की 660 मेगावाट और ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। इन इकाइयों को चालू किए जाने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता जवाहरपुर व ओबरा की इकाइयों को रात तक चालू किए जाने की उम्मीद जताते रहे, जबकि अनपरा इकाई के तीन सितंबर को चालू होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि पहले से बंद रही ओबरा सी की 660 मेगावाट व 200 मेगावाट क्षमता की अन्य इकाई के अगले दो दिनों में चालू होने की संभावना है। प्रदेश में शनिवार को अधिकतम बिजली की मांग 27,886 मेगावाट दर्ज की गई। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि उमस के कारण बिजली की मांग बढ़ी हुई है। इस कारण उत्पादन इकाइयों पर ज्यादा भार पड़ रहा है।



- दो हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घटा, लोग परेशान

# 28 चकबंदी कर्मियों पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक एसओसी समेत 3 निलंबित, एक डीडीसी हटाए गए

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश पर चकबंदी विभाग के 28 चकबंदी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई। कुशीनगर के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो चकबंदी लेखपालों पर निलंबन की कार्रवाई हुई है।

एक उप संचालक चकबंदी को हटाने का आदेश दिया गया है। कार्रवाई के दायरे में आठ मंडलों के चकबंदी अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इन कर्मियों पर पद के दुरुपयोग, लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप हैं। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि कुशीनगर के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संतोष कुमार को कार्य में लापरवाही पर निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विभागीय कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। सहायक चकबंदी अधिकारी संजय मौर्य के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही एवं चकबंदी लेखपाल को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। गोरखपुर के उप संचालक चकबंदी राज नारायण त्रिपाठी को कार्य की प्रगति संबंधी सूचना न देने पर पद से हटाने के लिए नियुक्ति विभाग को पत्र लिखा गया है। इसके अलावा वाराणसी के बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिद्ध को ग्राम अजगरा का कार्य पूरा न करने व स्थानांतरित चकबंदी लेखपालों को अवमुक्त न करने के कारण वेतन रोकने के साथ अनुशासनिक कार्रवाई की गई है।

# नहाते समय गंगा में डूबे उप निदेशक

संवाददाता, बिल्हौर/उन्नाव

**अमृत विचार :** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के नानामऊ घाट पर शनिवार को दोस्तों के साथ गंगा नहाने पहुंचे प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के उप निदेशक डूब गए। पुलिस की मौजूदगी में दिन भर सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन देर शाम तक बरामद करने में कामयाबी नहीं मिल सकी। रविवार सुबह फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।



आदित्यवर्धन सिंह।

वाराणसी के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में उप निदेशक आदित्यवर्धन सिंह (45) लखनऊ के इंदिरा नगर के रहने वाले हैं। उनका पैतृक गांव कबीरपुर खंभौली उन्नाव जनपद के बांगरमऊ थाना क्षेत्र में है। इसके पहले वह कई जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी रह चुके हैं। शनिवार को वह इंदिरा नगर लखनऊ निवासी अपने दोस्त प्रदीप तिवारी पुत्र विजय बहादुर तिवारी और बांगरमऊ क्षेत्र के पतासिया निवासी योगेश्वर मिश्रा पुत्र विनोद कुमार मिश्रा के साथ गंगा स्नान करने नानामऊ घाट पहुंचे थे। नहाते समय आदित्यवर्धन गहरे पानी में समा गए। दोनों दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। खोजबीन में एसडीआरएफ की भी मदद ली गई, मगर देर शाम तक आदित्य वर्धन को बरामद करने में कामयाबी नहीं मिल सकी। रविवार सुबह फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

**मछुआरे ने मांगे 10 हजार रुपये :** जिस समय उप निदेशक आदित्य वर्धन सिंह गंगा में डूब रहे थे, उस समय उन्होंने दोनों हाथ उठाकर बचाने की गुहार लगाई। दोस्तों ने स्थानीय मछुआरों से मदद मांगी तो 10 हजार रुपये की मांग की गई। बांगरमऊ। सीएमओ रह चुके आदित्य वर्धन सिंह के पिता रमेश चंद्र सिंचाई विभाग में इंजीनियर थे, जो अब रिटायर हो चुके हैं। आदित्य की बहन गुड़िया आस्ट्रेलिया में उच्च पद पर तैनात हैं।

### महाराष्ट्र में जज हैं पत्नी

आदित्य की पत्नी श्रेया मिश्रा महाराष्ट्र में जज हैं। हादसे की सूचना मिलते ही वह बदहवास हो गईं। वह कानपुर के लिए रवाना हो चुकी हैं। गांव में रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक चाचा सतेंद्र सिंह के बेटे योगेंद्र सिंह नीरज पीपीएस अफसर हैं, जो मौजूदा समय में गोरखपुर के गुरु गोरखनाथ मंदिर सर्किल के सीओ हैं। सभी लोग कानपुर आ रहे हैं।

# नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना विकास प्राधिकरण के नौ अधिकारी निलंबित

नोएडा, एजेंसी

प्रदेश सरकार ने तबादला आदेश के बावजूद नए तैनाती स्थल पर उपस्थित नहीं होने पर नोएडा विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और यमुना विकास प्राधिकरण के नौ अधिकारियों और कर्मचारियों को शुक्रवार रात को निलंबित कर दिया और तीन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक सचिव अनिल कुमार सागर ने ये आदेश जारी किए। प्राधिकरण के सूत्रों के अनुसार, तीनों प्राधिकरण के ये अधिकारी बीते कई वर्षों से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण में ही थे और कुछ अधिकारियों का कई बार तबादला किया गया लेकिन वे अपने नए तैनाती स्थल पर हाजिर नहीं हुए। बताया जा रहा है कि जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है उनमें नोएडा विकास प्राधिकरण के विधि अधिकारी नरदेव, निजी सचिव विजेंद्र पाल सिंह कोमार, सहायक प्रबंधक यूसुफ फारूक, सहायक विधि अधिकारी सुशील भाटी, प्रबंधक सुमित ग्रोवर एवं लेखाकार प्रमोद कुमार तथा यमुना विकास प्राधिकरण के प्रबंधक अजब सिंह भाटी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक सुरेंद्र कुमार एवं प्रबंधक विजय कुमार बाजपेई शामिल हैं। इनके अलावा नोएडा प्राधिकरण के तीन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।

## वर्ग पहेली-178

**बाएं से दाएं**

1.1.प्रकट करना, प्रकटन 2.प्रचार, प्रसार 3.प्रकाशित करना 4.संस्करण, (एडीशन)।

4.1.शेष रहना 2.मृत्यु से बच जाना 3.दोष

5.आयुधशाला, शास्त्रागार।

7.कपड़े

9.1.फेंकने की क्रिया या भाव 2.झूठा और निराधार, मनगढ़ंत।

**ऊपर से नीचे**


2.1.नौकर, दास 2.आज्ञाकारी 3.अनुयायी, पीछे चलने वाला 4.साथी।

3.1.धुंधला पड़ना 2.पारदर्शिता ख़त्म होना 3.धुंधाना।

4.1.बगावत या विद्रोह करने वाला 2.राजद्रोह करने वाला 3.बगावत संबंधी।

6.मान या परिमाण

8.1.आकार आदि में बड़ा, दीर्घाकार, वृहत 2.उम्र या वय में बड़ा।




## वर्ग पहेली -177 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | लि | 2 का | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | रूँ | ■ | 3 ल | ■ |
| 4 ली | ■ | ■ | 5 भँ | जा | ई |
| 6 प | द | यो | ज | ना | ■ |
| ई | ■ | ■ | ना | ■ | 7 म |
| य | ■ | ■ | ■ | 8 भू | खा |
| 9 र | वि | वा | र | ■ | ना |

## सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 7 | | 5 | | 6 |
| | 7 | | | 1 | | | 9 | |
| | 9 | | 4 | | 3 | | 7 | |
| | 5 | 4 | | 9 | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| 6 | | | | 5 | | 9 | 4 | |
| | 3 | | 6 | | 7 | | 5 | |
| | 6 | | | 8 | | | 1 | |
| 9 | | 5 | | 4 | | 2 | | |

## सुडोकू -90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 | 7 |
| 3 | 2 | 8 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 7 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 2 सितंबर 05.21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**मेष:** आज पैतृक संपदा को लेकर कुछ चिंता रहेगी। घर के सदस्यों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। वैवाहिक जीवन में मनमुटाव होने की आशंका है। रियल एस्टेट के कारोबारियों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। बच्चों के भविष्य की चिंता रहेगी।

**वृष:** आज जॉब को लेकर इंटरव्यू दे रहे हैं तो परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया प्रोजेक्ट शुरू करना चाह रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। अपने लक्ष्य को लेकर आप पूरे जुनून से काम करेंगे। किसी समारोह के लिए निमंत्रण प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन:** आज अनुसंधान और शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। दिखावे की प्रवृत्ति से बचें। गुप्त शत्रुओं के कारण नुकसान हो सकता है। कारोबार में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। करियर में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क:** आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहने वाली है। आपको दांपत्य संबंधों को पर्याप्त समय देना चाहिए। आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप काफी सकारात्मक महसूस करेंगे। जॉब में आप अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

**सिंह:** आज जीवनसाथी के साथ संवादहीनता परेशानी का कारण बनेगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। अपने खानपान और दवाइयों का ध्यान रखें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा नहीं है। धन के लेन-देन में चूक हो सकती है।

**कन्या:** आज आप अपनी स्किल्स बढ़ाने का प्रयास करेंगे। विवाह योग्य संतान का विवाह तय हो सकता है। विवादों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।

**तुला:** आज पारिवारिक सदस्यों के बीच सौहार्द भाव बढ़ेगा। परिस्थितियां आपके पक्ष की रहने वाली हैं,इसीलिए समय का सदुपयोग करें। भविष्य को लेकर नए विचार मन में आएंगे। जल्दबाजी में किए गए कार्यों का यथोचित परिणाम मिलने में परेशानी होगी।

**वृश्चिक:** आज छात्रों को अपने सहपाठियों और शिक्षकों से सहायता मिलेगी। प्रेमी जन के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सोशल मीडिया पर आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे।


**धनु:** आज घरेलू समस्याओं को बाहर के लोगों से शेयर न करें। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। स्वास्थ्य की अनदेखी करना उचित नहीं है। आपके खर्चे अचानक बढ़ सकते हैं। महत्वपूर्ण काम की शुरुआत न करें। करियर में कई अवरोधों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज आपके सभी काम समय पर और निर्बाध होंगे। किसी परिजन के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। जीवनसाथी के साथ यादगार समय बितायेंगे। कारोबार में बड़ी डील होने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**कुंभ:** आज नव विवाहित जोड़े पर्यटन के लिए जा सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का प्रयोग सावधानी से करें। साइटिका के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। अधूरे पड़े सरकारी कार्यों को पूरा करने में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** आज महिला वर्ग को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुराने संबंधों से आपको लाभ प्राप्त होगा। छात्रों को उच्च शिक्षा में बड़ी सफलता मिल सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेषा 21.49 तक तत्पश्चात मघा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- लश्कर — दोपहर : 01.44
- मैं तेरा दुश्मन — रात : 07.00

&pictures
- सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.31
- डार्लिंग्स — रात : 08.00

Sony Pix
- जस्टिस लीग — सुबह : 11.30
- मैकेनिक — रात : 09.00

StarGOLD
- क्वांटममैनिया — सुबह : 09.03
- फॉल — रात : 07.00

Colors Cineplex
- तलाश — सुबह : 11.22
- बेटा — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बूढ़ा बस की सीट पर अकेला बैठा था तभी उसके साथ एक बुढ़िया आकर बैठ गई।
बुढ़िया बोली अंकल जी आप कहां जा रहे हो?
बूढ़ा कुछ नहीं बोला और चुप बैठा रहा ...
बुढ़िया फिर बोली अंकल जी कहां जा रहे हो?
अब बूढ़े से चुप नहीं रहा गया और वह बोला ,बेटी तुम बहुत सुंदर और जवान हो तेरे लिए लड़का देखने जा रहा हूं।

पति- आज खाना सासु मां ने बनाया है क्या ?
पत्नी- वाह कैसे पहचाना!
पति- जब तुम बनाती थी तो काले बाल निकलते थे ,आज सफ़ेद निकला है।




# पेरिस पैरालंपिक 2024




# रुबीना ने निशानेबाजी में दिलाया चौथा पदक

## फ्रांसिस ने एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में जीता कांस्य, भारत के पास अब पांच पदक

**शेटराउ (फ्रांस), एजेंसी**

भारत की रुबीना फ्रांसिस ने शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिलाओं की एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता जिससे देश के निशानेबाजों का मजबूत प्रदर्शन जारी रहा। रुबीना ने कुल 211.1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया।

उन्होंने क्वालीफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। पेरिस पैरालंपिक में यह भारत का निशानेबाजी में चौथा और कुल मिलाकर पांचवां पदक है। शुक्रवार को अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए इतिहास रच दिया था। उन्होंने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। मोना अग्रवाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) में रजत पदक जीता। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के पिस्टल संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।



पैरालंपिक में महिलाओं की एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में निशाना लगातीं रुबीना फ्रांसिस।

### अरशद और ज्योति ने ट्रैक साइकिलिंग में किया निराश



**पेरिस।** भारतीय साइकिलिस्ट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया शनिवार को पेरिस पैरालंपिक में अपनी ट्रैक साइकिलिंग स्पर्धाओं में प्रभावित करने में विफल रहे और क्वालीफिकेशन दौर में बाहर हो गए। पुरुषों के 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी13 के क्वालीफाइंग चरण में शेख 1:21.416 के समय से निराशाजनक निचले (17वें) पायदान पर रहे और फाइनल दौर में जगह बनाने में विफल रहे। वह शुक्रवार को पुरुषों की 3,000 मीटर परस्यूट सी2 स्पर्धा में भी विफल रहे थे। ज्योति भी महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 क्वालीफाइंग स्पर्धा में 49.233 के समय से निचले (11वें) स्थान पर रहीं। गुरुवार को वह महिलाओं की 3,000 मीटर परस्यूट सी1-3 क्वालीफाइंग स्पर्धा में निचले स्थान पर रही थीं। दोनों भारतीय रोड साइकिलिंग स्पर्धाओं में भी हिस्सा लेंगे। सी1 से सी5 एकल श्रेणियां हैं जिनमें कृत्रिम अंग या ऊपरी या निचले अंगों की सीमित गतिशीलता वाले एथलीट भाग लेते हैं।

### नौकायान: अनीता-कोंगनापल्ले ने किया क्वालीफाई

**पेरिस।** भारत की स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण कोंगनापल्ले की जोड़ी ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की पैरा रोइंग पीआर3 की मिश्रित युगल स्कल्स रेपेचेज राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल बी के लिए क्वालीफाई किया। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने रेपेचेज राउंड में 7:54.33 मिनट की टाइमिंग के साथ तीसरा स्थान हासिल करने के बाद फाइनल बी के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल बी 1 सितंबर को खेला जाएगा।

## सुकांत सेमीफाइनल और मनदीप क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम ने शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइनल में तथा महिला खिलाड़ी मनदीप कौर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सुकांत कदम ने आज पुरुष एकल एसएच4 ग्रुप चरण में थाईलैंड के सिरिपोंग टीमारोप को सीधे गेम में 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। उन्होंने थाईलैंड के शटलर को 21-12 , 21-12 से हराया। महिला बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने महिला एकल एसएल3 ग्रुप चरण में शानदार जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मनदीप ने मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलिन ऑरेली के खिलाफ पहला गेम 21-23 से हारने के बाद लगातार दो गेम 21-10 और 21-17 से जीते और मैच 2-1 से जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण में भारतीय खिलाड़ी नितेश कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा एवं अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने थाईलैंड के बन्सन मोंगखोन को सीधे गेम में 2-0 से हराया। नितेश कुमार ने मोंगखोन को 21-13 , 21-14 से हराया। वहीं पुरुष एकल एसएल3 ग्रुप चरण के एक अन्य मुकाबले में मनोज सरकार नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके।

चीन के जियानयुआन यांग के खिलाफ 2-0 की जीत के बावजूद मनोज नॉकआउट चरणों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके। उन्हें अपने ग्रुप में तीसरा स्थान मिला। ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी अगले दौर के लिए क्वालीफाई हुए। भारतीय खिलाड़ी तरुण ढिल्लन को आज खेले गए पुरुष एकल के एसएल4 ग्रुप चरण मैच में हार का सामना करना पड़ा। तरुण को फ्रांस के लुकास माजुर ने 2-0 से हराया। इस हार के साथ तरुण का अभियान समाप्त हो गया।

### आज भारत के मुकाबले

- **निशानेबाजी :** मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 (क्वालिफिकेशन) : भारत (सिद्धार्थ बाबू और अवनी लेखरा) दोपहर 1.00 बजे, मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच2 (क्वालिफिकेशन) : श्रीहर्ष देवराड्डी दोपहर 3.00 बजे
- **एथलेटिक्स :** महिलाओं की 1,500 मीटर टी11 (हीट) : रक्षिता राजू दोपहर 1.57 बजे, पुरुषों की गोला फेंक एफ40 (पदक राउंड) : रवि रोंगाली दोपहर 3.12 बजे, पुरुषों की ऊंची कूद टी47 (पदक राउंड) : निषाद कुमार और राम पाल रात 10.40 बजे, महिलाओं की 200 मीटर टी35 (पदक राउंड) : प्रीति पाल रात 11.27 बजे
- **नौकायन :** मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स (फाइनल बी) : भारत (अनीता-नारायण कोंगनापल्ले) दोपहर 2.00 बजे
- **तीरंदाजी : पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा (क्वार्टर-फाइनल) :** राकेश बनाम स्वगुमिलांग (इंडोनेशिया) रात 7.17 बजे
- **बैडमिंटन :** पुरुष एकल एसएल3 (सेमीफाइनल) : कुमार नितेश बनाम डेसुके फुजिहारा (जापान) रात 8.10 बजे
- **टेबल टेनिस : महिलाओं का एकल वर्ग 4 (प्री-क्वार्टरफाइनल) :** भाविना बनाम मार्था वर्डिन (मेक्सिको) रात 9.15 बजे, महिला एकल वर्ग 3 (प्री-क्वार्टरफाइनल) : सोनलबेन पटेल बनाम एंडेला मुजिनिक विंसेटिक (क्रोएशिया) रात 12.15 बजे

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 19 | 14 | 6 | 39 |
| ब्रिटेन | 9 | 8 | 5 | 22 |
| ब्राजील | 7 | 1 | 9 | 17 |
| नीदरलैंड्स | 5 | 2 | 1 | 8 |
| आस्ट्रेलिया | 4 | 3 | 4 | 11 |
| अमेरिका | 3 | 8 | 3 | 14 |
| फ्रांस | 3 | 6 | 8 | 17 |
| इटली | 3 | 4 | 8 | 15 |
| उज्बेकिस्तान | 3 | 2 | 3 | 8 |
| भारत | 1 | 1 | 3 | 5 |

## एनआरएआई ने भारतीय ओलंपिक शूटिंग टीम को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले को भेंट किए नकद पुरस्कार**

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक में तीन कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचने वाली भारतीय ओलंपिक शूटिंग टीम के सदस्यों को शनिवार को सम्मानित किया। यह पहली बार है जब भारत के लिए किसी भी ओलंपिक खेल में शूटिंग में प्राप्त पदकों की संख्या देश द्वारा जीते गए कुल पदकों का आधा हिस्सा है।

समारोह में भारतीय निशानेबाजी दल की पूरी टीम ने भाग लिया जिसमें पदक विजेता मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले शामिल थे। पदक विजेताओं को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जबकि पूरे दस्ते को भारतीय राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यहां एशिया ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह के अलावा मीनाक्षी लेखी, पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री, यशोधरा राजे सिंधिया, पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, डॉ. नरिंदर ध्रुव बत्रा, पूर्व अध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ, अजय पटेल, गगन नारंग, पूर्व डबल ट्रैप विश्व चैंपियन रोंजन सोढ़ी, शिव केशवन सहित खेल जगत की अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल थीं।



### तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारीं सरिता

**पेरिस।** भारतीय महिला तीरंदाज सरिता को शनिवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सरिता को आज खेले गए महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। सरिता को तुर्की की ओज़नूर क्योर ने 145-140 से हराया। इससे पहले सरिता ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन 1/8 एलिमिनेशन राउंड में इटली की सार्ती एलोनोरा की कड़ी चुनौती को पार करते हुए जीत दर्ज की। सरिता ने एलोनोरा को 141-135 के अंतर से हराया। एक अन्य मुकाबले में तीरंदाज शीतल देवी महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन 1/8 एलिमिनेशन राउंड में चिली की जुगिना मारियाना से हार गयी। शीतल देवी को जुनिगा मारियाना ने एक रोमांचक मुकाबले में 137-138 से हराया।

## जडेजा संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक : रोड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने रविंद्र जडेजा को वर्तमान समय का संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक करार दिया और साथ ही पूर्व भारतीय खिलाड़ी सुरेश रैना की भी जमकर प्रशंसा की। क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान क्षेत्ररक्षकों में से एक रोड्स 1992 से लेकर 2003 तक दक्षिण अफ्रीका की तरफ से खेले थे।

संन्यास लेने के बाद रोड्स क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में कई आईपीएल टीमों से जुड़े रहे जिनमें मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स शामिल हैं। रोड्स ने कहा मैं सुरेश रैना का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। इस मामले में मैं भाग्यशाली था क्योंकि मैंने फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट अच्छे मैदानों पर खेली थी। रोड्स को शनिवार को हीरो प्रो कॉरपोरेट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। उन्होंने जडेजा की भी जमकर प्रशंसा करते हुए कहा जडेजा अलग स्तर का क्षेत्ररक्षक है। वह बहुत अधिक गोता नहीं लगाता लेकिन गेंद पर तेजी से झपटता है। गेंद को विकेट पर मारने की उसकी सटीकता कुछ हद तक रिकी पोंटिंग की तरह है। वह सीमा रेखा पर फील्डिंग करता है और सर्कल के अंदर भी फील्डिंग करता है। वह एक संपूर्ण ऑलराउंड क्षेत्ररक्षक है।



जोंटी रोड्स को सम्मानित करते डायरेक्टर सचिन गुप्ता।

- **हीरो प्रो कॉरपोरेट लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर बने जोंटी रोड्स**

## बडोनी ने टी-20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आयुष बडोनी (165) ने 19 छक्कों के साथ किसी टी-20 पारी का नया रिकॉर्ड कायम किया तो वहीं प्रियांश आर्य (120) ने एक ओवर में छह छक्के लगाए जिससे साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग में शनिवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बनाए। यह टी-20 मैच का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी आर्य ने साउथ दिल्ली की पारी के 12वें ओवर में छह छक्के लगाये लेकिन बडोनी ने उनसे ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी की। बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी-20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने अपनी 55 गेंद की पारी में आठ चौके भी लगाये। टी-20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। वामहस्त बल्लेबाज आर्य ने महज 40 गेंद में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी 50 गेंद की पारी में 10 छक्के और इतने ही छक्के जड़े। उन्होंने इस दौरान मनन भारद्वाज के ओवर में छह छक्के लगाए। बडोनी और आर्य ने दूसरे विकेट के लिए 286 रन की साझेदारी कर टी-20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया।



आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य।

- **आर्य ने एक ओवर में लगाए छह छक्के, आयुष ने खेली 165 रनों की पारी**

## जोकोविच अमेरिकी ओपन से बाहर, कोको गॉफ अगले दौर में

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- **नोवाक बोले- यह मैच मेरे लिए किसी बुरे सपने के जैसा रहा**

कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के एक दिन बाद गत चैंपियन नोवाक जोकोविच भी चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही।

अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा ईमानदारी से कहूं तो यह मेरा अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। यह मैच मेरे लिए किसी दुस्वप्न की तरह था। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल पाया। यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। जोकोविच ने 14 बार डबल फॉल्ट किया और वह मैच के दौरान थके हुए नजर आ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के पोपिरिन का मुकाबला अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो से होगा जिन्होंने हमवतन बेन शेन्टन को 4-6, 7-5, 6-7 (5), 6-4, 6-3 से पराजित किया। महिला वर्ग में पिछली चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहला सेट गंवाने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने एलिना स्वितोलिना को हराकर खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। उनका अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा जिन्होंने तीन सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह सुरक्षित की। एम्मा ने मार्टा कोस्ट्युक पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में ही आर्यना सबालेंका ने एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।



### बोपन्ना और युकी भांबरी अगले दौर में बालाजी-आंद्रेओजी की जोड़ी बाहर

**न्यूयॉर्क।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी की जोड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्टिन क्राजिस्क और जीन जूलियन रोजर को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने अमेरिका के क्राजिसेक और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 6-3, 7-5 से हराया। यह केवल दूसरा अवसर है जब भांबरी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचे हैं। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी भी स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया पर 6-2, 6-4 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गई है। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओजी दूसरे दौर में न्यूजीलैंड के माइकल वीनस और ग्रेट ब्रिटेन के नील स्कूपस्की से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और अर्जेंटीना की जोड़ी दूसरे दौर के मैच में 6-7 (4), 4-6 से हार गई।



## बॉलीवुड हलचल

### कंगना रनौत ने लॉन्च किया इमरजेंसी का म्यूजिक एल्बम

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने नई दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय में अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी का म्यूजिक एल्बम लॉन्च किया। जी.वी. प्रकाश कुमार और अर्को प्रावो मुखर्जी द्वारा रचित और मनोज मुंतशिर द्वारा लिखे गए इस एल्बम में गानों और भावपूर्ण धुनों के मिश्रण के साथ 1970 के दशक के सार को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इसमें उदित नारायण, नक्श अजीज और नकुल अभ्यंकर द्वारा गाया गया एक प्रभावशाली गाना सिंहासन खाली करो शामिल है, जिसने पहले ही श्रोताओं के दिलों को छू लिया है। अन्य उल्लेखनीय गीतों में हरिहरन का दिल को छू लेने वाला गीत ऐ मेरी जान, नकुल अभ्यंकर, नीति मोहन और रोमी की विशेषता वाला जोशीला युद्ध गीत शंखनाद कर, मोनाली ठाकुर का मधुर बेकारियां और श्री राम चंद्र द्वारा गाया गया नेतृत्व को श्रद्धांजलि सरकार को सलाम है शामिल हैं। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म इमरजेंसी का संगीत संचित बलहारा और जी वी प्रकाश कुमार द्वारा तैयार किया गया है, जबकि पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा लिखे गए हैं। फिल्म 6 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### बिन्नी एंड फैमिली का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन की आने वाली फिल्म बिन्नी एंड फैमिली का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म बिन्नी एंड फैमिली से अंजिनी धवन बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। जेनरेशन गैप पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। ट्रेलर में अंजिनी के किरदार को उनके दादा यानी पंकज कपूर की भूमिका से काफी अलग दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में वॉयस ओवर होता है, यह सब आपके दादा-दादी से प्यार करने के बारे में है। फिल्म बिन्नी एंड फैमिली के ट्रेलर में तीन पीढ़ी की कहानी को काफी बेहतरीन तरीके से पर्दे पर दिखाया गया है। एक बूढ़े व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ बेटे के घर उससे मिलने और कुछ दिन साथ रहने आते हैं। बेटा और बहू तो साथ रहने में काफी एडजस्ट करते हैं, लेकिन उनकी पोती जो कि फ्रीडम में विश्वास करती है उसे काफी परेशानी होती है। फिल्म बिन्नी एंड फैमिली अंजिनी धवन, पंकज कपूर, हिमानी शिवपुरी, राजेश कुमार, चारू शंकर और नमन त्रिपाठी भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है और फिल्म का निर्माण एकता कपूर ने किया है। वरुण धवन ने कहा बिन्नी एंड फैमिली जैसी फिल्में बननी चाहिए। मैंने तो पिक्चर देखी है और यह बहुत अच्छी है। दादा-दादी के साथ हमारे रिश्ते काफी सुंदर होते हैं। इस फिल्म के लिए मैं बहुत खुश हूं और काफी एक्साइटेड हूं।






### राजकुमार की फिल्म मालिक का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर अपनी आने वाली फिल्म मालिक का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। राजकुमार राव आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म मालिक का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। टिप्स फिल्म्स और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स अब राजकुमार राव को लेकर फिल्म मालिक में पेश करने के लिए तैयार हैं। राजकुमार राव ने फिल्म मालिक के पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। पोस्ट के कैप्शन में राजकुमार राव ने लिखा, मालिक की दुनिया में आपका स्वागत है। शूट शुरू हो चुका है। जल्द ही मुलाकात होगी। फिल्म मालिक का निर्देशन पुलकित कर रहे हैं।

## इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में जीव मिल्खा सिंह दूसरे स्थान पर

**ग्रेटर नोएडा।** टूर्नामेंट के मेजबान जीव मिल्खा सिंह शनिवार को यहां इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में लगातार दूसरा चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर अपना पहला लीजेंड्स टूर जीतने के करीब हैं। स्वीडन के जोआकिम हाएगमैन शीर्ष पर बने हुए हैं और जीव मिल्खा सिंह उनसे एक स्ट्रोक पीछे हैं। दो दिन के खेल के बाद 52 वर्ष के जीव का कुल स्कोर आठ अंडर 136 है। इस तरह उनके पास घरेलू सरजमीं पर पहली अंतर्राष्ट्रीय जीत दर्ज करने का मौका है। ज्योति रंधावा (68, 72) का 36 होल में कुल स्कोर चार अंडर का है और वह लीडरबोर्ड पर तीसरे स्थान पर हैं। अमनदीप झोल (73, 73) और मुकेश कुमार (74, 72) दो राउंड में दो ओवर में संयुक्त 18वें स्थान से शीर्ष 20 में बने हुए हैं।

### शुभंकर शर्मा ने दूसरे दिन ब्रिटिश मास्टर्स के कट में जगह बनाई

**बेल्फ्राइ (ब्रिटेन)।** डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता भारत के शुभंकर शर्मा दूसरे दिन का समापन बोगी से करने के बावजूद ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर ने दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर किया। उन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर किया था। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर थे। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ओम प्रकाश (71-83) दूसरे राउंड में खराब प्रदर्शन के कारण कट से चूक गए। पहले दौर में 69 का कार्ड खेलने वाले इंग्लैंड के टायरेल हैटन ने दूसरे दौर में सात अंडर पार 65 का स्कोर बनाया जिससे वह एक शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### जापान में तूफान शानशान से छह लोगों की मौत, 125 घायल

**टोक्यो।** जापान में शक्तिशाली तूफान शानशान से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 125 तक पहुंच गयी है तथा एक व्यक्ति लापता बताया गया है। जापान की सार्वजनिक मीडिया संस्था एनएचके ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के आइची प्रांत में भूस्खलन के दौरान लापता हुए पांच लोगों में से तीन की मौत की पुष्टि हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। शिकोकू द्वीप के कामीता शहर में एक और व्यक्ति की मौत हो गई। तूफान के कारण शनिवार को टोक्यो और नागोया के बीच शिंकानसेन ट्रेन सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रही और कई राजमार्ग को भी बंद कर दिया गया है।

### वियतनामी चिकित्सक मैग्सेसे के लिए चुनी गई

**मनीला।** वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए शक्तिशाली रसायन एजेंट ऑरेंज के पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करने वाली एक वियतनामी चिकित्सक को इस वर्ष रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए चुना गया है। विजेताओं की घोषणा शनिवार को की गई, जिनमें ग्रामीण इलाके के गरीबों के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के वास्ते संघर्ष करने वाले चिकित्सकों का एक समूह, एक इंडोनेशियाई पर्यावरण रक्षक, बच्चों के लिए जटिल मुद्दों पर काम करने वाला एक जापानी एनिमेटर और वर्तमान संकटों से उबरने के लिए देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाला एक भूटानी शिक्षाविद शामिल है। पुरस्कार प्रदान करने वाली संस्था के अनुसार, वियतनामी चिकित्सक गुयेन थी नोक फुओंग ने एजेंट ऑरेंज के विनाशकारी और दीर्घकालिक प्रभावों पर व्यापक शोध किया है।

### जर्मनी में एक बस में चाकूबाजी में छह घायल

**बर्लिन।** पश्चिम जर्मनी में एक बस में चाकूबाजी की घटना में छह लोगों के घायल हो जाने के बाद पुलिस ने 32 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में राजनीतिक या धार्मिक मंशा का कोई सबूत नहीं मिला है।

पुलिस ने शुक्रवार शाम को कहा था कि जिन लोगों पर चाकू से हमला किया गया, उनमें तीन की स्थिति नाजुक है। कोलोन शहर के पास सिएगेन में शुक्रवार को शाम करीब सात बजकर 40 मिनट पर यह हमला हुआ। बस एक स्थानीय उत्सव के लिए जा रही थी और उसमें कम से कम 40 लोग सवार थे। पुलिस एवं अभियोजकों ने बताया कि इस हमले में 16 से 30 साल तक के छह स्थानीय लोग घायल हुए जिनमें से तीन को उपचार के बाद शनिवार सुबह अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

### 10 देशों के लिए मानवीय सहायता जारी की

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने अफ्रीका, पश्चिम एशिया, एशिया और कैरिबियाई क्षेत्र के दस देशों में आपात मानवीय स्थितियों से निपटने के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि शुक्रवार को जारी की। केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (सीईआरएफ) की ओर से जारी नयी सहायता में से एक-तिहाई से ज्यादा धनराशि यमन (दो करोड़ अमेरिकी डॉलर) और इथोपिया (डेढ़ करोड़ अमेरिकी डॉलर) को जाएगी। म्यांमा (1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर), माली (1.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर), बुर्किना फासो (एक करोड़ अमेरिकी डॉलर), हैती (90 लाख अमेरिकी डॉलर), कैमरून (70 लाख अमेरिकी डॉलर) और मोजाम्बिक (70 लाख अमेरिकी डॉलर), बुरुंडी और मलावी के लिए क्रमशः 50 लाख अमेरिकी डॉलर और 40 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि जारी की गई है।

# साइबर स्कैम केंद्रों से 47 भारतीयों को बचाया

वियंतियाने, एजेंसी

- भारतीय मिशन ने अब तक लाओस से 635 भारतीयों को बचाकर वापस भारत भेजा

लाओस में साइबर स्कैम केंद्रों में फंसे 47 भारतीयों को बोकेओ प्रांत से बचाया गया। दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्राधिकारी नागरिकों को लाओस में फर्जी नौकरी की पेशकश के प्रति सतर्क करते हुए उनसे धोखाधड़ी से बचने के लिए हर सावधानी बरतने का आग्रह कर रहे हैं। भारतीय मिशन ने अब तक लाओस से 635 भारतीयों को बचाया है और उनकी सुरक्षित भारत वापसी सुनिश्चित की है।

लाओस में भारतीय दूतावास के एक बयान में कहा कि नए मामले में, दूतावास ने बोकेओ प्रांत में गोल्डन ट्राइंगल विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में साइबर स्कैम केंद्रों में फंसे 47 भारतीयों को बचाया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किये गये भारतीय दूतावास के इस बयान में कहा गया है, इनमें से 29 को गोल्डन ट्राइंगल एसईजेड में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई के बाद लाओस के अधिकारियों ने दूतावास को सौंप दिया था, जबकि अन्य 18 ने संकट में होने को लेकर दूतावास से संपर्क किया था। इसमें कहा गया है कि दूतावास के अधिकारी स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने के लिए राजधानी वियंतियाने से बोकेओ गए थे। बयान में कहा गया है कि लाओस में भारत के राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने समूह के आगमन पर मुलाकात की।

अद्भुत दृश्य



भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में एक जंगल में मोरनी की छाया। ● एजेंसी

# आईएसआई की आतंकी समूहों के साथ मिलीभगत

वाशिंगटन, एजेंसी



- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने किया खुलासा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एच आर मैकमास्टर ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि आतंकवादी समूहों के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) की मिलीभगत है। मैकमास्टर ने खुलासा किया कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के दौरान उनके कार्यकाल में व्हाइट हाउस को इस्लामाबाद को सुरक्षा सहयोग मुहैया कराने को लेकर विदेश विभाग और पेंटागन के विरोध का सामना करना पड़ा था।

मैकमास्टर ने कहा कि ट्रंप ने पाकिस्तान को तब तक सभी सहायता रोकने का आदेश दिया था, जब तक वह आतंकवादियों को सुरक्षित पनाह मुहैया कराना बंद नहीं करता, लेकिन इसके बावजूद तत्कालीन रक्षा मंत्री जिम मैटिस इस्लामाबाद को एक सैन्य सहायता पैकेज देने की योजना बना रहे थे, जिसमें 15 करोड़ डॉलर से अधिक के बख्तरबंद वाहन शामिल थे। मैकमास्टर ने ए वार विद आवरसेल्फ : माय टूर ऑफ ड्यूटी इन द ट्रंप व्हाइट हाउस नामक पुस्तक में ये टिप्पणियां की हैं।

# हसीना का प्रत्यर्पण संबंधों में नई शुरुआत के लिए अहम : मिर्जा

## बीएनपी के महासचिव बोले- मतभेदों को दूर करने को तैयार

ढाका, एजेंसी



- आश्वासन दिया कि बांग्लादेशी सरजमीं पर भारत विरोधी गतिविधि को अनुमति नहीं दी जाएगी
- सत्ता में आने पर बीएनपी विवादित अडाणी बिजली समझौते की समीक्षा और पुन: मूल्यांकन करेगी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करना महत्वपूर्ण है, जो पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के साथ शुरू होना चाहिए, क्योंकि भारत में उनकी निरंतर उपस्थिति द्विपक्षीय संबंधों को और नुकसान पहुंचा सकती है। बीएनपी में दूसरे नंबर के नेता आलमगीर ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी भारत के साथ मजबूत संबंधों की इच्छुक है। उन्होंने कहा कि वह पिछले मतभेदों को दूर करने और सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

आलमगीर ने आश्वासन दिया कि बीएनपी बांग्लादेशी सरजमीं पर ऐसी किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देगी, जिससे भारत की सुरक्षा को खतरा पैदा हो। एजेंसी को दिए साक्षात्कार में आलमगीर ने कहा कि अगर बीएनपी सत्ता में आती है, तो वह आवामी लीग सरकार के दौरान हुए विवादित अडाणी बिजली समझौते की समीक्षा और पुनः मूल्यांकन करेगी। उन्होंने दावा किया कि यह भारत की कूटनीतिक विफलता है कि वह बांग्लादेश के लोगों की मानसिकता को समझने में नाकाम रहा।

### शेख हसीना के खिलाफ हत्या के दो नए मामले दर्ज



**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण सुधार विरोधी प्रदर्शन के दौरान दो बीएनपी कार्यकर्ताओं सहित तीन लोगों की मौत को लेकर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ हत्या के दो नये मामले दर्ज किये गये हैं। शुक्रवार को ढाका की अदालतों में ये दोनों मामले दर्ज किये गये जो 76 वर्षीय हसीना के खिलाफ दर्ज विभिन्न मामलों में नवीनतम मामले हैं। डेली स्टार अखबार ने खबर दी है कि इन दोनों मामलों के साथ ही हसीना के विरुद्ध दर्ज मामले 84 हो गये हैं जिनमें हत्या के आरोप के 70, मानवता के विरुद्ध अपराध एवं नरसंहार के आरोप के आठ, कथित अपहरण के तीन तथा अन्य आरोपों के तीन मामले शामिल हैं।

### बाढ़ से मृतकों की संख्या 59 हुई, 54 लाख लोग प्रभावित

**ढाका।** बांग्लादेश में आई विनाशकारी बाढ़ से देश के 11 जिलों में करीब 54 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में छह महिलाओं और 12 बच्चों सहित कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय ने बाढ़ की स्थिति पर अद्यतन जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अधिक मौतें कुमिल्ला और फेनी जिलों में हुई हैं, जो कि भारत के पूर्वोत्तर भाग में त्रिपुरा की सीमा से सटे हैं। मंत्रालय के मुताबिक दोनों जिलों में क्रमशः 14 और 23 लोगों की मौत हुई है। सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संघथा (बीएसएस) ने आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय के अधिकारियों के हवाले से बताया, बाढ़ से 11 जिलों के 504 यूनियन और नगर पालिकाओं में 54,57,702 लोग प्रभावित हुए हैं। करीब सात लाख परिवार अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं, जबकि करीब चार लाख लोग 3,928 राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। खबर के मुताबिक कुल 36,139 मवेशियों को भी वहां आश्रय दिया है।

## रूस में 22 लोगों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर लापता

**मास्को।** रूस के पूर्वी इलाके में शनिवार को लापता हुए हेलीकॉप्टर की तलाश में बचावकर्मी जुटे हुए हैं। इस हेलीकॉप्टर में 22 यात्री सवार थे। रूस की संघीय हवाई परिवहन एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एमआई-8 हेलीकॉप्टर ने कामचटका क्षेत्र में वाचकाझेत्स ज्वालामुखी के निकट से उड़ान भरी थी, लेकिन वह निर्धारित समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचा। एजेंसी के अनुसार, माना जाता है कि इस हेलीकॉप्टर में 19 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे। एमआई-8 दो इंजन वाला हेलीकॉप्टर है जिसे 1960 के दशक में डिजाइन किया गया था। इसका इस्तेमाल रूस में व्यापक रूप से किया जाता है, जहां अकसर दुर्घटनाएं होती रही हैं। इसके अलावा पड़ोसी देशों और कई अन्य देशों में भी एमआई-8 हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाता है।

# केदारनाथ में ड्रॉप किया हेलीकॉप्टर नदी में गिरा

ब्यूरो, देहरादून/रुद्रप्रयाग

**अमृत विचार :** वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर से निजी कंपनी के हेलीकॉप्टर को मरम्मत के लिए ले जा रहा था। इस बीच तेज हवाओं की वजह से वायु सेना के विमान का संतुलन बिगड़ा तो हेलीकॉप्टर को घाटी में ड्रॉप करना पड़ा, जिससे हेली छिटक कर नदी में जा गिरा। पर्यटकों की बनाई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, क्रिस्टल एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर 24 मई को केदारनाथ में खराब हो गया था। शनिवार की सुबह सात बजे खराब हेलीकॉप्टर को वायर से बांधने के बाद लिफ्ट कर एमआई-17 ने गौचर के लिए उड़ान भरी। इस बीच तेज हवाओं की वजह से हेलीकॉप्टर हिलने लगा, जिससे वायु सेना का विमान असंतुलित होने लगा। खतरे को देखते हुए पायलट ने खाली स्थान देखकर हेलीकॉप्टर को एक घाटी में ड्रॉप कर दिया। इससे हेलीकॉप्टर नदी में गिर गया। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कोई यात्री या समान नहीं था। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई।



- मरम्मत के लिए ले जाया जा रहा था निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर

## निवेश के मामले में पाकिस्तान के अलग-थलग पड़ने का खतरा

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि पाकिस्तान के (निवेश के मामले में) अलग-थलग पड़ने का खतरा है क्योंकि राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद ने अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर ला दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान (71) ने शुक्रवार को कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की नाजुक अर्थव्यवस्था पाकिस्तान के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है, लेकिन खुफिया एजेंसियां एक राजनीतिक पार्टी को निशाना बनाने में व्यस्त हैं। खान ने अदालती कार्यवाही में भाग लेने के बाद कहा कि संघीय दल होने के नाते उनकी पार्टी इस गंभीर स्थिति से निपट सकती है, क्योंकि अन्य सभी राजनीतिक दल अपने क्षेत्रों तक सीमित हैं। कहा कि राजनीतिक दल देश को एकजुट कर सकते हैं।

# ट्रंप के निजी हमले जारी, हैरिस को बेकार कहा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस पर निजी हमला करते हुए उन्हें बेकार कहा है। हैरिस (59) द्वारा गुरुवार को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में सीएनएन के साथ अपने पहले बड़े साक्षात्कार के बाद ट्रंप ने उनपर हमले किए हैं।




भारतवंशी हैरिस अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं। उनका मुकाबला ट्रंप (78) से होगा।

ट्रंप ने शुक्रवार को मॉम्स फॉर लिबर्टी नामक एक रूढ़िवादी गैर-लाभकारी संस्था की वार्षिक सभा में कहा, मुझे लगता है कि अगर वह सिर्फ साक्षात्कार देतीं तो बेहतर होता, भले ही वे बहुत अच्छे न होते, लेकिन बेहतर होता... क्योंकि अब हर कोई देख रहा है और अब हम देख रहे हैं कि वह बेकार हैं। कहा, हमें अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में एक और बेकार शख्स की आवश्यकता नहीं है।

### ट्रंप ने सुनवाई, सजा रोकने का अनुरोध किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकीलों ने एक पॉर्न स्टार को चुप रहने के लिए पैसे देने से जुड़े आपराधिक मामले में कार्यवाही रोकने और अगले महीने के लिए निर्धारित सजा सुनाने की प्रक्रिया को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का अदालत से अनुरोध किया।

## रूस पर यूक्रेन के हमले में 5 की मौत

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोड क्षेत्र पर यूक्रेनी सेना के हमले में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 37 अन्य घायल हो गए। यह जानाकारी क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने शुक्रवार शाम अपने टेलीग्राम चैनल पर दी। ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने बेलगोरोड शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों पर गोलाबारी करने के लिए वैम्पायर मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम से क्लस्टर बमों का उपयोग किया। गवर्नर ने कहा कि एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले एक महिला और चार पुरुषों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ग्लैडकोव ने कहा कि यूक्रेनी हमले में छह बच्चों समेत कुल 37 नागरिक घायल हुए। उन्होंने कहा कि सभी घायलों को इलाज के लिए बेलगोरोद की चिकित्सा सुविधाओं में भर्ती किया गया है।

# फिलीपींस के जहाज पर जानबूझकर चीनी पोत को टक्कर मारने का आरोप

ताइपे, एजेंसी

- चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता के हवाले से बयान जारी
- शनिवार दोपहर लगभग 12 बजकर 6 मिनट पर हुई घटना

चीन ने शनिवार को फिलीपींस के एक तटरक्षक जहाज पर जानबूझकर चीनी जहाज को टक्कर मारने का आरोप लगाया, जो दक्षिण चीन सागर में विवादित जल क्षेत्र को लेकर तनाव की ताजा घटना है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता लियू देजुन के हवाले से कहा गया कि पतवार संख्या 9701 वाला फिलीपींस जहाज शनिवार दोपहर लगभग 12 बजकर 6 मिनट पर चीन के जहाज-5205 से टकरा गया।

लियू ने दावा किया कि फिलीपींस के जहाज ने चीनी तटरक्षक जहाज को खतरनाक तरीके से जानबूझकर टक्कर मारी। बिना अधिक विवरण दिए उन्होंने कहा कि चीनी जहाज नियमानुसार संचालित हो रहा था। चीन अपनी सेना का तेजी से विस्तार कर रहा है और लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा जताने में वह लगातार मुखर होता जा रहा है। यह जलक्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है। जलक्षेत्र में तनाव के कारण टकराव की घटनाएं बढ़ रही हैं, खास तौर पर फिलीपींस के साथ, जिसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका संधिबद्ध है।

### जापान की समुद्री सीमा में चीनी जहाज घुसे, विरोध

**तोक्यो।** जापान ने शनिवार को अपनी समुद्री सीमा में एक चीनी सर्वेक्षण पोत के घुसने का आरोप लगाया और इस सिलसिले में यहां चीनी दूतावास के माध्यम से अपना औपचारिक विरोध दर्ज कराया। जापान के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने जापान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत कागोशिमा में इस जहाज के नजर आने के बाद कड़ी चिंता प्रकट की। जापान के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे उसकी समुद्री सीमा में यह चीनी जहाज दिखा जो आठ बजे से कुछ समय पहले वहां से चला गया। इस चीनी जहाज पर जापानी सैन्य जहाज एवं विमान की नजर थी। हाल में, जापानी समुद्री सीमा एवं हवाई क्षेत्र के इर्द-गिर्द चीन की बढ़ती गतिविधि से जापान के रक्षा अधिकारी चिंतित हैं।

## अदन की खाड़ी में जहाज को निशाना बनाकर मिसाइल हमला

**दुबई।** अदन की खाड़ी में शुक्रवार देर शाम एक जहाज को निशाना बनाकर दो मिसाइल दागी गईं, जो पास के जल क्षेत्र में गिरीं। प्राधिकारियों ने इस हमले के पीछे यमन के हूती विद्रोहियों का हाथ होने की आशंका जताई है। इस हमले से पहले हूती विद्रोहियों ने यूनान के झंडे वाले एक तेल टैंकर में घुसकर उसमें विस्फोटक रखे थे, जिससे बाद में उसमें कई विस्फोट हुए थे। टैंकर में विस्फोट से लाल सागर में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। हूती विद्रोहियों द्वारा पिछले कुछ समय में पोत को निशाना बनाकर हमलों से एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर के उस सामान की आपूर्ति बाधित हुई है, जो इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर हर साल गाजा पट्टी में लाल सागर के जरिये भेजा जाता है।

# आईएस के आतंकियों पर किए गए हमले में 15 लोगों की मौत

बगदाद, एजेंसी

- अमेरिका सेना ने बताया कि हमले में सात अमेरिकी सैनिक भी घायल

इराक के पश्चिमी क्षेत्र में इराक और अमेरिकी बलों द्वारा इस्लामिक स्टेट समूह के संदिग्ध आतंकवादियों को निशाना बनाकर किए गए हमलों में 15 लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमेरिका सेना ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि इस हमले में सात अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं।

इराक और सीरिया में आतंकवादियों को उनके स्वघोषित खिलाफत से बेदखल करने के बाद अमेरिकी सेना की इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से लड़ाई वर्षों से जारी है। बहरहाल, हमले में शुक्रवार को हताहत हुए लोगों की संख्या अन्य हमलों की तुलना में अधिक है।

अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने कहा कि आतंकवादी कई हथियारों, ग्रेनेड और विस्फोटक आत्मघाती बेल्ट से लैस थे। इराकी बलों ने कहा कि यह हमला देश के अनबर रेगिस्तान में किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा, इस अभियान का लक्ष्य पूरे क्षेत्र और उसके परे भी इराकी नागरिकों, अमेरिकी नागरिकों, सहयोगियों और साझेदारों के खिलाफ हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने की इस्लामिक स्टेट के शीर्ष आतंकवादियों की क्षमता को बाधित करना या कमजोर करना था। इराकी सेना ने एक बयान में कहा, हवाई हमलों में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया।

# ब्राजील में एक्स को किया निलंबित

रियो डी जनेरियो, एजेंसी

- ब्राजीलियाई सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की कार्रवाई

ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को पूरे देश में निलंबित करने का आदेश दिया, क्योंकि कंपनी ने देश में कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करने से इनकार कर दिया था। बुधवार को न्यायाधीश मोरेस ने एक्स को एक प्रतिनिधि नामित करने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी थी। एक्स ने 17 अगस्त को अपना ब्राज़ील कार्यालय बंद कर दिया, यह दावा करते हुए कि उसके पूर्व कानूनी प्रतिनिधि को हिरासत में लेने की धमकियां दी गई थीं।

तख्तापलट संबंधित सामग्री को बढ़ावा देने या लोकतंत्र को कमजोर करने वाले प्रोफाइल को हटाने के अदालती आदेशों का पालन करने से प्लेटफॉर्म द्वारा मना करने पर एक्स का कई महीनों से न्यायाधीश मोरेस के साथ संघर्ष चल रहा था। ब्राज़ीलियाई सुप्रीम फ़ेडरल कोर्ट ने एक्स को गैर-अनुपालन के लिए लगभग 32 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया।

### जजों के अपराधों को उजागर करने की कसम खाई



**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि वह ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश अलेक्जेंडर डी मोरेस के कथित अपराधों को उजागर करेंगे, जिन्होंने सोशल मीडिया नेटवर्क एक्स को पूरे देश में निलंबित करने का आदेश दिया है। मस्क ने एक्स पर लिखा, हम कल से न्यायाधीश के अपराधों की लंबी सूची प्रकाशित करना शुरू करेंगे। साथ ही, ब्राजील के उन विशिष्ट कानूनों को भी, जिन्हें उन्होंने कल तोड़ा है। जाहिर है, उन्हें अमेरिकी कानून का पालन करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उन्हें अपने देश के कानूनों का पालन करने की आवश्यकता है। न्यायाधीश मोरेस ने 20 करोड की आबादी वाले देश में इंटरनेट प्रदाताओं को एक्स तक पहुंच को अवरुद्ध करने का निर्देश दिया।

खगोल विज्ञान


## आदित्य एल 1 के बाद इंसिस्ट अंतरिक्ष दूरबीन बनाने जा रहा भारत, हबल को नासा व ईसा द्वारा स्थापित किया गया था

# हबल दूरबीन को टक्कर देने की तैयारी में जुटा इसरो

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इंसिस्ट अंतरिक्ष दूरबीन के जरिये इसरो नासा की हबल दूरबीन को टक्कर देने की तैयारियां करने में लगा है। इंडियन भारतीय स्पेक्ट्रोस्कोपी व इमेजिंग स्पेस टेलेस्कोप (इंसिस्ट) हबल की तुलना में कहीं अधिक बेहतर परिणाम देगी। मिशन को केंद्र सरकार की हरी झंडी का इंतजार है।

हबल को वर्ष 1995 में नासा व ईसा द्वारा स्थापित किया गया था। यह दूरबीन ब्रह्मांड की खोज खबर करने वाली स्पष्ट दूरबीन है। जिसने अभी तक दिए परिणामों में अंतरिक्ष की कलई खोलने में महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है। अब तक अंतरिक्ष के दर्जनों रहस्य उजागर, इस दूरबीन के जरिये हुए हैं। इसकी अपार सफलता के बाद ईसा व नासा ने जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का निर्माण किया और 2021 में अंतरिक्ष में स्थापित किया। वेब के आने के बाद तो खगोलीय अध्ययन की दुनिया में क्रांति आ गई। वेब ने करीब ढाई साल की अवधि में ब्रह्मांड के अनेक राज खोलकर रख दिए।



इसरो के एस्ट्रोसैट द्वारा ली गई आकाशगंगा की एक तस्वीर।

### एरीज साइंस की भूमिका निभाएगा

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र यादव ने बताया कि इस मिशन में एरीज की भूमिका तय हो चुकी है, जो दूरबीन स्थापित होने के बाद इंसिस्ट से आने वाले डेटा के परिणाम उजागर करेगा। उनका कार्य विज्ञान के पहलुओं पर आधारित होगा। यह बेहद महत्वपूर्ण कार्य होगा। इस कार्य का जिम्मा एरीज को सौंपा जाना बड़ी बात है। सूर्य में भारत के पहले मिशन आदित्य एल 1 में भी एरीज डेटा के विश्लेषण का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहा है। इसके साथ ही वह इंसिस्ट के आंकड़ों का भी विश्लेषण करेगा।

वेब की सफलता भी हमारी कल्पना से परे की बात है। इस दूरबीन से साबित हो गया कि इंसान ब्रह्मांड को समझने में ज्यादा समय नहीं लगाएगा। इस मुहिम में अब भारत भी शामिल होने जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो अंतरिक्ष दूरबीन बनाने जा रहा है। दूरबीन की योजना तैयार हो चुकी है और प्रस्ताव भेजा चुका है। इस दूरबीन के निर्माण में देश की कई अंतरिक्ष एजेंसिया सामूहिक योगदान देंगी। साथ ही कुछ निजी कंपनियों का सहयोग लिया जाएगा। वैज्ञानिकों का दावा है कि यह दूरबीन हबल की तुलना में कही अधिक कारगर साबित होगी।